हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




**शक्ति परीक्षण:** वक्फ संशोधन बिल पर दोपहर 12 से रात 12 बजे तक चली मैराथन चर्चा

भोपाल में मुस्लिम महिलाओं ने बिल के समर्थन में पोस्टर लहराए

# वक्फ संशोधन बिल रात 2 बजे 'पारित' पक्ष में 288 और विपक्ष में पड़े 232 वोट

मतविभाजन के बाद गठबंधन की टूटी उम्मीद, रिजिजू ने कहा-विपक्ष के 12 बजे

विपक्ष के सुझाए गए संशोधन एक एक करके अस्वीकार किए गए

## वोटिंग के दौरान लॉबी को पूरी तरह से बंद रखा गया

## कुछ विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर आए थे

संसद में प्रियंका गांधी समेत कुछ विपक्षी सांसद मौजूद नहीं थे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संशोधित वक्फ विधेयक बुधवार को लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने पेश कर दिया। इस बिल पर दोपहर 12 से रात 12 बजे तक मैराथन चर्चा चली। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वोटिंग कराने की कोशिश करते हुए उन्होंने ▸▸ शेष पेज 4 पर

रिजिजू ने सदन में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। यह विधेयक सिर्फ संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा है और इसका मंदिर या मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल के प्रबंधन से कोई लेना-देना नहीं है।



### वक्फ बोर्ड में कौन-कौन होगा?

- शिया, सुन्नी, बोहरा, पिछड़े मुस्लिम, महिलाएं और विशेषज्ञ गैर-मुस्लिम भी होंगे
- अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं
- उनमें से 2 महिला सदस्य अनिवार्य हैं

### राज्यसभा में आज आएगा वक्फ विधेयक... विपक्षी विरोध के बावजूद पास होने का रास्ता साफ

वक्फ संशोधित विधेयक लोकसभा से पारित होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश होने की संभावना है। देर शाम तक हालांकि राज्यसभा की कार्यवाही की बुलेटिन जारी नहीं हो हुई थी उसके बाद भी पक्ष, विपक्ष के दलों ने अपने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने का व्हिप जारी कर दिया। राज्यसभा में भाजपानीत राजग सरकार अल्पमत में है इसीलिए ये देखना दिलचस्प होगा कि धारा 370 का मामला रहा हो या फिर सीएए का विपक्ष की तमाम घेरेबंदी को तोड़ते हुए अपने बेहतरीन फ्लोर मैनेजमेंट से अल्पमत में रहते ▸▸ शेष पेज 4 पर



### जेपीसी के सामने ये हुआ?

- विभिन्न समुदायों के राज्य धारकों के कुल 284 प्रतिनिधिमंडलों ने समिति के समक्ष अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए
- 25 राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के वक्फ बोर्डों ने भी अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की

भोपाल में वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में जबरदस्त आतिशबाजी

# मुस्लिम महिलाओं ने कहा-थैंक्यू मोदीजी

कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद बोले- समर्थन करने वाली महिलाएं स्पॉन्सर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल /लखनऊ

संसद में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश किया गया। भोपाल में इसके समर्थन में कुछ मुस्लिम महिलाओं और युवकों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। आनंदपुरा और कोकता इलाके में बुर्का पहनी मुस्लिम महिलाएं हाथों में गुलाब थामे थीं। वे 'थैंक्यू, मोदी जी' और 'वी सपोर्ट मोदी जी' लिखी तख्तियां लिए थीं। भोपाल के हथाई खेड़ा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### *अलीगढ़ में भी मुस्लिम समुदाय ने मनाया जश्न*

*वहीं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्न मनाया। शहर में एक खास उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। अलीगढ़ के मुस्लिम समुदाय के जिम्मेदार नागरिकों ने शहर के प्रमुख स्थान, तस्वीर महल चौराहे पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन एक तरह का खुशी का इजहार था, जिसमें समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में मुस्लिमों द्वारा जश्न मनाए जाने की खबर है।*

### राज्यसभा: बिल पास होने के लिए

**119** वोटों की जरूरत

एनडीए- **125**
इंडिया गठबंधन- **105**

### देश में वक्फ की संपत्तियां


अचल- **8,65,644**
जमीन- 9.4 लाख एकड़
जमीन की कीमत- 1.2 लाख करोड

वक्फ की जमीन इतनी है कि दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं

- देश के पांच राज्यों में वक्फ के पास सबसे ज्यादा संपत्तियां हैं और ये राज्य हैं- उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल
- मध्य प्रदेश में ही वक्फ बोर्ड की 15008 संपत्तियां

**केंद्रीय मंत्री अमित शाह बोले**

## 2013 में रातों-रात तुष्टिकरण करने के लिए वक्फ को एक्स्ट्रीम बना दिया



वक्फ बिल पर बहस के दौरान संसद में बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2013 में रातों-रात तुष्टिकरण करने के लिए वक्फ को एक्स्ट्रीम बना दिया। इसके कारण दिल्ली लुटियंस की 123 सरकारी संपत्ति वक्फ को देने का काम किया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने उत्तरी रेलवे की भूमि वक्फ के नाम घोषित कर दी। हिमाचल प्रदेश में वक्फ की संपत्ति बताकर उस पर अवैध मस्जिद बनाने का काम किया गया। तमिलनाडु में 1500 साल पुराने मंदिर की जमीन वक्फ को दे दिया गया।

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे बोले

### क्या बाला साहेब जीवित होते तो यही बोलते?



शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि आप (केंद्र) इस विधेयक के जरिए किसी के साथ न्याय नहीं करना चाहते। अब आपको सिर्फ बिहार चुनाव ही नजर आ रहे हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि मैं यूबीटी से एक सवाल पूछना चाहता हूं, उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना चाहिए कि क्या वे बालासाहेब (ठाकरे) जीवित होते तो भी यही बोलते? आज यह स्पष्ट है कि यूबीटी आज किसकी विचारधारा को अपना रही है और इस विधेयक का विरोध कर रही है।

### आपके दल में कितने अल्पसंख्यक सांसद?

गोगोई ने संसद में भाजपा से सवाल किया कि आपके दल में कितने अल्पसंख्यक सांसद हैं? उन्होंने कहा कि अगर आज मुसलमानों की संपत्ति पर ध्यान दिया जा रहा है, तो कल किसी और समुदाय की जमीनें भी निशाने पर आ सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर कानूनी विवाद बढ़ाना चाहती है ताकि अल्पसंख्यकों को अलग-थलग किया जा सके। उन्होंने क्लॉज 29 एल का उदाहरण देते हुए सवाल किया कि क्या यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) का इस्तेमाल केवल एक समुदाय के खिलाफ किया जाएगा या सभी पर समान रूप से लागू होगा?

### हाईकोर्ट की भूमिका पर भ्रम फैला रही सरकार

गोगोई ने दावा किया कि 2013 के संशोधन के बाद से हाईकोर्ट की भूमिका स्पष्ट है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां उन्होंने कितनी बार वक्फ से जुड़े मामलों में सेक्शन 97 का इस्तेमाल किया?

*विपक्ष के उपनेता गोगोई ने कहा...*

## ईद पर नमाज तक नहीं पढ़ने दी, अब मुसलमानों की चिंता?

लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई ने सरकार पर संविधान के मूल ढांचे पर हमला करने का आरोप लगाया। गोगोई ने कहा कि रिजिजू ने यूपीए सरकार को लेकर जो भी बातें कहीं, वे पूरी तरह से झूठ हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार अपने बयान को प्रमाणित करे। उन्होंने कहा, यह विधेयक देश के संघीय ढांचे और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला है। सरकार का उद्देश्य भ्रम फैलाना और समाज को बांटना है। गोगोई ने सवाल उठाया कि जब ईद के दौरान लोगों को खुले में नमाज ▸▸ शेष पेज 4 पर



**ओपन एआई का एक और कमाल**

## 300 बिलियन डॉलर हुई सैम ऑल्टमैन की कंपनी की नेट वर्थ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ सैमसंग जैसे दिग्गजों को भी पछाड़ा

सोफ्ट बैंक के साथ 40 बिलियन डॉलर की फंडरेजिंग डील करने के बाद ओपन एआई दुनिया की सबसे वैल्यूड कंपनी बन गई है। जी हां, सैम ऑल्टमैन की ओपन एआई की नेट वर्थ 300 बिलियन डॉलर हो गई है। सबसे वैल्यूएबल कंपनी में एलन मस्क की स्पेस एक्स नंबर एक पर है। जबकि टिक टॉक की पेरेंट कंपनी वाइट डांस दूसरे नंबर पर है। इस डील के बाद, ओपन एआई कई दूसरी बड़ी दिग्गज कंपनियों से आगे निकल गई है।



पिछड़ने वाली कंपनियों में शैवरॉन (294 बिलियन डॉलर), सेल्स फोर्स (257 बिलियन डॉलर), मैक डोनाल्ड (223 बिलियन डॉलर), पेप्सिको (205 बिलियन डॉलर) और सैमसंग (263 बिलियन डॉलर) शामिल ▸▸ शेष पेज 4 पर

**सिद्धि विनायक मंदिर की रिकॉर्ड कमाई**


## सालभर में 133 करोड़ से भरा मंदिर का 'खजाना'



मंदिर को सोना-चांदी से 7 करोड़ दान, दान पेटी से प्राप्त नकदी 98 करोड़, अन्य स्त्रोत जैसे पूजा बुकिंग और प्रसाद से 10 करोड़ मिले

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आम लोग से लेकर खास तक प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में मत्था टेकने आते हैं। लेकिन, इस मंदिर की कमाई जबरदस्त हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सिद्धिविनायक मंदिर में 133 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कमाई हुई, जो सालाना तौर पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई है। बेला जयसिंघानी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 के दौरान 114 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी, ▸▸ शेष पेज 4 पर





# स्वर्ण मंदिर सा दमक रहा मां काली का मंदिर....

*भोपाल। राजधानी में चैत्र नवरात्रि पर घरों में घट स्थापना के साथ मंदिरों में भी शक्ति की पूजा हो रही है। ऐसे में राजधानी में मां के मंदिरों पर आकर्षक लाइटिंग की गई है, जिससे वे जगमगा रहे हैं। चित्र तलैया के काली मंदिर का है, जो रात में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर सा दमक रहा है। इसकी आभा चारों ओर बिखरी दिखाई दे रही है।*

सौजन्यः अरुण जी पिल्लई

# साकेत नगर के पहाड़ी वाले दुर्गा मंदिर में श्रद्धा के साथ नारियल चढ़ाने से पूरी होती है मनोकामना

## परमार समाज के दिलीप सिंह को माता रानी ने सपने में आकर कहा, मेरी प्रतिमा यहां हैं, इसकी स्थापना करो

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के साकेत नगर के पहाड़ी वाले दुर्गा मंदिर में वैसे जो आम दिनों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते है, लेकिन नवरात्रि के दौरान भोपाल व आस-पास के जिलों से भी लोग यहां माता रानी के दर्शन करने पहुंचते हैं। मंदिर को लेकर मान्यता है कि श्रद्धा के साथ नारियल चढ़ाने से मुंहमागी मुराद पूरी होती है। खासकर लोग यहां संतान प्राप्ति की कामना के लिए आते हैं। मंदिर में मां काली, दुर्गा, हनुमान, श्रीगणेश, मंशापूरण माता, भोलेनाथ, राम-जानकी सहित अन्य देवता ब्रिजमान है। यहां पर नवरात्रि में लोग अपनी मनचाही मुराद मांगने पहुंचते है और माता रानी भक्तों की सभी कामनाएं पूरी करती है।



नवरात्रि पर श्रद्धालु मुरादें मांगने पहुंच रहे मां के दर पर





**साल 1965 में किया था मंदिर का निर्माण**



*राजा भोज से जुड़ा मंदिर का इतिहास है। पहले यहां आसपास जंगल था और पास ही में बागसेवनिया खेड़ा था। यहां बने चबूतरे पर एक धर्मध्वजा और एक प्रतिमा विराजमान थी। जहां लोगों पूजा करने पहुंचते थे। मंदिर के पुजारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि पहले यहां पर बागसेवनिया खेडा हुआ करता था। परमार समाज के दिलीप सिंह परमार को माता रानी ने रात के समय उनके सपने में आकर दर्शन दिए और कहा मेरी प्रतिमा यहां हैं। इसकी स्थापना करो। इसके बाद इस जगह पर खुदाई की गई। जहां पर काली मां की मूर्ति निकली। जिसकी वहां पर स्थापना कराई गई। साल 1965 में मंदिर के निर्माण किया गया। पहले यहां आस-पास कोई मंदिर नहीं हुआ करता था। यह एक मंदिर था। जहां पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। यहां मां से मांगी हर मुरादें पूरी होने लगी। आज भी यहां पर दूर-दूर से लोग मां के दर्शन करने आते है। भक्त माता रानी को नारियल और चुनरी अर्पित करते है।*

### कामना होती है पूरी



माता रानी से श्रद्धा-भक्ति से अर्जी लगाने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जब-जब हमारे ऊपर कोई भी संकट या परेशानी आई, तो माता रानी को बताने पर उस समस्या का निदान होता है।

अमित कुमार, भक्त

### माता ने भरी झोली



माता का सच्चा दरबार है और माता रानी अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करती। मेरी कई मनोकमना पूरी हुई। सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रही हूं।

अंजलि झा, भक्त

## खबर संक्षेप

### श्याम नगर से 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा आज

**भोपाल।** जय मां भवानी सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह लगातार 9वें वर्ष हो रहा है। समिति अध्यक्ष कौशल राय ने बताया कि चुनरी यात्रा गुरुवार शाम 4 बजे प्रारंभ होगी। चुनरी यात्रा श्याम नगर से पूजा-अर्चना के बाद माता के जयकारों के साथ रवाना होगी। जो विभिन्न मोगों से होते हुए मां कलिका मंदिर चूना भट्टी पहुंचेगी।

### एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्री श्याम के नाम 13 को

**भोपाल।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 13 अप्रैल को श्री दुर्गा मंदिर शाहजहांनाबाद पर एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्री श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष एड दीपेश श्रीवास्तव ने बताया कि श्री हनुमंत चरण सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजन के आमंत्रण पत्र का विमोचन पुजारी उमा शंकर दुबे, पंडित प्रदीप भार्गव द्वारा करा गया। 13 अप्रैल को शाम 8 बजे मन्दिर में महा आरती, विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### गंदगी और सुरक्षा को लेकर आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के वार्ड 83 में आने वाले बीडीए कॉलोनी प्यारेलाल खंडेलवाल परिसर में साफ-सफाई नहीं होने के कारण वहा रहने वाले लोगों को गंदगी में जीवन यापन करने का मामला संज्ञान में आने पर सीईओ, भोपाल विकास प्राधिकरण को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। यहां रहवसी अव्यवस्थाएं होने से एवं सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से परेशान हैं।

## नवरात्रि पर्व पर राजधानी के मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु, सजाई मां की झांकी

# चैत्र नवरात्रिः जगत जननी मां दुर्गा की पूजा से परम वैभव की प्राप्ति संभव

मां दुर्गा की उपासना साक्षात शिव की उपासना मानी जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में चैत्र नवरात्रि पर्व पर हर तरफ भक्ति का माहौल बना हुआ है। वहीं राजधानी के माता मंदिरों में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने उमड़ रहे हैं। सुबह 4 बजे से ही मंदिरों की घंटी की ध्वनी और माता के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगती है। राजधानी में कई क्षेत्रों में माता की झांकी भी सजाई गई है, जिसे देखने के लिए भक्त पहुंच रहे हैं। वहीं घरों में भक्त नौ दिन का व्रत रख पूजा-पाठ कर रह हैं।

सृष्टि के रचयिता आदि शिव की अर्धांग्नी शिवा से मां दुर्गा और मां काली की उत्पत्ति हुई है। इसलिए मां दुर्गा जो कि शिव-शिवा की प्रतिरूप सर्वश्रेष्ठ महाशक्ति हैं। जिस प्रकार भगवान शिव इस संसार के संहार कर्ता हैं। वैसै ही सत्य सनातन धर्म की रक्षा व अधर्म करने वाले असुरों के संहार हेतु शिवांगी मां दुर्गा का प्राकट्य हुआ है।



हमीदिया अस्पताल के पास सजी झांकी में विराजीं मां की मनमोहक प्रतिमा।

जगत जननी मां दुर्गा की पूजा से परम वैभव की प्राप्ति संभव है। यह कहना है श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के पीठाचार्य पंडित सुशील महाराज का।

सुशील महाराज ने बताया कि मां दुर्गा की उपासना सक्षात शिव और शिवा की उपासना मानी जाती है। मां दुर्गा शप्तशती में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। 'नमो देव्यो महा देव्यै, शिवाय सततं नमः, नमः प्रकत्यै भद्राय नियतः प्रणताः स्मतम'। मां दुर्गा को श्रृष्टि की आदि श्रोत और सव कुछ की नियंत्रक मां दुर्गा को कहा जाता है। सारा संशार उनके चरणों में नतमस्तक होता है।

मां दुर्गा के नौ स्वरूप हैं। नवरात्रि पर्व में रात्रि शब्द जुड़ा है। इसलिए हमारे शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम पर मां दुर्गा के पावन पर्व नवरात्रि को सूर्यास्त के बाद ही रात्रि में हवन पूजा पाठ करके मनाया जाता है। शिवांगी मां जगत जननी मां दुर्गा जी की यथा संभव पूजा अर्चना की जाती है। मां दुर्गा इस संशार की कंण-कंण की प्रत्येक वस्तु की अधिष्ठात्री देवी हैं। समस्त श्रृद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करने में सामर्थ्यवान महाशक्ति हैं।

**लोगों से किया आग्रह**

### नवरात्रि में करें मांसाहार त्याग का संकल्प



श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर बिड़ला मंदिर में श्रीमद्देवी भागवत कथा के दूसरे दिन पं. कृष्णदास पाठक ने बताया कि जब शुंभ निशुंभ ने देवताओं सहित ब्रह्माजी को परास्त कर दिया तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णु की आराधना की। तब भगवान योगनिद्रा में थे तब भगवान की शक्ति के रूप में मां प्रकट होकर उन राक्षसों का वध करती हैं। इसी प्रकार उन्होंने चण्ड और मुंड का वध किया। उन्होंने कहा कि वैसे तो मां दुर्गा सदैव सर्व स्थान पर हैं, परंतु भक्तों की प्रार्थना पर नवरात्रि में नौ दिन रूप बदलकर माता विचरण करती हैं और भक्तों को यथायोग्य वरदान देती हैं। इसी प्रकार नवरात्रि में कन्या भोज में भी जाति न देखकर कन्या मात्र की पूजा का विधान है। मांसाहार के विषय में बताया कि कलयुग में शास्त्रों में बलि देने का विधान बिल्कुल नहीं है, बल्कि बलि देने से मां दुर्गा प्रसन्न नहीं होती। क्योंकि सभी जीव उन्हीं माता की संताने हैं, इसलिए कोई माता नहीं चाहेगी कि उसकी एक संतान दूसरे को मारे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस नवरात्रि के अवसर पर संकल्प लें कि हम मांसाहार का त्याग करेंगे। यही मां दुर्गा के लिए सर्वोत्तम भेंट होगी।



**चल समारोह का जगह-जगह हुए स्वागत**

## श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का निकला गणगौर चल समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के महिला मंडल का गणगौर चल समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। समाज के महामंत्री राजेश सोनी ने बताया कि गणगौर चल समारोह नथमल धर्मशाला, लखेरापुरा से समाज की महिला मंडल की अध्यक्ष शारदा कड़ेल तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष दीपाली सोनी, कोषाध्यक्ष पूजा सोनी के संयोजन में प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए नथमल धर्मशाला में चल समारोह का समापन हुआ। चल समारोह का कई स्थानों पर भव्य स्वागत करते हुए जल एवं ठंडाई वितरित की गई।

**रोटी, गुड़ से निर्मित खीर ग्रहण कर रखा खरना**

## चैती छठ पूजाः आज से 36 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगे व्रतधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुरी समाज का लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा को लेकर शीतल दास बगिया कमला पार्क घाट, पतंजलि परिसर बीडीए कॉलोनी गोदारमऊ, बरखेड़ा सरस्वती मंदिर, बटुकेश्वर मंदिर में सूर्य कुंड की साफ-सफाई की गई। भोजपुरी एकता मंच अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि सत्येंद्र द्विवेदी, शिव वचन प्रजापति, नितिन दरोगा, सत्येंद्र सिंह, विजय सिंह, योगेंद्र सिंह ने दूसरे दिन निर्जला उपवास रख शाम को पूजा कर रोटी, गुड़ से निर्मित खीर, ऋतु फल ग्रहण किया, जिसे खरना कहते हैं। इसके बाद 36



घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा के अध्यक्ष राहुल दुबे और सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि गुरुवार को खटलापुरा घाट पर व्रती डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद 4 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगे।

## श्री दिगंबर जैन विद्यालय समिति के चुनाव छह को, अनिमितताओं के लगाए आरोप

### परिवर्तन पैनल के 15, समर्पण पैनल के 15 और पांच निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री दिगंबर जैन विद्यालय समिति के चुनाव छह अप्रैल को होंगे। चौक विद्यालय परिसर में मतदान होगा। इसके लिए उम्मीदवारों ने तैयारी कर ली है। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को परिवर्तन पैनल के उम्मीदवारों पर वर्तमान पदाधिकारियों से 25 वर्षों का हिसाब मांगा है।

श्री दिगंबर जैन समाज पंचायत एवं ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन हिमांशु का समर्थन मिला है। उनकी देखरेख में परिवर्तन पैनल के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 35 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनी जाएगी, जो अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों को चुनेगी। इधर परिवर्तन पैनल के अलावा आलोक जैन पंचरत्न के नेतृत्व में समर्पण पैनल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वर्तमान में समिति में इसी पैनल का वर्चस्व है। ऐसे में परिवर्तन पैनल के उम्मीदवार पंकज प्रधान, विमल भंडारी सहित अन्य ने आरोप लगाए हैं कि विद्यालय समिति के चुनाव तीन वर्ष में होने थे, जो अब नौ वर्ष बाद क्यों हो रहे हैं।

विद्यालय में छात्रों की संख्या 1700 थी, जो घटकर 250 क्यों रह गई?। 25 वर्षों का समिति के वर्तमान पदाधिकारी हिसाब क्यों नहीं दे रहे? क्या यह चुनाव निष्पक्ष होंगे? परिवर्तन पैनल के उम्मीदवारों को बिना मोबाइल नंबर के वोटरों की सूची क्यों दी गई? ऐसे सात बड़े सवाल कर अनिमितताओं के आरोप लगाए हैं।

वहीं प्रमोद जैन हिमांशु ने कहा कि प्रशासन नियुक्त करने की मांग प्रशासन से की जाएगी। इससे चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सकें। अभी वर्षों से काबिज लोग चुनाव में गड़बड़ी करा सकते हैं। हमें वोटरों के मोबाइल नंबर नहीं मिलने से पूरे शहर में वोटरों तक जाने में बहुत परेशानी हो रही है।

## बुजुर्गों का शॉल श्रीफल से किया सम्मान, मनाई निषादराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में निषादराज जयंती बुधवार को मनाई गई। निषादवंशीय माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, मल्लाह, मझवार कल्याण समिति के बैनर तले आनंदधाम में भगवान निषादराज का पूजन-अर्चन की गई।

इस अवसर पर वृद्ध आश्रम में निवासरत 30 बुजुर्गों को तिलक लगाकर उनके चरण वंदन कर उनका शॉल-श्रीफल से सम्मान



किया गया। आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि श्रीराम-केवट के प्रसंग को जीवंत करते हुए वृद्ध जनों के बीच जयंती मनाई। इस अवसर पर समिति के मुकेश केवट अनिल रायकवार, वीर सिंह रायकवार, रामस्वरूप रायकवार आदि मौजूद रहे।

भोपाल
गुरुवार, 3 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-06
वर्ष : 12, अंक : 02
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 22

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### सरकार मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी : मुख्यमंत्री

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना अत्यंत दुःखद और कष्टदायी है। राज्य सरकार पूरी सक्रियता एवं तत्परता के साथ मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पीड़ितों की सहायता के लिए राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे हैं। मृतकों की पार्थिव देह उनके गृहग्राम एवं परिजन तक पहुंचाने की सभी जरूरी व्यवस्थाएं तेजी से की गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से हादसे का शिकार हुए सभी मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए तथा घायल श्रमिकों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।*

## बनासकांठा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में हरदा-देवास के 20 लोगों की जान गई

# 10 मजदूरों के शव गुजरात से देर रात पहुंचे नेमावर में आज नर्मदा तट पर अंतिम संस्कार

### शव लेने पुलिस-प्रशासन टीम के साथ मंत्री नागर सिंह भी गुजरात गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा/खातेगांव

गुजरात में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में आग हादसे के बाद मृत 10 मजदूरों के शव मध्यप्रदेश लाए जा रहे हैं। हादसा बनासकांठा के नजदीक डीसा में हुआ। सभी मजदूर हरदा और देवास जिले के रहने वाले थे।

इस हादसे में अब तक 20 शव बरामद हुए हैं। इनमें से 18 की पहचान हो गई है। इनमें 5 से 8 साल तक के बच्चे भी हैं। 8 शव हरदा के एक ही परिवार के जबकि 10 देवास जिले के हैं। दो शव ज्यादा जले हैं, जिनकी पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। माना जा रहा है कि ये हरदा के ही हैं। पहले हादसे में 21 मजदूरों



की मौत की बात सामने आई थी। 8 मजदूरों का इलाज चल रहा है। इनमें 3 की हालत गंभीर है। ठेकेदार और हरदा परिवार का एक सदस्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

बिना सिर के क्षत विक्षत मिली दो बॉडी हरदा की महिला और लड़के की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट होगा



मंत्री नागर घायलों से मिलते हुए

### शवों को एमवाय की मॉर्चुरी में रखा गया

गुरुवार को देवास जिले में एक साथ इतने शवों को आइस बॉक्स में रखने की सुविधा नहीं है। इसलिए सभी शवों को इंदौर एमवाय अस्पताल की मॉर्चुरी में रखा जाएगा। गुरुवार सुबह इंदौर से शवों को संदलपुर लाया जाएगा। अंतिम संस्कार नेमावर में नर्मदा तट पर किया जाएगा।

### एल्यूमीनियम व डेक्सट्रिन पाउडर भी बरामद हुआ

बनासकांठा जिले के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने पत्रकारों को बताया कि फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की एक टीम ने एल्यूमीनियम पाउडर के अलावा, गोदाम से पीला डेक्सट्रिन पाउडर भी बरामद किया, जहां पटाखे रखे गए थे। एसपी ने स्वीकार किया कि दोनों पदार्थों का उपयोग पटाखे बनाने के लिए किया जाता है।










षष्ठम : माता कात्यायनी



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

### मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में सीएम डॉ. यादव का बड़ा ऐलान

# अगले तीन वर्ष में मप्र की सभी बसाहटों तक पहुंच जाएगी सड़क

प्रधानमंत्री जन मन योजना में मप्र ने बनाई देश की पहली सड़क

◆ सीएम ने कहा कि सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र में जहां भी बसाहट (आबादी) होगी, सरकार उन सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने जा रही है। यानी अब कोई भी गांव, टोला-मजरा सड़क विहीन नहीं रहेगा। हर गांव तक चमचमाती हुई सड़क जाएगी। सड़कों की जरूरत के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अनिवार्य रूप से लिया जाएगा।

राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में प्रदेश की सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ देगी। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह बात कही। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जनप्रतिनिधियों का भी लेना होगा अभिमत

अब टोला-मजरा सड़क विहीन नहीं रहेगा

सड़कों के संधारण और उन्नयन में भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में मप्र देश में प्रथम



### देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा में

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पांडाटोला से बीजाटोला तक देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में किया गया है। सड़कों के संधारण और उन्नयन के लिए भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में प्रदेश, देश में प्रथम रहा है। प्रदेश में मार्गों के संधारण के लिए वर्ष 2015-16 से लागू ई-मार्ग पोर्टल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई तथा केंद्र सरकार की ओर से इसे संपूर्ण देश में नेशनल ई-मार्ग के रूप में लागू किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी का जताया आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र को 4 सड़क परियोजनाओं की मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने बुधवार को मप्र के लिए 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 4302.93 करोड़ रुपए है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर मप्र को मंजूर की गई इन परियोजनाओं की जानकारी साझा की है।

### मप्र को मिली 4 सड़क परियोजनाओं की सौगात

#### इन सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी

- भोपाल जिले में संदलपुर से नसरुल्लागंज बायपास तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146बी) के 43.200 किमी खंड को 4-लेन में बदलने के लिए 1535.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।
- विदिशा और सागर जिले में राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146) के 10.079 किमी हिस्से को 4 लेन बनाने के लिए 731.36 करोड़ रुपए मंजूरी दी गई है।
- सागर जिले में लहदरा गांव जंक्शन से बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146 से राष्ट्रीय राजमार्ग-44) ग्रीनफील्ड 4-लेन सागर पश्चिमी बायपास (20.193 किमी) के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रीलिम्स एग्जाम की कट ऑफ मार्क्स रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

# एमपी पीएससी मुख्य परीक्षा 2025 पर हाईकोर्ट की रोक

अगली सुनवाई 15 अप्रैल को



हरिभूमि न्यूज ▶▶जबलपुर

मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 पर बुधवार को जबलपुर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रीलिम्स परीक्षा के कैटेगरी वाइज कट ऑफ मार्क्स की रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए हैं। आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस छात्रों को अनारक्षित वर्ग में न चुने जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। एमपी पीएससी ने 5 मार्च 2025 को 158 पदों के लिए प्रारंभिक भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया था।

जिसमें वर्गवार कट ऑफ मार्क्स जारी नहीं किए गए थे। जबकि इससे पहले की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाते रहे हैं। याचिका भोपाल निवासी सुनीता यादव, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कॉमेडियन कामरा ने बैंक कर्मी से मांगी माफी

## कहा-मुझे बहुत खेद है

**मुंबई।** कुणाल कामरा ने बुधवार को एक बैंककर्मी से माफी मांगी, जिसे मुंबई पुलिस द्वारा कॉमेडियन के खिलाफ दर्ज मानहानि मामले में गवाह के रूप में बुलाए जाने के कारण अपनी छुट्टी अधूरी छोड़कर लौटना पड़ा। पुलिस ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित तौर पर कटाक्ष करने के मामले में कॉमेडियन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसी को लेकर शो में शामिल होने वाले बैंकर को गवाह के तौर पर बुलाया गया है। नवी मुंबई के 46 वर्षीय एक बैंक कर्मचारी अपने 17 दिन के अवकाश पर तमिलनाडु और केरल गए थे। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### मंडला में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

## 14-14 लाख की इनामी दो महिला नक्सली ढेर की गईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मंडला जिले में बुधवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में 14-14 लाख रुपए की इनामी दो महिला नक्सली मारी गईं। मौके से एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर), एक साधारण राइफल, ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### सुरक्षा बलों को उनकी बहादुरी और साहस के लिए बधाई : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दोनों नक्सलियों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने कहा कि मैं सुरक्षा बलों को उनकी बहादुरी और साहस के लिए बधाई देता हूं। यह सफलता निश्चित रूप से पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मार्च 2026 तक भारत को नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त करने के संकल्प ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चलती ट्रेन में हुई तलवारबाजी

## सीट को लेकर हुआ विवाद तो सिख ने युवक को किया घायल

सचखंड एक्सप्रेस ट्रेन में वारदात



एजेंसी ▶▶मथुरा

मथुरा में चलती ट्रेन में सीट को लेकर सिख और एमआर का काम करने वाले एक युवक के बीच में बहस हो गई। दरअसल, महाराष्ट्र के नांदेड़ से पंजाब के अमृतसर जाने वाली सचखंड एक्सप्रेस ट्रेन में आगरा से एमआर का काम करने वाला युवक प्रवीण जनरल कोच में चढ़ा। इसके बाद सीट पर बैठने को लेकर वहां कुछ सिखों से उसकी बहस हो गई। इस विवाद में उस पक्ष में से एक सिख ने अपने पास रखे तलवार से उस युवक पर हमला कर दिया जिसमें ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गुना में दर्दनाक मामला

## दो साल के बेटे को फांसी लगाई, फिर खुद झूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

राघौगढ़ के रामपुरा में एक महिला ने दो साल के बेटे की हत्या करने बाद सुसाइड कर लिया। उसने पहले बेटे को फांसी से लटकाया। फिर खुद फंदे से झूल गई। परिजन का आरोप है कि ससुराल वालों ने बेटी की हत्या की है। है। जानकारी के मुताबिक, 24 साल की शिवानी की शादी रामेश्वर लोधा से हुई थी। उनका दो साल का बेटा शिवाय था। रामेश्वर शराब पीने का आदी था और नशे में पत्नी से आए दिन ▶▶ शेष पेज 4 पर



### 16 साल बाद फर्जी एनकाउंटर का भंडाफोड़

## सीबीआई ने डीएसपी और सिपाही को दबोचा कुख्यात बंशी गुर्जर को मारने का किया था दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नीमच

सीबीआई ने 16 साल पुराने फर्जी एनकाउंटर केस में डीएसपी ग्लैडविन एडवर्ड कार और प्रधान आरक्षक नीरज प्रधान को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 2009 में नीमच के कुख्यात तस्कर बंशी गुर्जर को एनकाउंटर में मारने का झूठा दावा करने का आरोप है। जबकि बंशी 2012 में उज्जैन के दानीगेट से जिंदा पकड़ा गया था। यह मामला हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपा गया था। जांच दिल्ली की क्राइम यूनिट-1 कर रही है। मंगलवार को जांच अधिकारी ने दोनों को बयान के लिए बुलाया था। तीन घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की गई। दोनों के मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। ग्लैडविन इस समय गुनौर (पन्ना) में एसडीओपी है। नीरज प्रधान 1 माह पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ 2009 में मरा बताया, 2012 में जिंदा निकला





### एनआईए ने रखा था पांच लाख का इनाम

## जयपुर को दहलाने की साजिश में शामिल आतंकी फिरोज को रतलाम में दबोचा गया

फिरोज अलसुफा संगठन के पांच मुख्य संस्थापक सदस्यों में से एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतलाम

जयपुर में सीरियल बम ब्लास्ट की साजिश रचने वाले आतंकी फिरोज को रतलाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह पिछले तीन साल से एनआईए और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे रहा था। उसकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### 12 किलो आरडीएक्स के साथ पकड़े थे तीन आतंकी

दरअसल, 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निंबाहेड़ा में 12 किलो आरडीएक्स के साथ तीन आतंकियों फकीर मोहम्मद अल्तमस खान और सरफुद्दीन उर्फ सैफुल्ला को पकड़ा था। वे कार से जयपुर में सीरियल ब्लास्ट के लिए आरडीएक्स ले जा रहे थे। इन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर



### माइकल पात्र की जगह लेंगी

## पूनम गुप्ता बनीं आरबीआई की अब नई डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को आखिरकार अपना नया डिप्टी गवर्नर मिल गया है। केंद्र सरकार ने डॉ. पूनम गुप्ता को इस अहम पद की जिम्मेदारी सौंपी है, उनका कार्यकाल 3 साल का होगा और वो जनवरी में रिटायर हुए माइकल पात्र की जगह लेंगी। ये नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब 7 से 9 अप्रैल तक आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक होने वाली है। केबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है।



### लड़का पक्ष जबरन बना रहा शादी का दबाव

## मुरैना में लड़की को जबरन ले गए हथियारबंद लोग, परिजनों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुरैना

मुरैना में 12 से ज्यादा हथियारबंद लोग 14 साल की लड़की को जबरन अपने साथ ले गए। वारदात हिंगोना खुर्द ग्राम पंचायत में मंगलवार-बुधवार की रात करीब 12 बजे की है। लड़की के परिजन ने बुधवार सुबह सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत की। एएसपी सुरेंद्र पाल सिंह दरबार ने कहा कि बच्ची को जबरन ले जाने का मामला सामने आया है। उसकी उम्र के संबंध में कोई स्पष्ट कागज नहीं मिले हैं। जांच की जा रही है। वहीं, परिजनों का कहना है कि 7 साल पहले बेटी की शादी कैमरा गांव के नेने नामक युवक से तय हुई थी। लड़का पसंद न आने के कारण हमने शादी से इनकार कर दिया था। वे जबरन शादी के लिए दबाव बना रहे थे। रात को घर की महिलाओं के साथ बेटी छत पर सो रही थी। इसी दौरान बोलेरो और मोटरसाइकिलों पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ लड़का पसंद नहीं होने के कारण शादी से किया था इनकार



### नागपुर से इंदौर जा रहे थे मुनि

## पैदल जा रहे जैन मुनि को आयशर वाहन ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा

खंडवा में इंदौर-ऐदलाबाद नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में जैन मुनि गजेंद्र मुनि महाराज की मौत हो गई। वे नागपुर से पैदल विहार करते हुए इंदौर जा रहे थे, उनके साथ दो अन्य जैन मुनि भी थे। रास्ते में ग्राम मोकलगांव टोल टैक्स के पास एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उन्हें रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। आयशर वाहन की टक्कर इतनी तेज थी कि जैन मुनि की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया। टीआई दिलीप देवड़ा ने बताया कि टोल टैक्स के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ आज नागपुर में होगी श्रद्धांजलि सभा





# सीहोर के बिशनखेड़ी में जलापूर्ति के लिए आवेदनों की पूंछ बनाकर संभाग कमिश्नर दफ्तर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर जिले का बिशनखेड़ी ग्राम पिछले एक दशक से भयंकर सूखे की चपेट में है। हालात यह है कि दो हजार की आबादी वाला गांव पानी की एक-एक बूंद को तरस रहा है। जिसके चलते ग्रामीण दो किमी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सभी 13 हैंडपंप और बोरवेल सूख गए हैं। इस कारण गांव में एक बूंद भी पानी की नहीं मिलता। सूखे के कारण परेशान ग्रामीण शिकायत पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार और कलेक्टर से भी कर चुके हैं। मामले में कलेक्टर ने पीएचई के चीफ इंजीनियर को जांच करने के निर्देश दिए थे। जांच में विभाग ने गांव के सभी 13 हैंडपंप चालू बता दिए। बुधवार को ग्राम बिशनखेड़ी के रहने वाले बजरंगी नागर 100 से अधिक आवेदनों की पूंछ बनाकर ग्रामीणों के साथ भोपाल संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने संभागायुक्त संजीव सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा।

**खास बातें**

- सीहोर जिले का बिशनखेड़ी गांव पिछले एक दशक से भयंकर सूखे की चपेट
- दो हजार की आबादी एक एक बूंद को तरस रही
- गांव के सभी 13 हैंडपंप और बोरवेल सूखे जांच में विभाग ने बताए शुरू

## सरपंच पति और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग




प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बिशनखेड़ी गांव में धाकड़ मोहल्ला मुरलीधर बाड़े के पास शीघ्र नलकूप खनन कराने के आदेश दिए हैं। इसके बाद भी संरपच पति की मनमानी और उच्च स्तरीय राजनीतिक दवाब के कारण पीएचई विभाग को मशीन द्वारा बोर खनन नहीं करने दिया जा रहा है, मशीन को भगाया जा रहा है। उच्च स्तरीय राजनीति ही जल संकट को दूर नही करना चाह रही है। सीहोर जिला कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में जांच दल गठित कर मौके पर जांच कराई जाकर जल सकंट से जूझ रहे ग्रमीणों की समस्या को हल किया जाना चाहिए। साथ ही दोषी सरपंच पति व तहसील इछावर के अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## दो बार बोर के लिए भेजी मशीन

बजरंगी नागर ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा दो बार बोर के लिए मशीन भेजी गई, लेकिन सरपंच पति जितेंद्र तमोलिया ने बोर नहीं लगने दिया। दूसरी बार फिर से मशीन आई तो नायब तहसीलदार किशोर कटारे ने रोक लगा दी और मशीन को हटवा दिया। शिकायत कर्ता बजरंगी नागर ने बताया कि सरपंच पति द्वारा पानी की टंकी की राशि तो ले ली, लेकिन निर्माण नहीं कराया गया है। जिसकी शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन पर की जा चुकी है।

## जलसंकट की समस्या लेकर आए थे

सीहोर के बिशनखेड़ी गांव से ग्रामीण जलसंकट की समस्या लेकर आए थे। जिनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए सीहोर जिला पंचायत सीईओ, पीएचई के अधिकारियों को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. विनोद यादव
संयुक्त आयुक्त (विकास)

**खबर संक्षेप**

### फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने डीईओ को ज्ञापन

**भोपाल।** फीस वृद्धि पर रोक लगाने, किताबों की ब्रिकी के लिए मेला आयोजित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर पालक महासंघ मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंडया ने ज्ञापन में कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें निर्धारित की गई हैं। इसके बाद भी निजी प्रकाशकों की किताबें धड़ल्ले से बिक रही हैं। पालक महासंघ ने सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा स्कूलों द्वारा फीस और संपरीक्षित लेखों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने और फीस वृद्दि पर रोक लगाने के संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

### वक्फ संसोधन कानून बिल का स्वागतःडॉ. पटेल

**भोपाल।** मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने नए बिल का स्वागत करते हुए कहा कि अब वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वाले माफिया से मुक्ति मिलेगी, वहीं गरीब निर्धन मुस्लिम परिवारों के लिए एक नई आशा की किरण जागेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वक्फ बोर्ड संसोधन कानून लाया गया है। इस कानून का ईमानदार मुस्लिम समाज ने ढोल नगाड़े बजाकर देश की सरकार का अभिनंदन किया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पटेल ने कहा कि मप्र में भी एक अभियान चला कर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा करने वाले माफिया को जल्दी ही बेदखल किया जाएगा और जरुरत पड़ी तो कानून के माध्यम से जेल भेजा जाएगा।

### विधायक सबनानी के खिलाफ याचिका खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा से विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के खिलाफ दायर चुनाव याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने अपर्याप्त तथ्यों के आधार पर चुनाव याचिका को विचारण योग्य नही माना। नवंबर 2023 के विस चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा द्वारा यह याचिका दायर की गई थी।

### निगम के विरुद्ध दायर व्यवहार वाद निरस्त

**भोपाल।** कलियासोत के 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माण को हटाए जाने के लिए नगर निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए सिद्धांत अवस्थी द्वारा नगर निगम के विरूद्ध प्रस्तुत किए गए व्यवहार वाद को सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बृजेश कुमार चन्सोरिया ने सुनवाई के बाद मामला सारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया। व्यवहार वाद के अनुसार वादी का भूखंड आकृति रिट्रीट ग्राम बावड़ियाकलां में स्थित है। नगर निगम द्वारा उन्हें एक नोटिस धारा 307 का दिया गया है कि उनका क्षेत्र कलियासोत के 33 मीटर के दायरे में आ रहा है। उसे हटाएं क्योंकि वह क्षेत्र नो-कन्स्ट्रक्शन जोन है। सप्तम व्यवहार न्यायाधीश ने क्षेत्राधिकार वर्जित होने से व्यवहार वाद को निरस्त कर दिया।

# वाणिज्यिक कर विभाग ने रिकॉर्ड 82 हजार करोड़ का राजस्व किया प्राप्त

## अगले वर्ष एक लाख करोड़ रुपए मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) ने रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया है। यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। इसके साथ ही साथ आबकारी, पंजीयन में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी, वैट, प्रोफेशनल टैक्स, आबकारी व पंजीयन में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह अनुमानित एक लाख करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की संभावना है।

प्रदेश में 5 वर्ष पहले तक में वाणिज्यक कर विभाग को महज 25 से 30 हजार करोड़ रुपए तक का ही राजस्व मिला करता था। किंतु दिनोंदिन बढ़ते अर्थव्यवस्था के आकार की वजह से पांच वर्षों में ही दोगुना से भी ज्यादा राजस्व मिलने लगा। प्रदेश के टैक्स इतिहास में यह अब तक का रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अभी हालांकि रिवाइज्ड एस्टीमेट के अनुसार कुल राजस्व मिलने की जानकारी नहीं मिली। टैक्स में चूंकि पिछले वर्षों के बनिस्पत इस वर्ष काफी अधिक बढ़ोतरी के साथ राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 फीसदी बढ़ोतरी के साथ एक लाख करोड़ रुपए का राजस्व हासिल हो जाएगा।

**खास बातें**

- वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज
- यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व
- आबकारी, पंजीयन में भी रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज

## आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए का राजस्व मिला



वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी, वैट और प्रोफेशनल्स टैक्स से कुल करीब 55,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। इसी तरह आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए और पंजीयन से करीब 11000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व 29 मार्च तक प्राप्त हुआ। दरअसल, वाणिज्यक कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के लिए कुल 75 हजार करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा था। बाद में रिवाइज कर इसे 82 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया। किंतु यह 29 मार्च तक के आंकड़ों में ही आ गया। सूत्रों ने बताया कि अंतिम आकड़ों में उसे भी क्रॉस करते हुए करीब 85 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। वाणिज्यक कर विभाग इसका आंकलन कर रही है। जल्दी ही अंतिम रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी।

### अधिकारियों को मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान देने के दिए निर्देश

वाणिज्यिक कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल करीब 96 हजार करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य तय किया है। यह हालांकि वर्ष के अंत तक में रिवाइज टारगेट के साथ एक लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। विभाग ने टारगेट हासिल करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों खासकर मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि वे अभी से मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान दें। इसके साथ ही टैक्स चोरी रोकने से लेकर टैक्स में हेराफेरी करने वाले कारोबारियो पर अंकुश लगाने को कहा गया है। टारगेट के अनुसार पंजीयन में 13900 करोड़ रुपए, जीएसटी में 42,140 करोड़ रुपए, आबकारी में 17,500 करोड़ रुपए, वैट में 22,698 करोड़ रुपए तथा प्रोफेशनल टैक्स में 372 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

## वन विभाग ने 1600 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान बनाया

वन विभाग की कुशल नीति, वन उत्पादों के प्रबंधन, डिजिटल प्रणाली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप राजस्व में वृद्धि हो रही है। वन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह वन विभाग की अब तक की सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 200 करोड़ रुपए से अधिक है। वन विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 में 1425 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया, वर्ष 2022-23 में 1400 करोड़ और वर्ष 2021-22 में 1444 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

### टिम्बर से हुई सर्वाधिक आय

वन विभाग को प्राप्त राजस्व में सबसे बड़ा योगदान टिम्बर की बिक्री से हुआ है। इस वर्ष विभाग द्वारा टिम्बर बिक्री से 850 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वन विभाग की नीलामी प्रक्रिया और बढ़ती मांग के कारण टिम्बर की बिक्री में वृद्धि हुई है। इसके अलावा अन्य वानिकी उत्पादों और पर्यावरण से जुड़े शुल्क से भी आय में वृद्धि हुई। वन विभाग को राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने से राजस्व में वृद्धि हुई है। ऑनलाइन चालान से विभाग को 1528 करोड़ की आय हुई, जबकि ट्रांसफर चालान से 763 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है।



## मुख्य सचिव ने की समस्त विभागों की समीक्षा

# सीएस ने विजन @2047 को ध्यान में रख विभागों के लिए टारगेट तय किए

- मुख्य सचिव ने ली वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन जानकारी
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यपूर्ति के लिए करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य निर्धारण को लेकर सभी विभागों की समीक्षा की।

जैन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी विभागों की विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक क्रियान्वयन समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन ने बैठक में विजन @>2047 के तहत विभागीय कार्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। शासन के महत्वाकांक्षी गरीब, अन्नदाता, युवा एवं नारी मिशन के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना पर भी व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्राथमिकता वालें विषयों के क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए केन्द्र सरकार को भेजे जाने वाले उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं मांग स्थिति की भी जानकारी ली।

# प्रबंधन की वादा खिलाफी के विरोध में धरना प्रदर्शन पर डटे कर्मचारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात दिन में संविदा नीति लागू करने का लिखित फरमान जारी करने वाले कुक्कुट विकास निगम के प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में बुधवार को सविंदा कर्मचारियों ने मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के आदेश जारी करने के लिए एक से सात जनवरी 2025 तक हड़ताल परिवार-बच्चों के साथ की थी। जिसके बाद कुक्कुट विकास निगम के प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन दिया था कि हम सात दिवस में संविदा नीति के आदेश कर देंगे। संविदा कर्मचारियो ने एक सप्ताह की बजाए तीन महीने इंतजार किया। इसके बाद प्रबंधन ने आज तक आदेश जारी नहीं किए। रमेश राठौर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुईं, तो हड़ताल जारी रखेंगे।

# मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने किया 28789.8 मिलियन यूनिट उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने ताप विद्युत गृहों के माध्यम से ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने कुल 28789.8 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया है। यह अब तक किसी भी वित्तीय वर्ष में हुआ सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्पादन 28627.03 मिलियन यूनिट दर्ज हुआ था।

### संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 3 ने किया कमाल

संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 4116 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकॉर्ड बनाया। यह इस यूनिट के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है।

### विद्युत गृह का प्रदर्शन

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 210 मेगावाट स्थापित क्षमता के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने 1546 मिलियन यूनिट, 500 मेगावाट स्थापित क्षमता के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने 3756 मिलियन यूनिट, 1340 मेगावाट स्थापित क्षमता के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने 8445 मिलियन यूनिट व 2520 मेगावाट स्थापित क्षमता के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया।

# पराली जलने से वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए बनाएं समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्य-योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए भोपाल में समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, उद्योग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राजस्व, उद्यानिकी विभाग और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में धान एवं गेहूं की कटाई के बाद जलने वाली पराली से होने वाले वायु प्रदूषण एवं उनसे पड़ने वाले स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पराली जलाने की घटनाओं को रोकने तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

### पराली जलाने से होने वाले नुकसान बताए

प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि कृषि विभाग की ओर से गेहूं की फसल की कटाई में उपयोग होने वाली मशीनों में रिपर, बेलर लगाना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में स्थापित ताप विद्युत गृहों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि अवशेषों का दहन करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में कितनी मात्रा में कृषि अवशेषों का निष्पादन किया गया है। इस वर्ष की कार्य-योजना बनाई जाए। सभी संबंधित विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार से प्रदेश के किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताए। उन्होंने उपलब्ध विकल्प और शासन की ओर से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी देने के निर्देश भी दिए।


### जिलों में आग लगने की घटनाओं की संख्या की जानकारी जुटाए

सदस्य सचिव मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि बोर्ड की ओर से एनएएसएएफआईआरए मएस पोर्टल पर सैटेलाइट से आग लगने की घटनाओं पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों में आग लगने की घटनाओं की संख्या एवं उनके भौगोलिक निर्देशांक की जानकारी तैयार की गई है। इसे प्रतिदिन जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

## गोल्ड, नकदी के केस में आरोपियों को जमानत मिलने पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

# सौरभ और उसके सहयोगियों को जमानत लोकायुक्त की नाकामी का प्रमाणः मुकेश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा है कि प्रदेश में सौरभ शर्मा मामला लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत का ताजा उदाहरण बनकर सामने आया है। पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा, जिसके पास से करोड़ों रुपए की अघोषित संपत्ति, 52 किलो सोना, 11 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद हुई थी, को सहयोगियों के साथ लोकायुक्त पुलिस की लापरवाही के चलते विशेष लोकायुक्त अदालत से जमानत मिल गई। निर्धारित 60 दिनों में चालान पेश न कर पाने की यह नाकामी कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। इस पूरे प्रकरण में लोकायुक्त की संदिग्ध भूमिका और सरकार की चुप्पी सच्चाई को उजागर कर रही है।

### भ्रष्ट, औचित्यहीन हो चुकी लोकायुक्त संस्था

नायक ने कहा कि लोकायुक्त पुलिस अब पहरेदार की जगह हिस्सेदार की भूमिका में काम कर रही है। सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद बेशुमार संपति के बावजूद जांच में ढिलाई, जयदीप प्रसाद का ट्रांसफर और निर्धारित समयावधि में चालान पेश न करना इस बात का संकेत है कि सरकार और लोकायुक्त मिलकर अपराधियों को खुली छूट दे रहे हैं।

# जमानत मिलने का यह मतलब नहीं होता है कि अपराधी किए अपराध से मुक्तः सिसोदिया



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। सौरभ शर्मा मामले में कार्रवाई की है और मामले की तफ्तीश चल रही है। जमानत मिलने का यह मतलब कतई नहीं होता कि अपराधी अपने किए अपराध से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर जनता और सरकार का पूरा भरोसा है। सौरभ शर्मा मामले में भी मध्यप्रदेश के सख्त एक्शन से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है और भ्रष्टाचार के दोषियों को अपने किए की सजा न्यायपालिका से अवश्य मिलेगी।

### सत्ता में रहते हुए कांग्रेस जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है

सिसौदिया ने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में रहती है, तब जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करती है। कांग्रेस तो ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो संविधान पर भी पूरी तरह से भरोसा नहीं करती तो उससे निष्पक्ष जांच एजेंसियों पर भरोसा करने की अपेक्षा करना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर भ्रष्टाचारी और अपराधी को उसके द्वारा किए गए अपराध की सजा दिलाकर रहेगी।

# टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पर्यटन व मानवीय गतिविधियां कानूनन बैन, आयोजन पर सवाल

## एनजीटी ने बांधवगढ़ धर्म यात्रा मामले में की सुनवाई, फैसला अगली सुनवाई के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोनल बेंच ने याचिकाकर्ता अजय शंकर दुबे द्वारा बेंच में दाखिल किए गए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में एक धार्मिक यात्रा से होने वाली समस्याओं के मामले में सुनवाई की।

इस मामले में पर्यावरण कार्यकर्ता अजय दुबे ने बेंच ने याचिका लगाई थी। उन्होंने हर साल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में आयोजित धार्मिक यात्रा से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर बेंच में याचिका दाखिल की है। पिटीशन में बताया गया है कि यह यात्रा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को एकत्र कर, कोर क्षेत्र में सात दिनों तक रुकने, भोजन पकाने, कचरा फैलाने तथा मानवजनित हस्तक्षेप के रूप में जंगल की पारिस्थितिकी को गंभीर खतरा पहुंचाती है, जबकि टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पर्यटन व मानवीय गतिविधियां कानूनन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।

वर्ष 2022 में तत्कालीन प्रमुख मुख्य वन संरक्षक शुभ्रंजन सेन ने स्वयं मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखकर इस यात्रा को प्रतिबंधित करने की सिफारिश की थी। लेकिन, विडंबना यह रही कि जब वे स्वयं वर्ष 2024 में पीसीसीएफ बने, तो उन्होंने ही इस यात्रा की अनुमति प्रदान कर दी। मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य की ओर से अधिवक्ता प्रशांत एम. हरने ने बेंच को बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक द्वारा एक समिति का गठन किया गया है, जो मूल आवेदन में उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके अतिरिक्त, वन्यजीव संस्थान से भी विशेषज्ञ रिपोर्ट मंगाई जा रही है, जिससे गहन व वैज्ञानिक मूल्यांकन संभव हो सके। इसके लिए तीन सप्ताह का समय मांगा, जिसे बेंच ने स्वीकृत किया है। अब इस मामले में 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

7 प्रियंका और प्रिया के सिंधी गीतों ने बांधा समां... बड़ी...



8 देशज परंपरा की अनूठी बानगी बनी विश्वरंग की...








कुलपति प्रो. एसके जैन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग, मिला आश्वासन

### विवि कैंपस में विद्यार्थी का प्रदर्शन, अनियमितताओं के विरोध में एबीवीपी ने घेरा प्रशासनिक भवन,फिर मैदान में डटे रहे कार्यकर्ताओं के साथ छात्र-छात्राएं

# बीयू में विद्यार्थियों का धरना, तीन घंटे जाम रहा कुलपति का चैंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में अनियमितताओं और मूलभूत सुविधाओं की कमी के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। बीयू परिसर 3 घंटे तक प्रदर्शन का अखाड़ा बना रहा और मैदान में एबीवीपी के कार्यकर्ता डटे रहे। शाम को बीयू के कुलपति को मांगों का ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को कुलपति के समक्ष रखा।



### नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

एबीवीपी के महानगर मंत्री शिवम जाट ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विवि प्रशासन की होगी। विवि के अध्यक्ष दिवाकर शुक्ला ने कहा कि यह आंदोलन छात्रों के अधिकारों और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक था। उन्होंने विवि प्रशासन से अपील की कि वह छात्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान करे, ताकि उनकी शिक्षा और भविष्य बाधित न हो।

### बीयू में यह हैं प्रमुख अनियमितताएं

एबीवीपी ने कुलपति को दिए ज्ञापन में विवि में प्रमुख रूप से परीक्षा और परिणामों में देरी, मूलभूत सुविधाओं की कमी, प्रयोगशालाओं की दयनीय स्थिति, छात्र सुविधाओं की अनदेखी, विभागों और छात्रावासों की जर्जर स्थिति, निःशुल्क बैटरी रिक्शा सुविधा का अभाव तथा गर्ल्स क्रिकेट टीम को आर्थिक सहायता न मिलना शामिल किया है।

### इन मांगों पर भी किया फोकस

*बीपीएड एवं एमपीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में देरी से छात्रों का भविष्य संकट में है, जबकि नए सत्र के प्रवेश शुरू हो चुके हैं।*

- 8 माह बाद पात्रता से विद्यार्थियों को बाहर किया जा रहा है।
- वायवा, प्रैक्टिकल परीक्षाओं में की जा रही अनावश्यक देरी।
- परीक्षा परिणामों में अनियमितता एवं पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी करने में देरी छात्रों के हितों के विपरीत बताई है।

### इन मूलभूत सुविधाओं का अभाव

- पेयजल की स्थिति दयनीय, वाटर कूलर खराब।
- कक्षाओं में पंखे और लाइटिंग की कमी, पढ़ाई बाधित हो रही।
- वाशरूम की खराब स्थिति, सीसीटीवी-स्ट्रीट लाइट का अभाव।
- प्रयोगशाला और अन्य संसाधनों की कमी
- फार्मेसी, इंजीनियरिंग, माइक्रोबायोलॉजी, बायोसाइंस विभागों में लैब उपकरण और रसायनों की कमी।
- इंक्यूबेशन सेंटर में संसाधन नहीं, नवाचार को नहीं मिल रहा बढ़ावा।
- छात्र सुविधाओं की अनदेखी
- आईडी कार्ड अब तक छात्रों को नहीं मिले।

## एमसीयू की कैंटीन के खाने में मरी हुई मधुमक्खी को तला हुआ लहसुन बताया, विद्यार्थियों ने किया हंगामा

रजिस्ट्रार ने सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा
कैंटीन संचालक बोला-ऐसा दोबारा नहीं होगा

बुधवार को राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की कैंटीन में छात्रों को परोसे गए खाने में कीड़ा मिलने के बाद छात्रों में रोष बढ़ गया। खाने में मृत मधुमक्खी को तला हुआ लहसुन बताने के बाद छात्रों में आक्रोश बढ़ गया, जिससे उन्होंने कैंटीन में हंगामा कर दिया। हालांकि, विवि के कुलसचिव अविनाश बाजपेयी ने इस घटना को भूल बताया है। घटना के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद विवि के रजिस्ट्रार डॉ. अविनाश वाजपेयी मौके पर पहुंचे और छात्रों को मामले में कार्रवाई आश्वासन दिया।



### पहले भी मिली शिकायतें

*मप्र एनएसयूआई प्रदेश सचिव अमन पठान ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी लापरवाही सामने आई है। इससे पहले भी कई बार घटिया खाने को लेकर शिकायतें आई हैं। एमसीयू के एनएसयूआई प्रभारी तनय शर्मा ने भी कहा छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

### कैंटीन ने भूल बताया

खाने में कीड़े मिलने जैसी कोई बात नहीं है। इस मामले में कैंटीन और छात्र दोनों की ओर से अपनी बात रखी गई है। कैंटीन की ओर से भूल से ऐसा होना बताया गया और गलती मानते हुए भविष्य में ऐसी घटना नहीं होने की बात कही है।

**अविनाश बाजपेयी**, रजिस्ट्रार, एमसीयू, भोपाल

## रिटायर्ड आईएएस अरुण भट्ट के बेटे का हार्ट अटैक से निधन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के वरिष्ठ रिटायर्ड आईएएस अरुण भट्ट के इकलौते बेटे तन्मय भट्ट का बुधवार सुबह अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। 38 वर्षीय तन्मय की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद तत्काल इंदौर स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद परिजनों और परिचितों में शोक की लहर फैल गई। गौरतलब है कि तन्मय ब्यूटी प्रोडक्ट का बिजनेस संभाल रहे थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि तन्मय बेहद ही मिलनसार व्यक्ति थे और उन्हें पहले से कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। उनके अचानक इस तरह से निधन सभी को चौंका दिया। वहीं, रिटायर्ड आईएएस अरुण भट्ट पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ओएसडी रहे हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक हल्कों में खासा अनुभव रखने वाले भट्ट इसके साथ ही कई जिलों के कलेक्टर भी रह चुके हैं।



*आज निगम पेश करेगा 3500 करोड़ का बजट*

## संपत्ति कर में 10 तो जल, सीवेज में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरूवार को भोपाल नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश होगा। नगर निगम की परिषद का साधारण सम्मेलन सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आइएसबीटी) स्थित परिषद सभागृह में होगी। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में आहूत सम्मेलन में कार्यसूची में सम्मिलित विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही महापौर मालती राय द्वारा वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट और वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट सदन के विचारार्थ और अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। इस बजट बैठक से पहले बुधवार शाम को भाजपा और कांग्रेस पार्षद दल बैठक हुई। दोनों ही राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने बजट बैठक को लेकर रणनीति फाइनल की। बैठक में जहां निगमायुक्त हरेंद्र नारायण के खिलाफ निंदा प्रस्ताव आ सकता है, वहीं कांग्रेस पार्षद टैक्स वृद्धि को लेकर महापौर को घेरने की तैयारी कर चुके हैं।




**टैक्स में वृद्धि को लेकर महापौर को घेरेगा विपक्ष**

### आयुक्त के रवैए से सभी पार्षद नाराज आ सकता है निंदा प्रस्ताव

*जानकारी के अनुसार संपत्तिकर में 10 प्रतिशत और जलकर व सीवेज में 15 प्रतिशत की बढोतरी बजट बैठक में हंगामा का कारण बनेगी। अब देखना यह है कि क्या विपक्ष टैक्स में वृद्धि को रोक पाती है या नहीं। वहीं भाजपा और कांग्रेस पार्षद मिलकर निगमायुक्त के अड़ियल रवैये को लेकर खासे नाराज हैं। लिहाजा उनके खिलाफ भाजपा और कांग्रेस पार्षद निंदा प्रस्ताव लाने की मांग करेंगे।*

## आज 6 जिलों में ओलों के साथ बारिश राजधानी में बूंदाबांदी

**भोपाल।** गुरुवार शाम तक प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक जिलों में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। इससे फसलों को नुकसान होने की आशंका है। बुधवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है, जबकि प्रदेश के दक्षिण पश्चिमी हिस्से में सकुर्लेशन बना हुआ है, जिससे दो दिन आंधी, बारिश और कुछ जगह ओले का दौर चलेगा। इस बीच भोपाल में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके बाद तापमान बढ़ेगा। बुधवार को सिवनी, छिंदवाड़ा और डिंडौरी में बारिश हुई। डिंडौरी आसपास के हिस्सों में बारिश रही। नर्मदापुरम, खंडवा, सहित आधा दर्जन जिलों में गुरुवार तक ओले का अलर्ट है। बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा के साथ ही गुना, अशोकनगर, शिवपुरी में तेज हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।




**आदिम जाति विभाग में कमिश्नर की कार्रवाई का किया विरोध**

हंगामे के बाद हुई समझौता बैठक

## सतपुड़ा में हंगामा: बाबू को सस्पेंड करने पर भड़के कर्मचारी, नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सतपुड़ा भवन में आदिम जाति कल्याण विभाग के कमिश्नर से नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को दफ्तर में हंगामा कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की नाराजगी एक बाबू को सस्पेंड किए जाने को लेकर थी। नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच आखिरकार अफसरों को समझौता बैठक बुलानी पड़ी। लेकिन कर्मचारी संगठन और कर्मचारी बंद कमरे में बैठक करने के बजाय खुले में चर्चा करने के लिए दबाव बनाते रहे। कर्मचारियों का कहना है कि बुधवार को आदिम जाति कल्याण विभाग के कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने एलडीसी हर्षपाल को फोन किया और कहा कि जल्दी आफिस आ जाओ, आदेश टाइप करना है। इधर, हरिभूमि ने कई बार कमिश्नर को फोन किया, लेकिन वह उपलब्ध नहीं हो सके।

### मामले में अधिकारी का नहीं मिला जवाब

बाबू हर्षपाल ने कहा कि आता हूं। इसके बाद वह दस बजे पहुंचा तो कमिश्नर शुक्ला ने उसे डांटते हुए सस्पेंड करने की जानकारी दी और भला बुरा कहा। बोतल उस पर फेंककर मारी। इसके बाद कर्मचारियों को जानकारी लगने पर सभी एकजुट हो गए विवाद बढ़ता देख कमिश्नर शुक्ला ने पुलिस बुला ली लेकिन तब भी हंगामा नहीं थमा। इसके बाद बैठक कर समझौता करने का निर्णय हुआ लेकिन समझौता हो नहीं सका है। इधर, हरिभूमि ने कई बार कमिश्नर को फोन किया, लेकिन वह उपलब्ध नहीं हो सके।





सतपुड़ा भवन में हंगामा करते कर्मचारी। (ऊपर) हंगामा के दौरान तैनात रहे पुलिसकर्मी। (नीचे)

## जैकेट का शेष

### वक्फ संशोधन बिल...

सांसदों से हाथ खड़े करने को कहा, लेकिन विपक्ष ने मत विभाजन की मांग कर दी। इसके बाद फिर मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई बिल के अलग अलग क्लाउस पर मतदान के चलते देर रात तक कार्यवाही चलती रही। आखिरकार रात 2 बजे पर साफ हो गया कि वक्फ संशोधन बिल पारित हो गया है। स्पीकर बिरला ने बताया कि बिल के समर्थन में 288 वोट पड़े हैं और विपक्ष में 232 वोट पड़े हैं। इसके बाद विपक्ष के संशोधनों पर भी बिरला ने वोटिंग कराई जो एक सिरे गिर गए।
इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने ने सदन में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। रिजिजू ने विधेयक को लेकर विपक्षी दलों द्वारा जताई जा रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि सरकार किसी भी धार्मिक संस्था में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही। अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है। लोकसभा की चर्चा के आखिर में अल्पसंख्यक मामलों के रिजिजू ने कहा कि विपक्ष वक्फ बिल को असंवैधानिक बता रहा है, लेकिन असंवैधानिक क्यों है इसके पीछे तर्क नहीं दे पा रहे। इसलिए मैंने उम्मीद छोड़ दी है कि वो लोग समझेंगे। रिजिजू ने आगे कहा कि बहुत कुछ तर्कहीन बातें कही गई हैं। उन्होंने कहा कि घड़ी में 12 बजे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। साथ ही विपक्ष के 12 बज गए हैं। ये मुस्लिम या इस्लाम विरोधी नहीं।
**वक्फ संपत्ति निजी संपत्ति मानी गई थी:** रिजिजू ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ी वक्फ संपत्ति भारत में है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में रेलवे और रक्षा क्षेत्र के बाद तीसरी सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है, लेकिन रेलवे और रक्षा क्षेत्र की संपत्ति देश की संपत्ति है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति निजी संपत्ति है। वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन और लाखों करोड़ की संपत्ति है तो देश के गरीब मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है?
**क्या होगा इससे फायदा?:** इससे गरीब मुसलमानों को फायदा होगा। विवादों में कमी आएगी और वक्फ अधिनियम की धारा-40 का दुरुपयोग रुकेगा। काम में दक्षता और पारदर्शिता आएगी। विपक्ष का आरोप है कि कानून संविधान के खिलाफ है। मुसलमानों के हित में नहीं है। ऐसे में आइए जानते हैं वक्फ संशोधन बिल के बारे में...
**वक्फ क्या है?:** वक्फ अरबी का शब्द है। इसक मतलब खुदा के नाम पर दी जाने वाली वस्तु या संपत्ति है। इसे परोपकार के उद्देश्य से दान किया जाता है। कोई भी मुस्लिम अपनी चल और अचल संपत्ति को वक्फ कर सकता है। अगर कोई भी संपत्ति एक भी बार वक्फ घोषित हो गई तो दोबारा उसे गैर-वक्फ संपत्ति नहीं बनाया जा सकता है।
**पहली बार कब बना वक्फ एक्ट?...पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था:** देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। इसका मकसद वक्फ के कामकाज को सरल बनाना है। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। साल 2013 में संशोधन किया गया और धारा 40 जोड़ी गई।
रिजिजू ने कहा- नए संसद भवन पर भी वक्फ का किया जा रहा था दावा: वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने के बाद रिजिजू ने कहा कि इस संसद भवन पर भी वक्फ का दावा किया जा रहा था और पूर्ववर्ती सरकार ने तो काफी संपत्ति गैर-अधिसूचित करके दिल्ली वक्फ बोर्ड को दे दी थी। पिछले साल विधेयक पेश करते समय सरकार ने इसे दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया था। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, उसकी सिफारिश के आधार पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मूल विधेयक में कुछ बदलावों को मंजूरी दी थी।

### राज्यसभा में आज आएगा वक्फ विधेयक...

हुए भी जैसे पूर्व में विधेयकों को उच्चसदन से पारित करने में कामयाबी मिली वैसी ही कामयाबी वक्फ विधेयक पर मिलेगी? सरकार के विश्वस्त सूत्रों ने दावा किया कि जिस इत्मीनान से लोकसभा से विधेयक पारित किया गया वैसे ही आराम से राज्यसभा से भी विधेयक पारित होने और राष्टपति के हस्ताक्षर के बाद कानून का शक्ल अख्तियार करेगा।
राज्यसभा में एनडीए का बहुमत उतना मजबूत नहीं है जितना लोकसभा में। वर्तमान में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से 9 खाली हैं, यानी 236 सदस्य हैं। बहुमत के लिए 119 वोट चाहिए। भाजपा के पास 96 सांसद हैं, और राजग के सहयोगियों के साथ मिलकर यह संख्या 115-120 तक पहुंच सकती है। इसके अलावा, 6 नामित सांसदों का समर्थन भी सरकार को मिल सकता है। फिर भी, विपक्ष (कांग्रेस: 27, अन्य सहयोगी 58) और वाईएसआर कांग्रेस, बीजद जैसे कुछ तटस्थ दलों के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। विपक्ष इस बिल का विरोध जारी रखेगा। जिससे राज्यसभा में तीखी बहस देखने को मिल सकती हैं।

### मुस्लिम महिलाओं ने...

डैम के पास भी जश्न मनाया गया। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने इसे भाजपा का प्रायोजित कार्यक्रम बताया। मसूद ने कहा कि एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि कलेक्टर को जिम्मेदार बनाया जा रहा है। वही कलेक्टर जिसने हमारे कब्रिस्तानों को सरकारी घोषित किया हुआ है। हम इसके खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लड़ रहे हैं। हमारे पास 1959 के 41 और 1947 के दस्तावेज हैं, जो यह साबित करते हैं कि यह वक्फ की संपत्ति है, लेकिन कलेक्टर इसे सरकारी संपत्ति बता रहा है।

### ईद पर नमाज ...

पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई, तब सरकार ने मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा क्यों नहीं की? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अब मुसलमानों की हितैषी बनने की कोशिश कर रही है, लेकिन असल में अल्पसंख्यकों की जमीनों पर नजर गड़ाए बैठी है।

### 300 बिलियन...

हैं। एक बयान में ओपन एआई ने कहा कि इस फंडिंग के आने से कंपनी अब एआई रिसर्च में खुद को और आगे बढ़ा पाएगी और कंपनी के इन्फ्रास्ट्रक्चर को 'बढ़ते हुए पावरफुल टूल्स' के साथ लैस करने में मदद करेगी।

### सालभर में 133...

लेकिन 2024-25 में 15% बढ़कर ये रकम 133 करोड़ रुपए हो गई। ऐसा अनुमान है कि अगले साल 2025-26 में सिद्धिविनायक मंदिर की सालाना कमाई बढ़कर 154 करोड़ रुपए हो सकती है। मंदिर प्रशासन का इस बारे में ये कहना है कि नकदी से लेकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और सोना-चांदी के जरिए श्रद्धालुओं से इस मंदिर की बड़ी आय हुई। साथ ही, भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या और ऑनलाइन डोनेशन ऑप्शंस के चलते ये आय बढ़ी है। मंदिर को सोना-चांदी से 7 करोड़ दान, दान पेटी से प्राप्त नकदी 98 करोड़, अन्य स्त्रोत जैसे पूजा बुकिंग और प्रसाद से 10 करोड़ मिले हैं।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

क्रमांक/क्यू/रीडर/2025
भोपाल दिनांक 27.03.2025
प्रकरण क्रमांक-330/अ-6/2024-25

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डॉ. साधना कपूर पत्नी डॉ. सुनील कपूर एवं श्री सिद्धार्थ कपूर आ. डॉ. सुनील कपूर निवासीगण म. न. ई-3/4ए, अरेरा कालोनी, भोपाल द्वारा अरेरा कालोनी ग्राम शाहपुरा, तहसील कोलार स्थित लीज भूमि क्रमांक ई-1/65 क्षेत्रफल 8025 वर्गफीट के नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो, विचाराधीन है। आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त नजूल भूमि के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त, तहसील कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक- PS/444/0760/5948/2025

// इश्तहार //

आवेदक सिद्धार्थ कपूर लंचर्स पिता / पत्नी / पुत्री सिद्धार्थ कपूर द्वारा ग्राम कांकरिया क्हनायपुर स्थित खसरा नंबर 55, 56/5, 56/1, 56/2 व अन्य प्लाट क्रं. 268, 269, 270, 271, 272, 273, 274, 275, 276, 277, 278, 279, 280, 281, 282 व अन्य रकबा 1441.46 वर्गमीटर हे. का विक्रय पत्र / फौती / नामांतरण / दानपत्र / वसीयतनामा / हक त्याग पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएवं आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 16/04/25 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार, जिला भोपाल**

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03
भोपाल-462003, Mobile No. : 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/355/पयं/भोपाल-03/तशा/2025
भोपाल, दिनांक : 02.04.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत शा.उ.मा.वि.सुहागपुर जिला नर्मदापुरम एवं हाईस्कूल चिरचिटा जिला सागर व हाईस्कूल गोड़ी गुराडियास जिला सीहोर में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-**01/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-413809, 413812, 413813** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-17.04.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/119497/2025 **परियोजना यंत्री**

## पेज 1 का शेष

### 10 मजदूरों के शव गुजरात...

लापता है। शव लेने पुलिस-प्रशासन टीम के साथ मंत्री नागर सिंह भी गुजरात गए हैं। बुधवार सुबह उन्होंने बताया कि देवास के 10 मजदूरों के शव उनके पैतृक गांव के लिए रवाना किए गए। शव देर रात तक मप्र पहुंच गए। बाकी शव भी पोस्टमार्टम के बाद भिजवाए जाएंगे। शवों को लेकर निकलीं एंबुलेंस और प्रशासनिक अधिकारी गोधरा से आगे निकल चुके हैं। हरदा की 50 वर्षीय लक्ष्मी और 12 वर्षीय संतोष संजय नायक गायब हैं। हालांकि, हादसा स्थल पर बिना सिर के क्षत-विक्षत दो शव मिले हैं। अब दो गायब लोगों की पहचान के लिए उनका डीएनए टेस्ट किया जा जाएगा।

### अगले तीन वर्ष में...

पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और उनके उन्नयन की जरूरत के प्रति सतर्क रहते हुए तत्परतापूर्वक कार्रवाई की जाए। सड़कों के रख-रखाव और नियमित निरीक्षण में मोबाइल एप, जियो टैगिंग तथा एआई टेक्नॉलोजी का उपयोग कर इसे अधिक प्रभावी बनाया जाए। सड़कों पर वर्तमान यातायात का सर्वे कर उन्नयन और लेन विस्तारीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।
**89 हजार बसाहटों में से 50 हजार 658 बसाहटों तक रोड बनी:** बैठक में यह भी बताया गया कि प्रदेश की 89 हजार बसाहटों में से 50 हजार 658 बसाहटों तक रोड़ कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर ली गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत बनने वाली 11 हजार 544 बसाहटों के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 26 हजार 798 बसाहटों की कनेक्टिविटी के लिए राज्य सरकार की ओर से पहल की जा रही है।

### इन सड़क परियोजनाओं ...

निर्माण के लिए 688.31 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए।
- ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 28.516 किमी लंबाई के एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बायपास के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 1347.6 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

### एमपी पीएससी मुख्य...

नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव और बैतूल निवासी रोहित कावड़े ने लगाई है। ये ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के अभ्यर्थी हैं। इन्हें मुख्य परीक्षा में चयन से वंचित कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसलों को बायपास करते हुए पीएससी ने अनारक्षित पदों के खिलाफ आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए चयनित नहीं किया है। अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित करके प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया है। कोर्ट को बताया गया कि आयोग ने इस असंवैधानिक गलती को छिपाने के मकसद से 2025 की प्रारंभिक परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए गए हैं। जबकि नियमानुसार हर एक चरण की परीक्षा में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाने का प्रावधान है।

### कहा-मुझे बहुत...

उनकी यह यात्रा 21 मार्च से 6 अप्रैल तक की थी, लेकिन मुंबई पुलिस द्वारा गवाह के रूप में बुलाए जाने के बाद उन्हें अपनी छुट्टी बीच में ही छोड़कर लौटना पड़ा।

### 14-14 लाख की...

एक वायरलेस सेट और कुछ दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। अन्य नक्सलियों की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने बताया कि जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दो कुख्यात महिला नक्सली मारी गई हैं, जो माओवादियों के एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन के केबी (कान्हा भोरमदेव) डिवीजन के भोरमदेव एरिया कमेटी की सदस्य थीं। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादर-गनेरीदादर-परसाटोला वन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने के इरादे से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में दो वर्दीधारी महिला माओवादी मारी गईं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान एसीएम (एरिया कमेटी सदस्य) ममता उर्फ रमाबाई के रूप में हुई है, जो महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के करोची थाना अंतर्गत मुरकुडी की निवासी थी। इसके साथ ही केबी डिवीजन के एसजेडसीएम राकेश ओडी की पत्नी थी। उसके पास से एक राइफल बरामद हुई। दूसरी नक्सली की पहचान एसीएम प्रमिला उर्फ मासे मंडावी, भोरमदेव एरिया कमेटी के रूप में हुई है, वो छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के चिंतलनार थाना अंतर्गत पालीगुधेम की रहने वाली थी। उसके पास से एक एसएलआर बरामद की गई है।

### सुरक्षा बलों...

को गति प्रदान करेगी। देश और मध्य प्रदेश बहुत जल्द आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त होने वाला है।

### जयपुर को दहलाने...

गिरफ्तारी पर एनआईए ने पांच लाख रुपए का इनाम भी रखा है। उसके ईद पर रतलाम स्थित घर आने की जानकारी मिलने पर वहां की पुलिस ने उसे धर दबोचा। फिरोज की गिरफ्तारी की जानकारी मामले की जांच कर रही एनआईए को दी गई है। रतलाम के एसपी अमित कुमार ने बताया कि फिरोज अलसुफा संगठन के पांच मुख्य संस्थापक सदस्यों में से एक है। यह संगठन के खर्चे का हिसाब-किताब भी रखता है। अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि फिरोज लंबे समय से फरार था और अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग जगह फरारी काट रहा था। ईद पर उसके घर आने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

### 12 किलो आरडीएक्स...

साजिश में 11 आतंकियों के शामिल होने की बात कबूली थी। इनमें से कई आतंकियों को एनआईए पहले गिरफ्तार कर चुकी है। फिरोज की गिरफ्तारी से इस मामले की जांच में महत्वपूर्ण मदद मिलने की संभावना है।

### सीट को लेकर हुआ...

वो बुरी तरह से घायल हो गया। तलवारबाजी की घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस घटना से ट्रेन के अंदर हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि आगरा से जा रही एक ट्रेन के जनरल कोच में सीट को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आपस में झगड़ा हो गया। इसमें एक आदमी घायल हो गया जिसे जीआरपी ने अस्पताल में भर्ती करवा दिया है।

### दो साल के बेटे....

मारपीट करता था। मंगलवार रात भी पति-पत्नी में विवाद हुआ। इसके बाद शिवानी अपने कमरे में चली गई और बेटे के साथ फांसी लगा ली। रात करीब 10 बजे ससुराल वालों ने कमरे में देखा तो मां-बेटे फंदे से लटके मिले। उनका कहना है कि शिवानी का शरीर हल्का गर्म था, इसलिए तुरंत जिला अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। शिवानी के पिता बुंदेल सिंह लोधा ने बताया, तीन साल पहले बेटी की शादी रामपुरिया के रहने वाले रामेश्वर लोधा से की थी। रामेश्वर दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करता था। दो दिन पहले भी दामाद ने बेटी से मारपीट की थी। तब उसने पुलिस बुलाई थी। पुलिस ने भी दामाद को समझाया था। मंगलवार को भी बेटी का कॉल आया। उसने बताया था कि पति मारपीट कर रहा है।

### सीबीआई ने डीएसपी...

नीमच में पदस्थ थे, उनका ट्रांसफर उज्जैन किया था, लेकिन नीरज ने ज्वाइन नहीं किया। दोनों एनकाउंटर टीम के अहम सदस्य थे। टीम ने एनकाउंटर का दावा किया था। सीबीआई ने एक एएसपी और अन्य पुलिसकर्मियों को भी नोटिस भेजा था। एएसपी ने बयान देने से इनकार कर छुट्टी ले ली। नगरीय सीमा के एडिशनल सीपी (कानून) अमितसिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपितों को सीबीआई ने गेस्ट हाउस में रखा है। बंशी गुर्जर नीमच जिले की मनासा तहसील के गांव नलवा का रहने वाला है और कुख्यात तस्कर है।

### मुरैना में लड़की...

सवार हथियारबंद लोग पहुंचे। उनके पास 315 बोर की 6 राइफलें, कट्टे और लाठियां थीं। उन्होंने घर का दरवाजा तोड़कर परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हवाई फायरिंग भी की। लड़की के माता-पिता, चाचा और भाइयों को पीटा। इसके बाद लड़की को जबरन गोद में उठाया और बोलेरो में डालकर भाग गए।
परिजन ने कहा- महिलाओं को भी थप्पड़ मारे
नाबालिग की मां ने कहा- रात में सभी लोगों ने एक साथ धावा बोल दिया। उनमें से 6 लोगों के हाथों में रायफलें थी। दो के पास कट्टे थे। बाकी लोगों के पास लाठियां थीं। उन्होंने हमारे बच्चों को पकड़ लिया, उनके साथ मारपीट की। महिलाओं को भी थप्पड़ मारे। हवाई फायरिंग से हम लोग डर गए। वे बेटी को साथ ले गए। चाची ने बताया कि वह नाबालिग के साथ छत पर सो रही थी। उसके दोनों बच्चे नीचे कमरे में थे। इसी दौरान हमला कर बदमाश लड़की को ले गए।

### पैदल जा रहे...

जिसमें एक आयशर वाहन हादसे के समय गुजरता दिखा। पुलिस वाहन और ड्राइवर की तलाश कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम पंधाना में कराया, जिसके बाद जैन समाज के लोगों ने शिल्टिया गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। जैन समाज के लोगों ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की कि आरोपी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाए और सख्त कार्रवाई की जाए। पंडित श्रीगजेंद्र मुनि महाराज म.सा. नागपुर के रहने वाले थे। वे इंदरचंद के बेटे और बसंती लाल गोलेच्छा के भाई थे। उनके दो बेटे कैलाश एवं हेमंत गोलेच्छा हैं। आज गुरुवार सुबह 10 बजे नागपुर के वर्धमान नगर में वर्धमान नगर स्थानक में श्रद्धांजलि सभा रखी है।




**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 10X4cm
अन्य साईज में
@ Rs.40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू



R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13




## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपति से आय में बढ़ोतरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5824



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 5823 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5834

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5833 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

फुटकर विक्रेताओं की मुनाफावसूली से फलों के खुदरा भाव में महंगाई

# करोंद फल मंडी में तरबूज और खरबूज की हो रही बंपर आवक

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल



राजधानी के करोंद स्थित थोक फल मंडी में तरबूज और खरबूज की बंपर आवक हो रही है। थोक फल मंडी में अनार, अंगूर, नारियल, संतरा, मौसंबी, चीकू ,पाइनेप्पल, सेब और केला सहित सभी प्रकार फलों की रोजाना 15 से 20 गाड़ी की आवक हो रही है।

मंडी में सभी फलों के दाम कम है, लेकिन हाट बाजार, हाथ ठेलों और सड़क किनारों लगी फलों की फुटकर दुकानों में फलों के खुदरा विक्रेताओं की मुनाफावसूली के चलते फलों के फुटकर भाव में महंगाई हावी है। करोंद फल मंडी स्थित थोक फल कारोबारी कमल शेजवार के अनुसार मंडी में फलों की बंपर आवक है। तरबूज और खरबूज की छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, महाराष्ट्र, खंडवाल, लेटरी, होशंगाबाद आदि क्षेत्र से खूब आ रहा है। मंडी में तरबूज 10 से 12 रुपए किलो और खरबूजा (शकरबट्टी) 15 से 20 रुपए किलो के भाव है।

### नासिक सोलापुर से आ रहा अंगूर

फल व्यापारी कमल बताते हैं कि नासिक सोलापुर से अंगूर की दो ट्रक आवक रोजाना की है जो कि 40 से 60 रुपए किलो क्वालिटीनुसार के भाव बिक रहा है। जबकि कच्चा नारियल मैसूर, आंध्रा और कर्नाटक से पहुंच रहा है। इसकी आवक 4 से 5 गाड़ी रोजाना की है और मंडी में 30 से 36 रुपए नग क्वालिटीनुसार बोला जा रहा है। चीकू की आवक गुजरात लाइन से हो रही है यह 250 से 300 रुपए पेटी (10 किलो) के भाव, मौसंबी 40 से 50 रुपए किलो, पाइनेपल 50 से 60 रुपए और संतरा 40 से 90 रुपए किलो क्वालिटीनुसार है।

### स्टोरेज और आयातित सेब की बिक्री

*मंडी में जो सेब पहुंच रहा है वह स्टोरेज का माल और आयातित है। आयातित सेब 180 से 200 रुपए के भाव और देसी डिलीशन सेब 110 से 120 रुपए किलो बोला जा रहा है। करोंद फल मंडी स्थित थोक केला व्यापारी मो.असलम के अनुसार मंडी में खपत के अनुरूप माल कम पहुंच रहा है। केला उत्पादक क्षेत्र बुरहानपुर, भुसावल में कच्चे केले का मौजूदा भाव 2500 से 3500 रुपए क्विंटल क्वालिटीनुसार है। स्थानीय करोंद फल मंडी में 2 से 3 ट्रक रोजाना केला आ रहा है। फल मंडी में पका केला 600 से 700 रुपए कैरेट (21 से 22 किलो) के भाव बिक रहा है। तो राजधानी के फुटकर बाजार में खुदरा विक्रेता केला 50 से 70 रुपए दर्जन के भाव बेच रहे हैं।*

पीएम मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे

# एक दशक में 52 करोड़ खाते खुले 33 लाख करोड़ रु. का कर्ज बांटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अप्रैल 2015 में शुरू होने के बाद अब अपनी सफलता के 10 साल पूरे कर रही है। एसबीआई रिसर्च की एक नई रिपोर्ट सामने आई है, जो इस योजना के जमीनी स्तर पर उद्यमिता, वित्तीय समावेशन और देशभर में क्रेडिट एक्सेस पर पड़े दूरगामी प्रभाव को रेखांकित करती है।

रिपोर्ट बताती है कि इस योजना के तहत 33 लाख करोड़ के लोन बांटे गए है। वहीं 10 वर्षों में 52 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए है। रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत पिछले 10 वर्षों में कुल स्वीकृत ऋण 33 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। वित्त वर्ष 2014 में जहां यह आंकड़ा 8.5 लाख करोड़ था। वहीं, वित्त वर्ष 2024 में यह बढ़कर 27.25 लाख करोड़ तक पहुंच गया है।

अनुमानों के मुताबिक, यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025 में 30 लाख करोड़ से भी ऊपर जा सकता है। योजना के पहले तीन वर्षों में बांटे गए लोन अमाउंट की औसत वृद्धि दर 33 फीसदी रही, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। हालांकि, वित्त वर्ष 2023 में इसमें लगभग 36 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो भारत की आर्थिक संरचना के सबसे निचले स्तर पर उद्यमशीलता की वापसी का संकेत देती है। औसतन प्रति ऋण राशि लगभग तीन गुना बढ़ गई है। वित्त वर्ष 2016 में जहां यह 38,000 थी।

### एमएसएमई इकाइयों का आकार अब बड़ा हो रहा

पिछले 10 वर्षों में, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कुल 52 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए हैं, जिनमें से 78 फीसदी खाते शिशु श्रेणी (40 करोड़), 20 फीसदी किशोर (10 करोड़) और 2 फीसदी तरुण/तरुण प्लस (2 करोड़) श्रेणी के है। दिलचस्प बात यह है कि शिशु खातों की कुल हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2016 में 93 फीसदी थी, जो वित्त वर्ष 2025 में घटकर 51.7 फीसदी रह गई है। वहीं, किशोर खातों की हिस्सेदारी 2016 में 5.9 फीसदी थी, जो बढ़कर 2025 में 44.7 फीसदी हो गई है। यह साफ संकेत है कि कई शिशु खाते अब परिपक्व होकर ज्यादा ऋण सीमा वाले किशोर खातों में परिवर्तित हो चुके है- यानी एमएसएमई इकाइयों का आकार अब बड़ा हो रहा है।

खुदरा व्यापारी, स्टॉकिस्ट एवं मिलर्स-प्रोसेसर्स सभी को देना होगा स्टॉक का विवरण

# इच्छा, क्षमता के अनुरूप गेहूं की खरीदी के लिए स्वतंत्र, लेकिन सरकारी पोर्टल पर स्टॉक विवरण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



पीएम मोदी सरकार ने पिछले सप्ताह एक आदेश जारी किया था जिसके तहत 1 अप्रैल 2025 को सभी तरह के खरीदारों को अपने पास मौजूद गेहूं के स्टॉक का विवरण सरकारी पोर्टल पर देना होगा और उसके बाद प्रत्येक शुक्रवार को इसका अपडेट लोड करना पड़ेगा।

हालांकि सरकार ने गेहूं पर लागू भंडारण सीमा (स्टॉक लिमिट) की अवधि को 31 मार्च 2025 से आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया है,जिससे खुदरा व्यापारी, स्टॉकिस्ट एवं मिलर्स- प्रोसेसर्स अपनी इच्छा, क्षमता एवं जरूरत के अनुरूप गेहूं की खरीदी के लिए स्वतंत्र हो गए है, लेकिन किसके पास गेहूं का कितना स्टॉक मौजूद है इसका पता लगाने के लिए सरकार ने पोर्टल पर स्टॉक विवरण अपलोड करना अनिवार्य बना दिया है। जिन फर्मों ने इस पोर्टल के साथ रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है उसे यथाशीघ्र पंजीकरण करवाने के लिए कहा गया है। उसके बाद उसे भी स्टॉक का विवरण देना आवश्यक होगा। गेहूं के शानदार उत्पादन की संभावना को दिन में रखकर खाद्य मंत्रालय ने स्टॉक सीमा का आदेश तो वापस ले लिया है,लेकिन उसे इसके कुल स्टॉक का पता लगाना और इसे नियमित रूप से अपने संज्ञान में रखने की जरूरत महसूस हो रही है। पिछले साल का अनुभव काफी कड़वा रहा था। कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2024 में 1133 लाख टन गेहूं के रिकॉर्ड घरेलू उत्पादन का अनुमान लगाया था ।

# चीनी मिलें बंद होने से उत्पादन 248.50 लाख टन पर अटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गन्ना की भारी कमी के कारण चीनी मिलें लगातार तेजी से बंद होती जा रही हैं और इसके फलस्वरूप गन्ना क्रशिंग का सीजन जल्दी ही समाप्त होने की संभावना है। सहकारी चीनी मिलों की शीर्ष संस्था- नेशनल फेडरेशन ऑफ को ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज के आंकड़ों से पता चलता है कि चालू मार्केटिंग सीजन की पहली छमाही में यानी 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर चीनी का कुल उत्पादन घटकर 248.50 लाख टन पर अटक गया, जो 2023-24 सीजन की समान अवधि के उत्पादन 302.50 लाख टन से 18 प्रतिशत या 54 लाख टन कम रहा। मार्च 2025 के प्रथम पखवाड़े की तुलना में दूसरे पखवाड़े के दौरान चीनी के उत्पादन में 6 लाख टन की गिरावट दर्ज की गई।

### देश भर में करीब 234 चीनी मिलें बंद

*फेडरेशन के अनुसार केवल मार्च 2025 में ही देश भर में करीब 234 चीनी मिलें बंद हुई। इसे मिलाकर चालू मार्केटिंग सीजन में अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कुल 420 इकाइयों में गन्ना की क्रशिंग समाप्त हो चुकी है। इसके सापेक्ष अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान 331 इकाइयां ही बंद हुई थीं। 31 मार्च 2025 को देश की 113 चीनी मिलों में गन्ना की क्रशिंग जारी थी जबकि पिछले साल की समान अवधि में 204 चीनी मिलें क्रियाशील थीं। गत वर्ष मार्च में बंद होने वाली चीनी मिलों की संख्या 257 पर पहुंच गई थी इस बार शुरू से ही मिलों को गन्ना की पर्याप्त मात्रा हासिल करने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है।*

1 करोड़ 81 लाख 41 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान

# मलाबार गोल्ड ग्रुप ने उत्तर क्षेत्र के सात राज्यों की 2,190 छात्राओं को प्रदान दी की छात्रवृत्ति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी मलाबार ग्रुप ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में 2,190 प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर शिक्षा के माध्यम से युवतियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

लाभार्थियों में सात राज्यों- बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 73 स्कूलों की छात्राएं शामिल हैं। इससे देश के उत्तरी क्षेत्रों में शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है। इस कार्यक्रम में इन छात्राओं को कुल 1 करोड़ 81 लाख 41 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इससे ये छात्राएं बिना किसी आर्थिक अभाव के शिक्षा से जुड़े अपने सपनों को पूरा कर पाएंगी। छात्रवृत्ति वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (कॉरपोरेट मामले; और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) हर्ष मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति ने सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उपयोग करने में सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा: एमपी अहमद

मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहाकि मलाबार समूह का मानना है कि शिक्षा प्रगति की बुनियाद है और शिक्षा के माध्यम से युवा छात्राओं को सशक्त बनाकर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। ये छात्रवृत्ति वित्तीय सहायता से बढ़कर है- ये योग्य छात्राओं की आकांक्षाओं एवं क्षमताओं में निवेश है। उनकी शैक्षणिक यात्रा को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्रा वित्तीय मुश्किलों की वजह से अवसरों से वंचित ना रह जाए। वर्ष 1999 में अपनी स्थापना के बाद से ही मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट सामाजिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं के संचालन में अग्रणी रहा है।

**पश्चिम मध्य रेल**

सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण)
ई. निविदा सूचना – खुली निविदा
संख्या– उप.मु.इंजी/निविदा आमंत्रण सूचना/कोटा/02/2025 दिनांक 29.03.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप. मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या–** उप. मु. इंजी (नि) कोटा – 02 – 2025, **कार्य का विवरण –** मध्यप्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में रामगंजमंडी–भोपाल बड़ी नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में नयागांव पुरा कुमारा ब्यावरा खंड में सर्विस भवनों, एडीईएन कार्यालय एसएसई (पी. वे. एस एन टी, कार्य और पुल) कार्यालय, टीएमसी विश्राम गृह, एसपी, एसएसपी अधिकारी विश्राम गृह, अधीनस्थ विश्राम गृह, स्वास्थ्य इकाई, आरपीएफ पोस्ट और गैंग टूल बॉक्स अन्य विविध कार्यों में नाली सड़क और बाउंड्री दीवार आदि सहित अन्य विविध निर्माण कार्य करना। **निविदा खुलने की तारीख –** 21/04/2025, **अनुमानित लागत (रू.) –** 21,07,81,675.51 (दो पैकेट सिस्टम), पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई निविदा में तथा मुख्य परियोजना प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, कोटा के कार्यालय बोर्ड पर देखा जा सकता है। सभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा खोलने की तारीख से पहले नियमित रूप से वेबसाईट देखते रहें और निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दें। ऑफर सिर्फ ई–निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें। ई. निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें।

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल**

7 नंबर बस स्टॉप शिवाजी नगर भोपाल
प्रकरण क्रमांक-0821/अ-6/2024-25

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति मनीषा रायखेरे पत्नी श्री रामरूप रायखेरे निवासी : एच 23 स्टर्लिंग कैसल्स होशंगाबाद रोड़, भोपाल द्वारा ग्राम अहमदपुरकलां तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 63/1/1/1 (ड) का अंश भाग रकबा - 1098 वर्गफिट (102.04) वर्गमीटर भूमि का नामांतरण आदेश अमल किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 10 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जोने के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
नजूल वृत्त एम.पी. नगर, भोपाल

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी समूह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**भोपाल।** एलएनसीटी,एलएनसीटी एंड एस, एलएनसीटीई तथा एलएनसीपी भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हुआ,जो कि ग्राम मालीखेड़ी,जिला भोपाल में आयोजित किया गया था। उपरोक्त शिविर में विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण जन को नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वच्छ्ता, साक्षरता, उन्नत भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं डिजिटल इंडिया के बारे में घर-घर जाकर जानकारी दी गई। रासेयो स्वयंसेवको द्वारा गांव में रैली निकाल कर एवं नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिए आवश्यक जानकारी देकर जाग्रत किया गया । शिविर में रा.से.यो. के स्वयंसेवकों ने उपस्थिति दर्ज कर अपने व्यक्तित्त्व का विकास किया। शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह के अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जे एनसीटी प्रोफेशनल विश्वविद्यालय भोपाल एवं कार्यकारी सचिव एलएनसीटी समूह भोपाल, डॉ अशोक कुमार राय निदेशक प्रशासनिक एलएनसीटी भोपाल, डॉ. अनंत कुमार सक्सेना रासेयो कार्यक्रम समन्वयक बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, एवं राहुल सिंह परिहार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं ईटीआईप्रशिक्षक बरकतुउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल ने शिविरार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर सफल शिविर के लिए शुभकामनाएं दी।

### राधारमण में साइबर अपराध पर हुई कार्यशाला

**भोपाल।** राधारमण इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों से बचाव के उपायों पर जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि पुलिस मुख्यालय, भोपाल के उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा थे, जो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 5 के 25 लाख विजेता रह चुके हैं और केबीसी-8 में विशेषज्ञ पैनल के सदस्य के रूप में भी शामिल रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और वक्ता महेश श्रीवास्तव ने डिजिटल दुनिया में मौजूद खतरों और उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा की। कार्यशाला में छात्रों को साइबर अपराध, फिशिंग अटैक, डॉक्यूमेंट्री फ्रॉड, एथिकल हैकिंग, और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस दौरान प्रदीप मिश्रा ने बताया कि साइबर सुरक्षा आज के दौर में सिर्फ आईटी पेशेवरों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को इसके प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। विशेषज्ञ महेश श्रीवास्तव ने डिजिटल दुनिया में मौजूद खतरों और उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा की।

### आईसीएआई के नव नियुक्त सीआईसीएएसए पदाधिकारी ने संभाला कार्यभार



**भोपाल।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई), भोपाल शाखा की सीआईसीएएसए यह सूचना देते हुए खुशी महसूस कर रही है कि नव निर्वाचित प्रबंधन समिति ने 2025-26 के कार्यकाल के लिए आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला है। जिसमें प्रमुख रूप से सीए प्रदीप मुतरेजा अध्यक्ष, सौरव पटेल उपाध्यक्ष, हिरल ठाकुरसचिव, आशुतोष हरने कोषाध्यक्ष, यश गिदवानी कार्यकारी समिति सदस्य, शैली त्यागी कार्यकारी समिति सदस्य, ओजस्वी शर्माकार्यकारी समिति सदस्य शामिल रहे। गौरतलब है कि नव गठित छात्र समिति चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में उच्चतम पेशेवर मानकों को बनाए रखने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सीए प्रदीप मुतरेजा के नेतृत्व में और उनकी टीम के सहयोग से, भोपाल शाखा की सीआईसीएएसए का उद्देश्य पेशेवर विकास, छात्र सहभागिता, और विभिन्न समर्थन पहलों को मजबूत करना है। इस अवसर पर सीए प्रदीप मुतरेजा, अध्यक्ष, सीआईसीएएसए भोपाल ने समिति पर जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि टीम शाखा के विकास और आईसीएआई छात्रों के समग्र विकास में पूरी निष्ठा से कार्य करेगी।

### टेक-फर्स्ट ऑर्गेनाइजेशन ने की प्रोग्राम के पिच डे की मेजबानी

**मुंबई।** टेक-फर्स्ट ऑर्गेनाइजेशन गेम्स ने टेकएक्सपेडाइट एक्सलरेटर प्रोग्राम के पिच डे की मेजबानी की। इसमें 12 उभरते टेक स्टार्टअप्स ने निवेशकों, उद्योग जगत के अग्रणी लोगों एवं सरकारी प्रतिनिधियों के सम्मानित पैनल के समक्ष अपने इनोवेटिव समाधान प्रदर्शित किए। इन चुने गए स्टार्टअप्स में कोइरा, मैपल डॉट एआई, ग्लोवाट्रिक्स, लियाप्लस एआई, गैबिफाई, आर्फिकस, काइरोविजन, चिट्टू, नोहा डॉट एआई, स्पोडा, ज्यूरॉन डॉट एआई और बीएबल हेल्थ शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक मामले मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि टेकएक्सपेडाइट जैसी पहल अगली पीढ़ी के विचारों को पोषित करने, भारत में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने और मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। टेकएक्सपेडाइट के प्रभाव को लेकर गेम्स 24x7 के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ भविन पांड्या ने कहा कि 24 राज्यों से टेकएक्सपेडाइट को मिली शानदार प्रतिक्रिया भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में शानदार प्रतिभाओं का प्रमाण है और वास्तव में प्रेरणादायक है।

### एमजी ज्वेलर्स (उज्जैन वाले) के नए भव्य शोरूम का शुभारंभ




**भोपाल।** कोलार रोड सर्वधर्म कॉलोनी स्थित ज्वेलर्स के दूसरे शोरूम का शुभारंभ हुआ है शोरूम के संचालक योगेश सोनी ने बताया कि कोलार रोड में यह हमारा दूसरा भव्य शोरूम है, जहां पर आपको सोने के आभूषण एवं डायमंड के आभूषण की पूरी रेंज एक ही छत के नीचे देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है की शहर की जनता को यह भव्य शोरूम बहुत पसंद आएगा। इसके साथ ही हमारी मंथली स्कीम भी इस शोरूम में उपलब्ध है।

### असाटी ने नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरित की



**भोपाल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आनंद नगर भोपाल में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। 9 वीं एवं 10 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विधायक प्रतिनिधि अशोक गुप्ता असाटी ने नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे तथा छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महावीर कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज का परीक्षा परिणाम 95 फीसदी रहा



**भोपाल।** महावीर कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं रिसर्च, भोपाल के प्रथम बैच का एमबीबीएस अंतिम वर्ष 2024-2025 का परीक्षा परिणाम 95 फीसदी रहा है जोकि अत्यंत सराहनीय है। महावीर कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं रिसर्च, भोपाल मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान चिकित्सा विश्वविद्यालय, जबलपुर से संबद्धता प्राप्त है एवं एमबीबीएस अंतिम वर्ष 2024-2025 की परीक्षा में विश्वविद्यालय के अधीन प्रदेश के समस्त संस्थानों में द्वितीय स्थान पर रहा है। संस्था की छात्रा कु.अंजलि बिसेन ने प्रदेश में द्वितीय स्थान और कु.देवना शोभा खरे ने प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवांतित किया है एवं इसके अतिरिक्त 12 अन्य छात्र-छात्राओं ने भी 74-75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उक्त परिणाम संस्था की गुणवत्ता, शिक्षकों की मेहनत एवं पढ़ाई के उच्च स्तर को दर्शाता है।

### 50 फीसदी महिलाएं में समझ की कमी, जमा-पूंजी बनाने में बड़ी चुनौती



**नई दिल्ली।** एडलवाइस लाइफ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अनुप सेठ ने कहाकि सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं को फाइनेंस के बारे में अपनी जानकारी को बेहतर बनाने के साथ-साथ फाइनेंशियल प्लानिंग की जिम्मेदारी अपने हाथों में लेने के लिए भी आगे बढ़कर कदम उठाने चाहिए। कंपनी की ओर से हाल ही में जारी की गई एक स्टडी के नतीजे बताते हैं कि इस जेनरेशन की 50 फीसदी महिलाएं अलग-अलग तरह के फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स की समझ की कमी को अपनी जमा-पूंजी बनाने में एक बड़ी चुनौती मानती हैं। सामान्य तौर पर सैंडविच जेनरेशन में 35 से 54 साल के लोग शामिल होते हैं, जिन पर दो अलग-अलग जेनरेशन - यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी होती है। सेठ ने कहाकि लंबे समय से महिलाएँ अपने घरों में सीएफओ की भूमिका निभाने के साथ-साथ परिवार में रोजमर्रा की आर्थिक गतिविधियों को संभालती रही हैं। फिर भी ज़्यादातर महिलाएं लंबे समय की फाइनेंशियल प्लानिंग का काम अपने पिता या पतियों पर छोड़ देती हैं, चाहे वे कितनी भी पढ़ी-लिखी हों या कहीं भी रहती हों। हालांकि पहले की तुलना में इन दिनों उनकी भागीदारी थोड़ी बेहतर हुई है, लेकिन हमें ज़्यादा-से-ज़्यादा महिलाओं को आगे बढ़कर अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार करने की जरूरत है।

### अडाणी गंगावरम पोर्ट ने रेलवे ढांचे को मजबूत करने दो नए इंजन जोड़े

**नई दिल्ली।** देश के सबसे गहरे और अत्याधुनिक बंदरगाहों में से एक अडाणी गंगावरम पोर्ट ने अपने रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए दो नए डब्ल्यूडीजी3ए इंजनों को शामिल किया है। कंपनी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षमता, दक्षता और कार्गो की आवाजाही को बेहतर बनाना है।

नए इंजन शामिल करना, बंदरगाह की रेलवे नेटवर्क को अपग्रेड करने, कार्गो हैंडलिंग में सुधार करने और भंडारण एवं गोदाम सुविधाओं के विस्तार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। यह कदम क्षेत्र की बढ़ती लॉजिस्टिक्स मांगों को पूरा करने के लिए उठाया गया है। बंदरगाह ने पिछली तिमाही में दो नई क्रेनों को चालू किया है, जिससे पोत उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बुनियादी ढांचे में यह निरंतर निवेश बंदरगाह को समुद्री, रेलवे, सड़क और कन्वेयर संचालन में नए रिकॉर्ड स्थापित करने में मदद कर रहा है। अडाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि इन नए इंजनों को शामिल करना परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### ब्राइट आउडडोर का बीएसई पर दो शानदार वर्षों का सफर

**मुंबई।** ब्राइट आउडडोर मीडिया लिमिटेड का बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर सफर जुनून, रचनात्मकता और अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा हुआ है। 24 मार्च 2023 को अपनी यादगार आईपीओ के साथ शुरुआत करने के बाद से कंपनी ने पारंपरिक तरीकों को डिजिटल परिवर्तन के साथ सहजता से मिश्रित कर इस उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया है। अभिनव विचारों और प्रेरक सहयोगों के साथ, ब्राइट आउडडोर ने शहरी परिदृश्यों को बदल दिया है, उन्नत डिजिटल एलईडी स्क्रीन को एकीकृत करके शहरों को जीवंत बना दिया है और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया है।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल**

Phone No.- 07141-234708, Fax No.:07141-234708
E-mail:dfotwbetul@mp.gov.in

क्रमांक/व्यय/ 2025/01 — बैतूल, दिनांक 01/04/2025

// औद्योगिक बांस के अग्रिम विक्रय हेतु निविदा का विज्ञापन //

कार्यालय पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत संलग्न सूची में दर्शायें अनुसार बांस वृक्षारोपण क्षेत्रों में स्थापित बांस भिर्रो का बांस विदोहन, परिवहन एवं विक्रय हेतु उक्त अधिसूचना की शर्तों के अन्तर्गत अग्रिम ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा के संबंध में संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

1. करारनामे की अवधि दिनांक 31.12.2025 तक ।
2. प्रथम निविदा देने की तिथि एवं स्थान दिनांक 02.04.2025 सायं 05:00 बजे तक Online Web Portal www.mptenders.gov.in पर ।
3. सत्यंकार की राशि पोर्टल पर दर्शित राशि Online जमा करनी होगी।
4. प्रथम निविदा खुलने की तिथि एवं स्थान दिनांक 17.04.2025 को कार्यालय पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल के कार्यालय में दोपहर 12:30 बजे।
5. टेण्डर फार्म :- टेण्डर फार्म पोर्टल पर उपलब्ध है।

निविदा की अन्य शर्तें पोर्टल पर उपलब्ध है।

बांस वृक्षारोपण क्षेत्रों में स्थापित बांस भिर्रो का बांस विदोहन, परिवहन एवं विक्रय हेतु अनुमानित मात्रा एवं निविदा शर्तों आदि की विस्तृत जानकारी कार्यालय पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल से कार्यालयीन समय में, विभाग की बेवसाइट www.mpforest.gov.in अथवा उपरोक्त दर्शित पोर्टल www.mptenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

G-11049/25

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय अधीक्षक सब जेल नरसिंहगढ़ जिला राजगढ म.प्र.**

क्रमांक 621/निर्वाह / 2025 — नरसिंहगढ़ दिनांक 01.04.2025

:: ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना ::
वर्ष 2025-26 हेतु
(तृतीय आमंत्रण)

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र.भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सब जेल नरसिंहगढ़ में परिरुद्ध बंदियों के लिये खाद्यान्न, सब्जियां, स्वच्छता, दवाईया, भवन निर्माण सामग्री, विद्युत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु वार्षिक निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मीटिंग की तिथि | दिनांक 08.04.2025 को समय प्रातः 12:00 बजे | सब जेल नरसिहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में, |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य 1000/- रुपये प्रतिफार्म - राशि लेखा शीर्ष 0056, जेलें- 800 अन्य प्राप्तियां में आनलाईन जमा की जावेगी) | दिनांक 22.04.2025 समय शाम 6:00 बजे तक | वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगें। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 22.04.2025 समय शाम 6:00 बजे तक | वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि (उक्त दिनांक को नमूना गुणवत्ता परीक्षण भी किया जावेगा) - | दिनांक 24.04.2025 समय दोपहर 12:00 बजे | सब जेल नरसिहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में, |
| 5. | तकनीकी निविदा ( आवश्यक दस्तावेज ) खोलने की तिथि | दिनांक 25.04.2025 समय दोपहर 12:00 बजे | सब जेल नरसिहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में, |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.04.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे | सब जेल नरसिहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में, |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दशाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही संबंधित जेलों के जेल अधीक्षकों द्वारा की जावेगी। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाइट पर किया जाएगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रो में नही किया जाएगा।

जेल अधीक्षक
सब जेल नरसिहगढ़

जी-11064/25

" पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार "

## चिंतन

# वक्फ संशोधन न धार्मिक हस्तक्षेप, न असंवैधानिक

वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है और न ही असंवैधानिक है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आएगा, जिसके बाद वक्फ बोर्ड के लिए संपत्ति प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लोकसभा में पेश किया गया है, जिसके बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। सरकार ने इसे सुधारात्मक कदम बताया है तो विपक्ष इस बिल को मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताकर इसका तीखा विरोध कर रहा है। सरकार के मुताबिक इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, जटिलताओं को दूर करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रबंधन शुरू करना है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया है। दीगर बात तो यह है कि पहली बार नहीं है, जब वक्फ कानून में संशोधन हो रहा है। देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया था। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया और धारा-40 जोड़ी गई। मौजूदा वक्फ अधिनियम की धारा-40 वक्फ बोर्ड और ट्रिब्यूनल को किसी संपत्ति को अपनी जमीन घोषित करने की ताकत देता है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की ताकत मिली है। वक्फ बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अभी तक वर्ष 1955 में, वर्ष 1995 में और वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन हो चुका है या कानून बदला गया है। यह संसद से हुआ है, इसलिए मौजूदा संशोधन असंवैधानिक नहीं है। संसद को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। देशभर में वक्फ बोर्ड के पास आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन है। 2009 में वक्फ बोर्ड के पास कुल 4 लाख एकड़ जमीन थी। 16 वर्ष में जमीन दोगुणी हो गई, कैसे?। देश में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड है। यूपी और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड भी हैं। वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है। वक्फ न्यायाधिकरणों की अभी तक कोई न्यायिक निगरानी नहीं है। इसके चलते कई दुरूपयोग की खबरें आईं। पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा ठोक दिया। तमिलनाडु के एक गांव थिरुचिंथुरई पर ही वक्फ ने दावा ठोक दिया, जिससे समूचे गांव के किसान परेशान हुए। वर्ष 2024 में बिहार के गोविंदपुर गांव पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। केरल के एर्नाकुलम में 600 ईसाई परिवार की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। कर्नाटक के विजयपुरा में 15000 एकड़ जमीन पर राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ जमीन घोषित कर दी। वक्फ अधिनियम केवल एक धर्म पर लागू होता है। किसी अन्य धर्म के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के संविधान में ऐसा कानून संविधान की भावना का उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में वक्फ बोर्ड की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए गए थे। नए वक्फ विधेयक के बाद धारा-40 खत्म हो जाएगी और वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी। कोई भी कानूनी बोर्ड धार्मिक आधार पर फैसले नहीं कर सकता है। वक्फ एक्ट में संशोधन संवैधानिक है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की जीवीसी में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, स्टील, लेदर व फुटवियर आदि शामिल हैं।

यकीनन 2 अप्रैल से लागू डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है।

इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, सोलर पीवी, कैपिटल गुड्स, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, लेदर व फुटवियर, फार्मास्युटिकल्स, टेलीकाम उपकरण और एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, लम्बे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। पिछले दिनों 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने



ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण करने के मद्देनजर रणनीति तय की है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुईं। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



डिजिटल युग
डॉ. ज्योत्सना शर्मा

# साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध।

अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्त्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास



संकलित
दर्शन

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास, जिसे लंघन के नाम से भी जाना जाता है, को बहुत महत्व दिया जाता है।

## आपके भीतर की मनःस्थिति है खुशी का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मनःस्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्त्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है। परफेक्शन छिपा हुआ है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है।

## सटाका




## आज की पाती

### प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

*– रमेश चौधरी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सहकारी शिक्षा

अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### भाषा विवाद गलत

जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### विपक्षी दल एकजुट

सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### नंदघर का सपना

जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोजगार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।
**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**



## करंट अफेयर

# खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती हैं




बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।

## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**मंडीदीप।** वार्ड 4 के विमान चौक पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। भागवताचार्य कुलदीप कृष्ण आचार्य ने कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, भगवान ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती वासियों की करुण पुकार सुनकर भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में देवकी के आठवें पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। भागवताचार्य कुलदीप कृष्ण आचार्य ने बुधवार को कई प्रसंगों का वर्णन किया।

### सुनील जैन ने किया अध्यक्ष का पद ग्रहण



**औबेदुल्लागंज।** सुनील जैन तामोट ने श्री महावीर परमार्थिक ट्रस्ट एवं जैन समाज का अध्यक्ष पद ग्रहण किया। तामोट कई वर्षों से कोषाध्यक्ष थे, उनकी पत्नी मीना तामोट, समाज में सक्रिय हैं। इसीलिए सुनील जैन प्रभावशाली अध्यक्ष साबित होंगे। मुकेश जैन, सुनील वर्धमान, प्रदीप शिरोमणि, अनुराग नीति जैन, तरुण इंदिरा जैन, संतोष जैन, विनय जैन, नरेश दादा, महिला मंडल अध्यक्ष आशा रानी आदि ने शुभकामना दी।

### मुस्लिम समाज शांतिपूर्ण ईद मनाने पर माना आभार



**औबेदुल्लागंज।** मुस्लिम समाज के सदर गुड्डू, फरहान हसन, अलीम हसन, अशफाक मौलाना, पार्षद आमिर ममनून, मजीद, सलीम बाबा, राजा सिद्दीकी, नफीस, अकील, डॉ. केके मुरारी, सगीर, अफसर आदि लोगों ने ईद पर सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। नगर परिषद, पुलिस विभाग, हिंदू उत्सव समिति का भी आभार माना।

### यूरोलॉजी शिविर में गरीबों के साथ अमीर भी पहुंचे



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर में 100वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर में पहले गरीब लोग आया करते थे, लेकिन अब इस बार शिविरों में निर्धन परिवार के रोगियों के साथ-साथ ऐसे लोग जिनके पास आयुष्मान कार्ड है, अथवा जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर नहीं हैं वे लोग भी यहां आकर ऑपरेशन करवाए हैं। अजय भगत, (44) निवासी कोल्हापुर महाराष्ट्र जिले में स्टील कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। उन्होंने यहां आकर प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर झुग्गी में मंगलवार शाम एक युवक दीपक राव पिता मोहनलाल (27) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने और घबराहट होने पर परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां से जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 880 | 66 | 367 |
| रात: | 367 | 63 | 157 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 234 | 93 | 166 |
| रात: | 223 | 79 | 270 |

## चैती चांद के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या और सिंधी मेले का आयोजन

# प्रियंका और प्रिया के सिंधी गीतों ने बांधा समां... बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोताओं ने सिंधी व्यंजनों का उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति व सहयोगी संस्था स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट सिंधु जाग्रति सेवा समिति द्वारा सिंधी समाज का पावन पर्व चैती चांद के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास एण्ड प्रिया म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रियंका केसवानी (मुंबई), प्रिया ज्ञानचंदानी (नागपुर) व विकास उदासी (रीवा) ने दी रंगारंग प्रस्तुति। समिति द्वारा खचाखच श्रोताओं से भरे साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड पर सिंधी सांस्कृतिक संध्या के साथ-साथ सिंधी मेले का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सिंधी व्यंजन के स्टाल, साउथ इंडियन के स्टाल व बच्चों के लिए झूले लगाए गए थे।





### संत नगर के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध: रामेश्वर

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, अध्यक्ष हीरो भाउ ज्ञानचंदानी व विशेष अतिथि पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, भाजपा नेता राम बसंल ने भगवान झूलेलाल, सतगुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज, परमहंस संत हिरदाराम साहिब, सतगुरु स्वामी देवप्रकाश महाराज जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी को चैती चांद, नववर्ष व नवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि विगत 7 दिनों से सिंधी समाज का पर्व चैती चांद बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। संत नगर के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शीघ्र ही बडी दो फ्लायओवरों का आप लोगों को सौगात मिलने वाली है। इसके अलावा बडी योजना सीवेज लाइन का भी कार्य शुरू होने वाला है। उसके बाद संत नगर के रोडों का डामरीकरण होगा। सबसे पहले भगवान झूलेलाल के गीतों पर सभी अतिथियों ने जमकर नृत्य किए।

### पैसो आ पैसो आ पैसो आ... गीतों पर खूब झूमे लोग

कलाकार विकास उदासी, प्रिया ज्ञानचंदानी व प्रियंका केसवानी ने सिंधी गीत पैसो आ पैसो आ पैसो आ, हथ मथे करें व लाल मुंहिजी पत पर अपनी प्रस्तुति दी। कशिश डांस ग्रुप द्वारा सिंधी गीतों पर डांस पेश की गई। नेन्सी भावनानी ने एकरिंग का संचालन किया। जिस पर धर्मप्रेमीबंधु झूम उठे।

### सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय सिंधी मेला 12 अप्रैल से

**संतनगर।** सिंधी मेला समिति द्वारा 12 एवं 13 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का आयोजन किया जा रहा है। सिंधी मेला समिति का यह आयोजन इस वर्ष अपने 28वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी व महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस मेले की तैयारियों को लेकर कबीर कुटिया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त साथियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस वर्ष मेले को आकर्षक बनाने के लिए तारक मेहता का उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना गोली, गोगी एवं टप्पू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। साथ ही देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकॉक) को भी इस सिंगिंग के लिए आमंत्रित किया गया है।

## हबीबिया तिराहा और गुनगा थाना के रतुआ जोड़ पर हुए हादसे

# सड़क हादसे में दो मासूमों की मौत, एक को स्कूल बस ने, तो दूसरे को ट्रक ने कुचला

*बस ने मां को मारी टक्कर, हाथ से उछलकर बस के पहिए के नीचे आई चार महीने की बच्ची, हुई दर्दनाक मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित हबीबिया तिराहा पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में चार महीने की बच्ची की मौत हो गई। दरअसल, मां मंडीदीप से भोपाल स्टेशन जाने के लिए अपनी चार महीने की बच्ची को लेकर निकली थी। हबीबिया तिराहा पर पहुंचने के बाद वह बच्ची को लेकर पैदल स्टेशन की तरफ जा रही थी, तभी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां और बच्ची सड़क पर गिर गए। इस दौरान बस का पिछला पहिया बच्ची को चपेट में लेकर गुजर गया। पुलिस ने स्कूल बस बरामद कर ली है। आरोपी बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी जितेंद्र गुर्जर ने बताया कि गीता बाई कुशवाह सतलापुर मंडीदीप की रहने वाली है। बुधवार सुबह वह अपनी चार महीने की बेटी दीक्षा कुशवाह को लेकर मंडीदीप से निकली थी। सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास वह भोपाल स्टेशन के हबीबिया तिराहा पर पहुंची। वहां से पैदल बच्ची को लेकर भोपाल स्टेशन की तरफ जा रही थी। इसी बीच निजी स्कूल की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मामूली थी, लेकिन टक्कर लगने से वह गिर गई और उनकी गोद से दीक्षा भी सड़क पर गिरी थी। सड़क पर गिरते ही बस का पिछला टायर दीक्षा के सिर के ऊपर से निकला। टायर के चपेट में दीक्षा का सिर आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के समय बस में बच्चे नहीं थे। बच्चों को स्कूल छोड़कर आते समय हादसा हुआ।

### दंपती की कहासुनी के बाद बच्ची को लेकर भोपाल पहुंची थी






बताया जाता है कि गीताबाई की पति तखत सिंह से कहासुनी हुई थी। कहासुनी बढ़ने के बाद वह घर से बच्ची को लेकर निकल गई थी। उसे अपने मायके जाना था। वह बस और ऑटो की मदद से भोपाल हबीबिया तिराहा पहुंची। इसके बाद रेलवे स्टेशन की तरफ जा रही थी, तभी उनके साथ हादसा हो गया।

### सड़क किनारे परिवार के साथ खड़े स्कूटर सवार को ट्रक ने मारी टक्कर 6 साल की बच्ची की मौत

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित रतुआ जोड़ पर सड़क किनारे परिवार के साथ खड़े स्कूटर में ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता और पुत्री को गंभीर चोट आई थी। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि पिता का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी हरिसिंह वर्मा ने बताया कि आमना अली पिता जाहिद अली (6) शेरपुरा बैरसिया में रहती थी। मंगलवार शाम को वह अपने परिवार के साथ ग्राम रुसल्ली में रहने वाली बुआ के घर ईद मनाने के लिए सीहोर गई थी। रात करीब साढ़े 11 बजे पूरा परिवार बैरसिया अपने गांव लौट रहा था। रतुआ जोड़ पर जाहिद अली ने सड़क किनारे स्कूटर रोका और परिवार नीचे उतरकर खड़ा था, तभी भोपाल की तरफ से आ रहे ट्रक के ड्राइवर ने तेजी और लापरवाही से ट्रक चलाते हुए स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटर के पास खड़े मोहम्मद जाहिद अली और उनकी बेटी आमना अली को गंभीर चोट आई थी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर सुबह करीब तीन बजे के आसपास डॉक्टर ने आमना अली को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि ट्रक गेहूं से भरा था और बैरसिया मंडी जा रहा था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है।



## नजीराबाद थाना क्षेत्र के बरखेड़ा कलां गांव में हादसा

# गेहूं निकालते समय थ्रेशर में हाथ फंसने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव बरखेड़ा कलां में गेहूं निकालते समय एक किसान का हाथ थ्रेशर में फंस गया। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि गांव बरखेड़ा कला निवासी अर्जुन गिरी (27) किसान था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटी बेटी हैं। मंगलवार सुबह अर्जुन अपने खेत पर थ्रेशर से गेहूं निकाल रहा था, तभी उसके दोनों हाथ थ्रेशर की साफ्ट में फंसकर कट गए।

मौके पर मौजूद परिजन उसे इलाज के लिए तत्काल बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। थ्रेशर में हाथ जाते ही अत्यधिक मात्रा में खून बहने लगा था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचते इससे पूर्व ही काफी खून बह चुका था और डॉक्टर ने चेक करते ही अर्जुन को मृत घोषित कर दिया।

## पत्नी की मौत से दुखी ट्रक क्लीनर ने घर मं फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित ट्रांस्पोर्ट नगर कोकता में मंगलवार शाम ट्रक क्लीनर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि चार साल पहले उसकी पत्नी का निधन हो गया था। पत्नी की मौत के बाद तीन बच्चों की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। पुलिस के अनुसार लक्ष्मण प्रजापति (42) ट्रांसपोर्ट नगर कोकता में रहता था और ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। मंगलवार शाम उसने अपने घर में फांसी लगा ली। बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि चार साल पहले पत्नी की मौत हो गई थी, जिसके बाद लक्ष्मण पर तीन बच्चों की जिम्मेदारी आ गई थी। सबसे बड़े 17 साल के बेटे ने पुलिस को बताया कि मां के निधन के बाद से पिता परेशान रहते थे।

## स्कूल में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

# सिर्फ कक्षा की पढ़ाई ही नहीं प्रैक्टिकल अनुभव भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के शासकीय विद्यालयों में बुधवार को स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से नई ऊर्जा का संचार किया।

शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी ने बताया कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को भविष्य से भेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे, शिक्षाविद शेरसिंह चौहान, अंनत मालवीय, आकाश रघुवंशी रहे। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक ही सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति होते हैं। सुरक्षा एवं कानूनी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ कक्षा की पढ़ाई ही नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल अनुभव जरूरी है। शिक्षक विद्यार्थियों को फील्ड विजिट कराएं। उन्हें मौलिक अनुभव दें।





## थाना प्रभारी सराठे ने कमान संभालते ही निकाला पैदल मार्च

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मंडीदीप के नवागत थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने गत दिवस थाने का पदभार संभाला है। इसके बाद लगातार उनके द्वारा पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च कर रहे हैं। बुधवार को भी थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने नगर की दुकानों में पहुंच कर जांच की और धार्मिक स्थल के आसपास, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान कर रहें लोगों को देखकर फटकार लगाई। फ्लैग मार्च के दौरान शहर के लोगों से भी बातचीत की। नवागत थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने बताया कि प्राथमिक तौर पर शहर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रहेगा। सूचना मिलने पर असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अमन चैन शांति रहे, इसके लिए पुलिस के साथ- साथ आम नागरिकों को भी पुलिस से साथ जोड़ा जाएगा।

## पटवा ने गेहूं उपार्जन केंद्र का किया शुभारंभ

# किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में सरकार कर रही काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने बुधवार को गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया। कांटा पूजन कर आरती की। किसानों को संबोधित करते हुए पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड, बीमा योजना, किसानों को ऋण आदि की व्यवस्था सरकार कर रही है।

गेहूं खरीदी में भी किसानों को रेट बढ़ाकर सरकार गेहूं खरीद रही है। इस अवसर पर जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ओपी मीणा, वरिष्ठ हेमराज मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने भी किसानों की योजनाओं पर प्रकाश डाला। विलोटा श्रीवेयरहाउस के मलिक पार्षद दीपू परमार ने पटवा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद भारती सेठी, नरेंद्र शर्मा, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, बागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह, माधव यादव, गजेंद्र नागर, रामकिशोर चौहान तामोट, कोमल चौहान आदि मौजूद थे।



### खेड़ापति माता मंदिर में भक्तों की भीड़

**औबेदुल्लागंज।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर हीरानिया का खेड़ापति माता मंदिर में भक्तों का भारी भीड़ उमड़ रही है। सदियों पुराना यह मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु माता के दरबार में सच्चे भाव से आता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। माखन सिंह नागर, उमेश नागर, उत्तम यादव, रामेश्वर नागर, योगेश तिवारी, जेपी मिश्रा, संजय नागर, मेहताब सिंह, सुरेंद्र नागर, पीडी शर्मा, रवि नागर, शुभम नागर ने बताया कि इस मंदिर की मान्यता सदियों पुरानी है। जब कोई व्यक्ति शादी से पहले वर वधू के परिवारजन माता के दरबार में आते हैं तो ढोल-नगाड़ों और शहनाइयों और माता के भजनों के साथ नाचते गाते हुए पहुंचते हैं। मंदिर में पहुंचकर पिंड भरने की रस्म पूरी की जाती है। नवरात्रि के दिनों में मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है।

## दोनों परिवार के बीच चल रही थी शादी की बात

# महिला बैंककर्मी से दुष्कर्म, तीन लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में महिला बैंककर्मी से दुष्कर्म और अड़ीबाजी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कथित प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म व अड़ीबाजी समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में रहने वाली 29 साल की युवती बैंक में नौकरी करती हैं। कुछ साल पहले उनकी मुलाकात तरुण धाड़से से हुई थी। तरुण अशोका गार्डन क्षेत्र में रहता है और प्राइवेट जॉब करता था। गत दिनों से वह बेरोजगार है। कुछ ही दिनों में उनके बीच दोस्ती हो गई और दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। इसकी जानकारी परिजन को लगी। दोनों परिवार के बीच बातचीत हुई और रिश्ता भी तय हो गया। इस बीच नवंबर 2023 में आरोपी तरुण ने पहली बार युवती से शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसने कहा कि वैसे भी जल्द ही हमारी शादी होने वाली है। यह सुनकर पीड़िता खामोश रह गई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी ने कई बार पीड़िता का दैहिक शोषण किया। इस बीच अलग-अलग बहाने और मजबूरियां बताकर उसने युवती से करीब तीन लाख रुपए भी हड़प लिए। युवती के परिजन शादी की तारीख तय करने का दबाव तरुण के परिजन पर बना रहे थे, लेकिन वह लगातार टाल-मटौल करते रहे। गत दिनों युवती ने भी तरुण पर शादी का दबाव बनाया, लेकिन इस बार आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद दसवीं की छात्रा से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

पिपलानी के इन्द्रपुरी में दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी इंजीनियरिंग की करीब छह महीने पहले 17 साल की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। तीन महीने पूर्व मिलने बहाने से आरोपी उसे अपने किराए के कमरे पर ले गया और वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपी ने बार-बार छात्रा से शारीरिक संबंध बनाए। घटना का खुलासा दो दिन पूर्व उस समय हुआ, जब छात्रा के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां पता चला कि वह गर्भवती है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई थी। बयान लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बागसेवनिया स्थित कॉलोनी में रहने वाली 17 साल की किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है। कुछ समय पूर्व इंस्टाग्राम पर छात्रा की दोस्ती अजय गुप्ता नामक युवक से हुई थी। वह निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग का छात्र है।

## खेड़ापति माता मंदिर परिसर हिरानिया में हो रहा आयोजन

# भव्य कलश यात्रा के साथ भैरव बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के समाज सेवी द्वारकादास, अर्जुन अरोरा, अनिल अरोरा, प्रदीप अरोरा परिवार ने विशाल कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा मंडी दुर्गा मंदिर से शुरू होकर खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया पहुंची। मंदिर परिसर में भगवान भैरव बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ। बुधवार को खेड़ापति माता मंदिर समिति, बहावलपुरी समाज, व्यापार महासंघ, समस्त महिला मंडल एवं भैरव बाबा के भक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए।





औबेदुल्लागंज में भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित होने से नगर में सुख-शांति और समृद्धि आएगी। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, जेपी शर्मा, नीरज चावला, कैलाश डब्बू नागर, दिनेश सेन, नितेश वैष्णव, मनोज चौरसिया, बल्लू अरोरा, गिरीश चावला, राकेश दुबे, खेड़ापति माता मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. माखन सिंह नागर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिन जेपी मिश्रा, संरक्षक रामकिशोर शर्मा, नारायण सेन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा आदि लोग शामिल हुए।

# देशज परंपरा की अनूठी बानगी बनी विश्वरंग की फिल्म गणगौर गाथा

## फाउंडेशन की पहल पर पोडियम टीम के युवा फिल्मकारों ने संजोई लोक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक संस्कृति और पंरपरा के बहुरंगी पर्व गणगौर पर केंद्रित लघु फिल्म गणगौर गाथा इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। विश्वरंग फाउंडेशन के लिए इस अनूठे चलचित्र का निर्माण युवा फिल्मकार आदित्य उपाध्याय के निर्देशन में द पोडियम टीम ने किया है। गणगौर गाथा की विशेष स्क्रीनिंग 13 अप्रैल को शाम 5.30 बजे तुलसी नगर स्थित नर्मदा सभागार में की जाएगी। पोडियम टीम, युवा सिनेकर्मियों तथा कलाकारों का रचनात्मक समूह है जो सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सरोकारों के उद्देश्यपूर्ण फिल्मांकन के लिए सक्रिय है। गत वर्ष इस टीम ने गणगौर पर्व के अवसर पर मध्यप्रदेश के पूर्व और पश्चिम निमाड़ के गांव-देहातों की सांस्कृतिक यात्रा की। इस दौरान इस पर्व से जुड़े अनुष्ठान, तथा पारंपरिक नृत्य-संगीत और अन्य संलग्न गतिविधियों का वास्तविक फिल्मांकन किया।

विशेष सक्रीनिंग 13 अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे से तुलसी नगर के नर्मदा भवन में

गत वर्ष टीम ने पर्व पर मप्र के पूर्व और पश्चिम निमाड़ के देहात की यात्रा की



### संतोष चौबे के मुख्य मार्गदर्शन में हुआ फिल्म निर्माण

संस्कृतिकर्मी-साहित्यकार संतोष चौबे के मुख्य मार्गदर्शन में निर्मित इस फिल्म की परिकल्पना और शोध आलेख के साथ ही वाचक स्वर संस्कृतिकर्मी-कला समीक्षक विनय उपाध्याय का है। इस फिल्म का वीडियो संपादन निखिल कुमार अरमान आर्य सिन्हा तथा अभिषेक कनौजिया ने किया है। छायांकन अनिरूद्ध चौथमल, आशीर्वाद मंडल और हेमांग कुरील का है। ध्वन्यांकन तनिष्क भूरिया ने किया है जबकि कोरियोग्राफी लोक नर्तक संजय महाजन की है।

### अनुष्ठान की पवित्रता के साथ पूजा-प्रार्थना बताती फिल्म

यह फिल्म बताती है कि एक सिरे पर आध्यात्म के गहरे रंग, अनुष्ठान की पवित्रता, पूजा-प्रार्थना और निवेदन तो दूसरे सिरे पर लोकरंजन में आकंठ डूबा तन-मन एक आदिम सुख की इच्छा से भरकर गणगौर में थिरकने लगता है। दूसरे सिरे पर रनुबाई यानी निमाड़ की स्त्री को ही अधिष्ठात्री देवी मानकर उसका गुणगान किया जाता है। गीत की कड़ियों और लय की लड़ियों में लहराते संगीत तो यहां दूर देश को ब्याही रनुबाई की अपनी सखियों के संग ठिठोली है, तो प्रेम, ममत्व, करूणा, वात्सल्य और वियोग भी है। यह फिल्म लोकपर्व के उन महत्वपूर्ण पक्षों को भी सामने लाती है जहां धर्म, संस्कृति, विज्ञान और अध्यात्म मिलकर मनुष्यता का उत्सवी रूपक बन जाते हैं।

## रमाकांत आर्ट गैलरी में एग्जीबिशन आज

**भोपाल।** ध्रुपद संस्थान भोपाल की राग (रमाकांत आर्ट गैलरी) में गुरुवार शाम 6.30 बजे फेमस पेंटर लक्ष्मीनारायण भावसार चित्र एवं शिल्प कला का उद्घाटन करेंगे। देश के प्रतिष्ठित कलाकारों की पेंटिंग और स्कल्पचर की एग्जीबिशन दर्शकों के लिए 3 से 8 अप्रैल सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक रमाकांत आर्ट गैलरी में खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में फैजल मतीन, राकेश कुमार सोनी, सैम वर्गीज, प्रेमशंकर एवं अन्य कलाकारों के साथ मप्र राज्य रूपत्कर पुरस्कार चित्रकला श्रेणी में नीतेश पांचाल, प्रीति पोद्दार, दिव्या पोरवाल, मनीषा जैन, छाया दुबे, हूमा खान एवं महेश पाल की कलाकृतियां शामिल हैं।

## आईटी एक्सपर्ट ने कहा-आर्थराइज्ड पर्सन आपकी इमेज का कर सकता है मिस यूज


# जिबली आर्ट ने शुरू की एक नई बहस, क्या हो सकता है जिबली आर्ट से नुकसान?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों सोशल मीडिया पर गिबली, घिबली या जिबली से बनी इमेजेस काफी ट्रेंडिंग में है। स्टूडियो जिबली ट्रेंड चैट जीपीटी एआई टूल का हिस्सा है। जहां अपनी फोटो डालकर कार्टून या एनिमेशन वाली फोटो बनकर आती है। सेलेब्स हो या आम जनता सब इस ट्रेंड को खूब फॉलो कर रहे हैं। दबाकर रील बना रहे हैं, जिसे देखो गिबली के थ्रू अपनी इमेज अपलोड कर रहा है। लेकिन इस आर्ट ने एक नई बहस शुरू कर दी है।

वहीं कुछ का दावा है कि ये सुरक्षा के लिहाज से काफी खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि इसमें आप अपनी इमेज चैट जीपीटी एआई टूल को सेंड कर रहे हैं। ऐसे में इस इमेज के मिस यूज होने के भी चांसेस हैं। जहां फिल्म इंडस्ट्री के महान दिग्गजों से लेकर आम जनता तक ने जिबली आर्ट के जरिए अपनी कार्टून इमेजेस अपलोड की हैं।



### गायक विशाल ददलानी ने कहा-यह आर्ट फॉर्म की चोरी है...

वहीं, प्रसिद्ध गायक विशाल ददलानी ने कहा कि वे इस ट्रेंड का हिस्सा नहीं बनना चाहते। उन्होंने सोशल मीडिया पर कमेंट किया कि यह एक प्रकार से आर्ट फार्म की चोरी है। यह असल कलाकारों के बनाए आर्ट वर्क की बिना इजाजत नकल कर रहा है। ये उनकी सारी जिंदगी की मेहनत की कमाई और क्रिएटिव वर्क है।


### लोगों ने इतना प्रयोग किया कि चैटजीपीटी का सर्वर हुआ डाउन

वहीं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल चैटजीपीटी जिबली का ऐसा ट्रेंड था कि बीते रविवार चैटजीपीटी का सर्वर दुनिया भर में डाउन हो गया। जिसका कारण था कि गिबली इमेज जनरेटर के ज्यादा यूज था।

### कियारा से लेकर बच्चन तक ने बनाया अपना जिबली फोटो



जिबली आर्ट में कियारा आडवाणी, अमिताभ बच्चन, परिणीति चोपड़ा से लेकर कई ढेर सारे सेलेब्स ने अपने फोटोज शेयर किए। लगातार इंटरनेट की दुनिया में इस ट्रेंड की चर्चा हो रही है, सोशल मीडिया पर भी लाखों लोगों ने इस आर्ट फार्म का प्रयोग किया। लेकिन कईयों ने इस आर्ट से दूरी बनाई।



### पांच प्वाइंट में बताए दुरुपयोग

*वहीं, रोबोट्रोनिक्स इंजीनियरिंग टेक के संस्थापक एवं सीईओ भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि आप अपनी इमेज किसी प्लेटफॉर्म जैसे चैट जीपीटी पर अपलोड करते हैं तो इसके कुछ रिस्क हो सकते हैं।*



1. **टर्म्स एंड कंडीशन-** अगर आप अपनी फोटो किसी भी प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर रहे हैं तो हमेशा टर्म्स एंड कंडीशन पढ़ें, तभी अपनी इमेज किसी प्लेटफार्म पर अपलोड करें, इसमें ध्यान दें कि प्लेटफार्म ट्रस्टेड है या नहीं।
2. **प्राइवेसी-** प्राइवेसी के अंतर्गत एनालिसिस होता है और आपकी इमेज को किसी भी प्लेटफॉर्म पर सेव कर रखा जा सकता है।
3. **एडिटिंग-** आपके द्वारा अपलोड की गई इमेज पर क्योंकि आपने परमिशन दी है, इसीलिए वह प्लेटफॉर्म आपकी इमेज को एडिट करके कहीं भी यूज कर सकता है।
4. **हैकिंग-** इन दोनों हैकिंग के भी केसेस काफी देखे गए हैं। कई बार कई साइट्स हेक हुई हैं। चैटजीपीटी जैसा अकाउंट हैक होने के बाद अनआर्थराइज्ड पर्सन आपकी इमेज का अपने हिसाब से उपयोग कर सकता है।
5. **मॉडल ट्रेनिंग-** मॉडल ट्रेनिंग के अंतर्गत जिसे आपने इमेज दी है,वो अपने द्वारा की जा रही मॉडल ट्रेनिंग में भी आपकी इमेज यूज कर सकता है।

### साइबर क्राइम का एक रूप हो सकता है जिबली आर्ट



समाज सेविका माही भजनी ने कहा कि आजकल साइबर क्राइम के अनेकों उदाहरण हम देखते सुनते हैं जिसमें ए आई के जरिए आपकी इमेजेस को अलग ढंग से कन्वर्ट करने का ट्रेंड सोशल मीडिया पर आए दिन देखा जाता है। ऐसे में आप अपना डेटा एक अन्य प्लेटफॉर्म पर शेयर कर रहे हैं जो वाकई में हानिकारक हो सकता है।

### वास्तविक उच्चारण क्या है गिबली, घिबली या जिबली



वहीं, विशाखा श्रीवास्तव ने कहा कि पहले तो जिबली को लेकर ही संशय है कि इसका वास्तविक उच्चारण क्या है गिबली, घिबली या जिबली। लेकिन कुछ भी हो ये तीन वर्ड सोशल मीडिया की दुनिया में छाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी इमेज जिबली के थ्रू बनाई, लेकिन फिर बाद में मुझे ख्याल आया कि इन दिनों साइबर क्राइम के बहुत केसेस आ रहे हैं। ऐसे में अपनी इमेज किसी एप को देना हानिकारक भी हो सकता है।



## नूतन कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट अवेयरनेस विषय पर सत्र का आयोजन



# जनजातीय छात्राओं ने सीखे करियर और स्किल डेवलपमेंट के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवाजी नगर स्थित नूतन कॉलेज में बुधवार को स्किल डेवलपमेंट अवेयरनेस विषय पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। विज्ञान, गणित और वाणिज्य विषय की जनजातीय वर्ग की छात्राओं के लिए आयोजित इस सत्र में उन्हें प्रदेश में रोजगार के अवसर और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शित किया गया। सत्र में 100 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। अनुसूचित जनजाति आयोग की सचिव सीमा सोनी एवं जनजातीय प्रशिक्षण केन्द्र की प्रभारी विनीता श्रीवास्तव ने प्रदेश में संचालित शासन के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी।

### छात्राओं के लिए आरक्षित हैं 50 फीसदी सीटें

एकसपर्ट ने कहा कि मप्र के सात संभागीय मुख्यालय में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। इनमें छात्रों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, बैंक, रेलवे, जीवन बीमा निगम, कर्मचारी चयन आयोग आदि की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन केंद्रों में 50 प्रतिशत सीटें महिला अभ्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं और प्रशिक्षण निशुल्क है। इन केंद्रों में विदेश में अध्ययन के लिये प्रवेश परीक्षा का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

## कला संवाद कार्यक्रम में कार्यसेवी सम्मानित

**भोपाल।** पंचायत विकास परिषद कला संवाद का आयोजन संस्कार भारती के राज्य कार्यालय में मध्यप्रदेश माध्यम के प्रबंधक आत्माराम शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. वीना चौबे, पूर्णिमा चतुर्वेदी, डॉ. रेखा भटनागर, डॉ. श्यामा गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। संयोजक सतीश पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर वीर सिंह राजपूत, अनंद नंदेस्वर, प्रियंका जोशी, प्रिया आर्य और पत्रकारिता में वीरेंद्र विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।

## स्थानीय खेल समाचार

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# मंत्री सारंग का ध्यान पार्थ योजना और खेलो-बढ़ो अभियान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पार्थ (पीएआरटीएच) योजना और खेलो-बढ़ो अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा है कि पार्थ योजना और खेलो-बढ़ो अभियान के जरिये ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इससे लाभान्वित हो, इसकी तैयारी की जाए। मंत्री सारंग बुधवार को तात्या टोपे स्टेडियम स्थित मेजर ध्यान चंद हॉल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने दोनों योजना और अभियान को मूर्तरूप से धरातल पर उतारने को कहा। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 9-10 संभाग में इसको त्वरित गति से अग्रसर किया जाए। इसकी विभाग और शासन स्तर की कार्रवाई पूर्ण करें और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव सहित खेल अधिकारी उपस्थित थे।

### खेलो बढ़ो अभियान के लिए 37 जिले चयनित



**सितंबर में खेलो एमपी गेम्स की शुरुआत:** सारंग ने निर्देश दिए कि सितम्बर से खेलो एमपी गेम्स की शुरुआत की जाए, जिससे मप्र की टीम तैयार हो और वही नेशनल में भाग ले। बैठक में भेल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, खेलो एमपी यूथ गेम्स, प्रकाश तरुण पुष्कर, फिट इंडिया क्लब और नेशनल चैम्पियनशिप पर भी चर्चा की गई।

मंत्री सारंग ने कहा कि खेलो-बढ़ो अभियान 1 मई से शुरू हो। प्रारंभ में इसके लिये 37 जिले चयनित किये गये है। सोशल मीडिया से भी इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाएं, जिससे प्रदेश का टैलेन्ट सामने आए। इसका कैलेण्डर तैयार कर लिया जाए। साथ ही बच्चों के पालकों के साथ भी मोटिवेशन वार्तालाप हो।

# एसीई ने रेलवे यूथ अकादमी को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह, 265 रन का दिया था लक्ष्य

## सेंचुरी बनाकर 3 विकेट लेने वाले खुशवंत बने मैच के हीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में गौतम नगर मैदान में चल रहे तृतीय विधायक कप में बुधवार को रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी और एसीई क्रिकेट क्लब के बीच हुआ, जिसमें एसीई क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पूरे 35 ओवर खेलते हुए 265 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। इनमें खुशवंत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए संेचुरी ठोकी और



मनमोहन ने 55 रन बनाए। वहीं शोएब विराज और विवान ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी मात्र 83 रनों पर ऑल आउट हो गई और यह मुकाबला 183 रन के बड़े अंतर से हार गई। इनमें सार्थक ने सर्वाधिक ने 14 रन बनाए, वहीं खुशवंत ने 3 विकेट, जबकि मनमोहन और आयुष्मान ने 2-2 विकेट लिए और एसीई क्रिकेट अकादमी ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। खुशवंत को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आरजीपीवी राज्यस्तरीय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता

# 7 स्वर्ण के साथ भोपाल नोडल महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित आरजीपीवी राज्यस्तरीय ड्रॉप रोबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन एलएनसीटी केंपस रायसेन रोड में किया गया, जिसमें 6 नोडल के 70 से अधिक पुरुष-महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। ड्रॉप रोबॉल महिला वर्ग में 4 स्वर्ण के साथ भोपाल नोडल ओवरऑल चैंपियन एवं उज्जैन नोडल 2 रजत पदक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं पुरुष वर्ग में 3 स्वर्ण पदको के साथ भोपाल नोडल ओवरऑल चैंपियन एवं जबलपुर नोडल 2 रजत पदक के साथ द्वितीय स्थान पर रहा।

### महिला वर्ग में किसने किसे हराकर किया पदक पर कब्जा

महिला वर्ग के सिंगल फाइनल में भोपाल नोडल की पूर्णिमा ने जबलपुर की तरुणी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग डबल्स में भोपाल नोडल की अदिति एवं वैष्णवी की जोड़ी ने जबलपुर की इशिता एवं राशि की जोड़ी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। महिला वर्ग ट्रिपल फाइनल मे भोपाल नोडल की आशी राठौर, अनुष्का ठाकुर, दीक्षा, ने जबलपुर नोडल की अनुष्ठान, अंकिता, इशिका को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। मिक्स डबल्स में भोपाल नोडल की मानसी साहू, आस्था एवं अंशु, निविद की जोड़ी ने उज्जैन नोडल की यश एवं सुनीता की जोड़ी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया।

**पुरुष वर्ग में किसने किसे हराकर किया पदक पर कब्जा :** पुरुष वर्ग के सिंगल में भोपाल नोडल के सचिन गुप्ता ने जबलपुर के यश को 02-00 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। डबल्स में भोपाल नोडल के कृष्ण गोपाल एवं विशाल ने गत वर्ष के विजेता इंदौर नोडल के कमल एवं हर्षित की जोड़ी को 02-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ट्रिपल में भोपाल नोडल के हेमंत, अली, विनीत, अभिषेक, हर्ष, राहुल, ने जबलपुर के रोशन, सुमित, आयुष, को 02-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**विजेताओं को ट्रॉफी, कोच मैनेजर को दिए स्मृति चिन्ह**

डॉ. केटी चतुर्वेदी आरजीपीवी एवं पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर ने अमित यादव खेल अधिकारी, अनुराग चौकसे की उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं विभिन्न नोडल के कोच, मैनेजर को स्मृति चिन्ह लेकर सम्मानित किया गया।

**चयनित खिलाड़ी करेंगे ऑल इंडिया लेवल पर विवि का प्रतिनिधित्व :** स्पर्धा सचिव महेश सोधिया ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 6 से 9 अप्रैल तक एलएनसीटी विवि भोपाल में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल मे आरजीपीवी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।

## एलएनसीटी में 6वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7 आज से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में 6वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7(महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मप्र के सचिव अबरार अहमद शेख ने बताया कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मंदसौर, रायसेन जिला, रायसेन कॉर्पोरेशन, खरगोन, शाजापुर, बैतूल, नर्मदापुरम, देवास जिला, देवास कॉर्पोरेशन जबलपुर, रतलाम, सीहोर जिला, सीहोर कार्पोरेशन इत्यादि 15 जिलों के 450 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया

## पीएम मोदी ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' को सराहा

### पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन पर प्रकाश डालते यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना की है।



पीएम मोदी ने इसे भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया, जिसने शिक्षा और नवाचार के माध्यम से विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त किया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई पोस्ट पर पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में किस तरह ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एनईपी 2020 एक सुधार से कहीं अधिक है।

### कलंकपूर्ण अतीत पर अब लग गया विराम : प्रधान

प्रधान ने कहा कि यह तर्क सत्य से बहुत दूर है कि पिछले दशक में शिक्षा प्रणाली अपनी दिशा से भटक गई है। भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं। एनईपी 2020 इस कलंकपूर्ण अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करता है।



### औपनिवेशिक छाया और वैचारिक कैद से मुक्ति मिली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने लेख में लिखा कि पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए ऐतिहासिक आख्यानों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। भारत की विविध सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं को व्यवस्थित रूप से हाशिए पर रखा गया। इन सभी ने एक ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाने में योगदान दिया जो भारत के गौरवशाली अतीत से कटी रही और सभ्यतागत लोकाचार रहित रही। प्रधान ने कहा कि आने वाला दशक एक शैक्षिक पुनर्जागरण का गवाह बनेगा जो भारत के अतीत का सम्मान करते हुए भविष्य को निडरता से गले लगाएगा। भारत की शिक्षा प्रणाली अंततः औपनिवेशिक छाया और वैचारिक कैद से मुक्त हो गई है।

### पाठ्यपुस्तकों में क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया

प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद जैसी संस्थाएं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के बजाय नियंत्रण के साधन बन गई हैं तथा विश्वविद्यालयों में नेतृत्व के लिए नियुक्तियां राजनीतिक निष्ठा पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में जान-बूझकर शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया गया है, जबकि विदेशी आक्रमणों के बारे में असहज ऐतिहासिक सच्चाइयों को दर्शाया गया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान का सोनिया को जवाब

### एनईपी 2020 जनता की, जनता द्वारा और जनता के भविष्य के लिए नीति

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं और एनईपी 2020 इस अपमानजनक अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है। इसका बचाव करते हुए प्रधान ने कहा कि यह इस कलंकित अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है और भारत के नीति इतिहास में सबसे व्यापक लोकतांत्रिक परामर्श का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के पांच स्तंभों पर आधारित, एनईपी 2020 लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के भविष्य के लिए एक नीति है।

**सोनिया ने गलत एजेंडा बताया था**



सोनिया गांधी ने हाल ही में मोदी सरकार पर एक ऐसे एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया, जो शिक्षा के क्षेत्र में नुकसानदेह नतीजों की ओर ले जा रहा है। सोनिया ने कहा कि आज भारतीय शिक्षा को तीन सी का सामना करना पड़ रहा है- केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायीकरण।

## खबर संक्षेप

### पाथर प्रतिमा विस्फोट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** वेस्ट बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पाथर प्रतिमा में



हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को अरेस्ट कर लिया है। इस विस्फोट में आठ लोग मारे गए थे। मुख्य आरोपी चंद्रकांत बानिक पटाखा निर्माण इकाई का मालिक है। इस सिलसिले में यह पहली गिरफ्तारी है।

### दिल्ली मेट्रो में सीट को लेकर भिड़ गई महिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में पैसेंजर्स के बीच लड़ाई-बहस के वीडियो आए दिन सोशल मीडिया



पर वायरल होते रहते हैं। वायरल वीडियो में महिलाएं मेल पैसेंजर से सीट के लिए झगड़ा करते दिख रही हैं। जनकपुरी वेस्ट के पास ब्लू लाइन पर हुई, जहां बैठा शख्स महिलाओं के ग्रुप के साथ बहस में उलझ गया।

### दिल्ली के द्वारका में धू-धू कर जल गईं 11 कारें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-24 इलाके में बुधवार तड़के एक गैराज धू-धू कर जल गया। 11



कारें जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 9 गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने बताया कि लगभग 3बजे धुल सिरस स्थित एक गैराज में आग लगने की सूचना मिली।

### लालू यादव पटना से दिल्ली रेफर

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर है। आरजेडी सुप्रीमो



लालू यादव को अचानक पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह से ही लालू यादव की तबीयत खराब थी। यादव को पारस हॉस्पिटल में ले जाया गया है, जहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया।

## वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर भड़के अनुराग, पहले का 'काला इतिहास' ही खोल दिया

# यहां मुगलिया फरमान नहीं चलेगा, बाबा साहेब का संविधान चलेगा, ये हिंदुस्तान है, पाकिस्तान या तालिबान नहीं

### इस के अंतिम संस्कार का समय आ गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ बिल को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस देखने को मिली। जहां सत्तापक्ष इसे गरीबों और मुस्लिम समुदाय के हित में बता रहा है, वहीं विपक्ष ने इसे जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने और सत्ताधारी दल के फायदे का हथियार करार दिया है। चर्चा में शामिल होते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि वक्फ को बदलने के वक्त आ गया है, क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां कह दिया जाता था कि यह वक्फ की जमीन है, वह जमीन वक्फ की हो जाती थी। लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया जाता था। इसका मतलब ये होता था कि खाता न बही, जो वक्फ बोर्ड कहे वही सही। ये विधेयक नहीं एक उम्मीद है। ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक बार फिर से भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यह साफ संदेश है कि मोदी राज में देश का कानून ही चलेगा। यह हिंदुस्तान है, पाकिस्तान या तालिबान नहीं। यहां मुगलिया फरमान नहीं चलेगा, बाबा साहेब का संविधान चलेगा।

> ठाकुर ने कहा कि वक्फ को बदलने के वक्त आ गया है, क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। पहले कह दिया जाता था यह वक्फ की जमीन है।

### वक्फ को बदलने का वक्त आ गया, क्योंकि ये अत्याचार-भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया

**मात्र 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपति**



भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम और महिला विरोधी है। मात्र 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपति है। कांग्रेस के समय बना वक्फ कानून

### ये बिल भ्रष्टाचार के खिलाफ

ठाकुर ने कहा कि यह कानून हिंदू बनाम मुस्लिम नहीं है। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह बिल कांग्रेस पार्टी के ताबूत में आखिरी कील का काम करेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का मकसद मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए संपदा का प्रबंधन करना था, लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने अपारदर्शी और गैरजिम्मेदाराना तरीके से राजनीतिक संरक्षण देते हुए एक ऐसा सम्राज्य बनाया, जहां पर इसको अपने वोट बैंक का एटीएम बना दिया। देश ने 1947 में एक विभाजन देखा है, आज फिर से हम जमीन जेहाद के नाम पर विभाजन नहीं होने देंगे।

### कर्नाटक सरकार पर करोड़ों कमाने का दावा किया, लालू ने भी आरोप लगाया था

ठाकुर ने कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया कि कांग्रेस सरकार वक्फ अधिनियमों के जरिए हर साल 440 करोड़ रुपए कमा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, क्या आपने किसी मस्जिद या मदरसे का पैसा लिया? आपको इसका जवाब देना चाहिए. ठाकुर ने कहा कि वक्फ के नाम पर कई लोगों की जमीन छीनी गई है। लालू यादव ने भी आरोप लगाया था कि पटना के डाकबंगले की जमीन वक्फ बोर्ड ने हड़प ली थी।

**अखिलेश ने कहा**

### वक्फ बिल को नाकामी पर पर्दा बताया



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। बिल मुसलमानों के खिलाफ है।

**भाजपा के रविशंकर बोले**

### वक्फ बोर्डों में पिछड़े मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं



लोकसभा में वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष संविधान उल्लंघन का आरोप लगा रहा है, लेकिन अगर आप कानून के किसी हिस्से का उल्लेख करते हैं तो पूरे तथ्य का उल्लेख करें। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये विधेयक संविधान के अनुरूप है। उन्होंने ये भी कहा कि वक्फ बोर्डों में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता। यह खुद अपने आप में संविधान में मिले अधिकारों का उल्लंघन है।

**ललन ने दिखाया आईना**

### आपने जो पाप किया था पीएम पारदर्शिता ला रहे



जेडीयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने संसद में विधेयक का समर्थन किया है। सिंह ने कहा कि माहौल बनाया जा रहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम विरोधी है। गलत जानकारी दे रहे। यह मुसलमान विरोधी है, कहीं से ये मुसलमान विरोधी नहीं है। सिंह ने कहा कि मोदीजी को लोग कोस रहे हैं, उनका चेहरा पसंद नहीं आ रहा है तो मत देखिए उनकी तरफ। 2013 में आपने जो पाप किया था, उसे समाप्त करके पारदर्शिता लाने का काम किया है।

**अखिलेश की टिप्पणी पर शाह का तंज**

### आप 20-25 साल अध्यक्ष रहेंगे



अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अभी तक ये पार्टी अभी तक अपने अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के 10-12 करोड़ पंजीकृत सदस्य हैं, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन मैं ये बात गारंटी से कह सकता हू कि आपकी पार्टी में अध्यक्ष के चुनाव में बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा। आप 20-25 साल अध्यक्ष रहेंगे। अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कराते हुए नजर आए।

**ओवैसी ने फाड़ी कॉपी**

### बिल को बताया असंवैधानिक



बिल पर चर्चा के दौरान एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी बात को रखते हुए बिल की कॉपी को फाड़ दिया। यह असंवैधानिक बिल है।ओवैसी ने कहा कि सरकार ये जो कानून बना रही है वो आर्टिकल 26 का उल्लंघन है। भाजपा देश में झगड़े पैदा करना चाहती है। कल को कलेक्टर कहेगा यह सरकार की संपति है और वहां पोस्टर चिपका देगा। मस्जिदें बंद हो जाएंगी।

**जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चीफ का बड़ा दावा**

### यह किसी भी तरह मुसलमानों के खिलाफ नहीं



भाजपा नेता और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि विधेयक मुसलमानों के कल्याण के लिए पेश किया जा रहा है। ये मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि ऐसा नहीं लगा रहा कि संसद में पेश किया गया विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है।

### हमारे नेता पर हमला कर रहे : वेणुगोपाल



ठाकुर के आरोपों पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि वे सदन को गुमराह कर रहे हैं और हमारे नेता पर हमला कर रहे हैं। वे अपनी जातिवादी सोच सामने ला रहे हैं। ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा कि मैंने किसी की जाति का जिक्र नहीं किया, लेकिन आपने अपने असली रंग दिखा दिए। आप पारदर्शिता नहीं चाहते।

## रेलवे के मुद्दे पर लोकसभा में भाजपा-सपा के बीच नोकझोंक

# बोले रेल मंत्री, नई फेंसिंग लगाने से कम होंगी रेलवे ट्रैक पर होने वाली जानवरों की दुर्घटनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को रेलवे के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष के बीच कुछ देर के तक हल्के-फुल्के अंदाज में की जा रही टीका टिप्पणियों का सिलसिला देखने को मिला। प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने रेल लाइनों को पार करते वक्त ट्रेन से टकराकर मारे जा रहे जानवरों का मुद्दा उठाया। तो उस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, इस प्रश्न को पूछने के लिए अवधेश जी के नाम की अनुशंसा



अखिलेश जी ने की है। इसका जवाब देते हुए अखिलेश बोले, अध्यक्ष जी अब देखिएगा सांसद महोदय सरकार से ऐसा प्रश्न पूछेंगे कि जिसका जवाब ही नहीं मिलेगा? लेकिन केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपना जवाब कुछ इस तरह से दिया कि विपक्षी दल चाहकर भी कुछ नहीं कह सका।

### नए डिजाइन की फेंसिंग से होगा बचाव

उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक पर जानवरों के मारे जाने का मामला सुरक्षा से जुड़ा है, लेकिन इसका समाधान निकालने के लिए हमने देश में एक नए डिजाइन की फेंसिंग लगाना शुरू किया है। अभी इसे 900 किलोमीटर में लगाया जा चुका है, जिसकी वजह से ट्रेन के आगमन पर जानवरों के रेलवे ट्रैक पार करने से होने वाली दुर्घटनाएं न के बराबर यानी शून्य तक जा पहुंची हैं। प्रयोग सफल रहा तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा। कन्नौज में रेल लाइन का डिजाइन बदला गया है।

## दंगे में 3 ब्रिटिश नागरिकों की हत्या, सभी बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान तीन ब्रिटिश नागरिकों और उनके



भारतीय चालक की हत्या के आरोपी 6 लोगों को 2015 में बरी किए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति एवाई कोगजे और समीर जे दवे ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्य को दोषसिद्धि के लिए अपर्याप्त पाया, तथा सत्र न्यायालय द्वारा जारी फैसले को बरकरार रखा।

## 'शिशु वाटिका' पहल का शुभारंभ



**माझी ने मध्याह्न भोजन परोसा**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के एक सरकारी स्कूल में नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत राज्य के सभी स्कूलों में 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा का विस्तार करने के लिए 'शिशु वाटिका' पहल के शुभारंभ के दौरान छात्रों को मध्याह्न भोजन परोसा।

## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा

# 2029 तक एनएच किनारे 700 'वे-साइड एमेनिटीज' बनेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 700 से अधिक वे-साइड एमेनिटीज (डब्ल्यूएसए) का निर्माण 2028-2029 तक पूरा होने की संभावना है। वे-साइड एमेनिटीज में फ्यूल स्टेशन, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, ढाबा/रेस्तरां/भोजनालय आदि जैसी सुविधाएं शामिल हैं। गडकरी ने राज्यसभा में कहा कि अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के किनारे 501 वे-साइड एमेनिटीज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इनमें से 94 वे-साइड एमेनिटीज चालू हो चुके हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के किनारे 501 वे-साइड एमेनिटीज का काम पूरा



**94 वे-साइड एमेनिटीज चालू**

### डिजिटल फीडबैक सिस्टम को इंस्टॉल किया

नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के जरिए सरकार लगभग 40-60 किमी के अंतराल पर वे-साइड एमेनिटीज का निर्माण करने की योजना बना रही है। बेहतर निगरानी के उद्देश्य से वे-साइड एमेनिटीज में एक डिजिटल फीडबैक सिस्टम को इंस्टॉल किया गया है।

**छोटी दुकानों और स्टॉल के लिए क्षेत्र आवंटित किए :** वे-साइड एमेनिटीज का संचालन निजी बोली के माध्यम से चुने गए ऑपरेटरों द्वारा किया जाता है। रोजगार के अवसर पैदा करने और स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए, डेडिकेटेड कवर्ड जोन में अनिवार्य सुविधाओं के हिस्से के रूप में छोटी दुकानों और स्टॉल के लिए क्षेत्र आवंटित किए गए हैं।

**राजस्थान को दिया बड़ा तोहफा**

### बनेंगे 21 नेशनल हाईवे खर्च होंगे 5000 करोड़

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया है कि प्रदेश में 21 नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग 5,000 करोड़ की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। सड़कों के लिए 17,384 करोड़ का प्रावधान किया गया है। परियोजना के तहत नागौर नेत्रा सड़क के4 लेन का कार्य, रायपुर जस्साखेड़ा, गंगापुर सिटी बाइपास, करौली बाइपास सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग से कराया जाएगा।

# जलगांव के विशेष आम को मिले जीआई टैग सांसद पाटिल ने राज्यसभा में उठाया मामला

हरिभूमि ब्यूरो. ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के जलगांव से सांसद धैर्यशील मोहन पाटिल ने जलगांव के आम को जीआई टैग देने की मांग राज्यसभा में उठाई। केले की राजधानी माने जाने वाले जलगांव के आम भी अपनी गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। पाटिल ने इस क्षेत्र के आम की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए यह मांग उठाई।

उन्होंने सदन में कहा कि जलगांव के आम को जीआई टैग दिया जाए। इससे न केवल उत्पाद की पहचान बढ़ती है, बल्कि नकली उत्पादों से सुरक्षा मिलती है और किसानों को बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त होता है।



पाटिल का तर्क था कि जलगांव का आम, खासकर 'हापूस' (अल्फांसो) और अन्य स्थानीय किस्में, अपनी मिठास, सुगंध और बनावट के लिए मशहूर हैं। यहां की मिट्टी, जलवायु और खेती की परंपरागत तकनीकें इसे अनूठा बनाती हैं। उन्होंने कहा कि जीआई टैग मिलने से बाजार में जलगांव के आम की मांग और कीमत बढ़ेगी। निर्यात में बढ़ोतरी होगी, खासकर खाड़ी देशों और यूरोप में।

### कई अन्य मुद्दे भी जो सदन में उठाए गए सीपीआई बोली

सीपीआई के जॉन ब्रिटास ने केरल में फिल्म पर विवाद पैदा करने को अभिव्यक्ति की आजादी का मामला उठाया। उनका तीखा विरोध तमिलनाडु के वरिष्ठ सांसद वाइको ने किया। सांसद नीरज दांगी ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा से 18 फीसदी जीएसटी हटाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र को बुजुर्गों के हेल्थ इंश्योरेंस से जीएसटी को तत्काल प्रभाव से हटाना चाहिए। रामजी लाल सुमन ने किसानों को विभिन्न्न फसलों का एमएसपी कानूनन निर्धारित करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया।

भोपाल, गुरुवार 3 अप्रैल 2025
haribhoomi.com



- कश्मीर तक जाने वाली वंदे भारत दुनिया के सबसे ऊंचे पुल से गुजरेगी
- कश्मीर तक ट्रेन का सपना यूएसबीआरएल परियोजना के तहत पूरा हुआ

## कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना हुआ पूरा

# वंदे भारत से महज तीन घंटे में पहुंचें कश्मीर, एफिल टावर से भी ऊंचे पुल पर दौड़ेगी ट्रेन, 19 को पीएम करेंगे उद्घाटन

वर्तमान में घाटी में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्री माता वैष्णो देवी (कटड़ा) स्टेशन से श्रीनगर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना पूरा हो जाएगा। उत्तरी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट के पूरा होने कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। मौजूदा समय में कटड़ा से श्रीनगर जाने में सड़क मार्ग से 6 से 7 घंटे लगते हैं।

### ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से कटड़ा से शुरू होंगी

*पीएम नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करने के लिए आएंगे। यह ट्रेन जम्मू से कटड़ा जिले के रास्ते श्रीनगर तक की यात्रा करेगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि वंदे भारत के उद्घाटन के लिए ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से कटड़ा से शुरू होंगी, क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन अभी निर्माणाधीन है। यह कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एक भव्य कार्यक्रम होगा। बता दें, 23 जनवरी 2025 को भारतीय रेलवे ने श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा (एसवीडीके) रेलवे स्टेशन से श्रीनगर रेलवे स्टेशन तक पहली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया।*

**अभी श्रीनगर और संगलदान के बीच रेल सेवा**

नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटड़ा-श्रीनगर की यात्रा महज 3 घंटे में पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में घाटी में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है।

### पांच चरण में पूरी हुई परियोजना

हिमांशु शेखर ने बताया कि यूएसबीआरएल परियोजना काजीगुंड-बारामूला खंड वर्ष 2009 में शुरू किया गया था। कश्मीर तक ट्रेन लाने का ख्वाब यूएसबीआरएल परियोजना के तहत पूरा हुआ है। इसके अंतर्गत कश्मीर तक ट्रेन कई चरणों में लाई गई। पहला चरण 18 किलोमीटर लंबा बनिहाल-काजीगुंड खंड वर्ष 2013 में चालू हुआ। दूसरा चरण 25 किलोमीटर लंबा उधमपुर-कटड़ा वर्ष 2014 में, तीसरा चरण बनिहाल से संगलदान वर्ष 2023 में तथा अब संगलदान से कटड़ा खंड चालू होगा।

### नदी तल से 359 मीटर ऊंचे पुल पर से गुजरेगी

इस परियोजना के अंतर्गत इंजीनियरों ने एक ऐसा चमत्कार भी किया, जो वैश्विक पटल पर ऐतिहासिक है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज चिनाव पुल इस परियोजना का मुख्य हिस्सा था। जिसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसकी मेहराब 467 मीटर है और यह नदी तल से 359 मीटर ऊंचा है। यह पुल एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा मेहराब वाला रेलवे पुल (आर्च ब्रिज) है।



## खबर संक्षेप

### तुर्किये सरकार ने मेटा पर लगाया जुर्माना




**मेनलो पार्क।** मेटा ने कहा है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सामग्री को सीमित करने की तुर्किये सरकार की मांग का विरोध करने पर उस पर भारी जुर्माना लगाया गया है। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन की सरकार इस्तांबुल के मेयर की गिरफ्तारी के पश्चात व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर विपक्षी आवाजों को सीमित करने का प्रयास कर रही है। इस्तांबुल के मेयर एर्दोआन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। मेटा ने भी एक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की है।

### इजराइल ने की 'द डिप्लोमेट' की स्क्रीनिंग



**येरूशलम।** इजराइल के विदेश मंत्रालय ने नए विदेशी राजनयिक के स्वागत में अपनी किस्म के एक अनूठे कदम के तहत मंगलवार की शाम जॉन अब्राहम अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' की स्क्रीनिंग की। 'द डिप्लोमैट' फिल्म उस वास्तविक संकट पर आधारित है, जिसे सुलझाने में यहां भारत के नए राजदूत जेपी सिंह शामिल थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मंत्रालय के सभागार में फिल्म की 'स्क्रीनिंग' से पहले सिंह से मुलाकात की।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का किया ऐलान

# ऑटो सेक्टर पर 25% टैरिफ लगाएंगे, आज का दिन मुक्ति दिवस, अब हम होंगे समृद्ध



> ट्रंप ने कहा कि यह दिन अमेरिका के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। यह आर्थिक स्वतंत्रता की घोषणा है। नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे। उन्होंने पहले ही ऐलान में ऑटो सेक्टर पर 25 फीसदी टैरिफ को लागू कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को स्थानीय समय शाम 4 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार रात 1:30 बजे) रोज गार्डन में 'मेक अमेरिका वेल्दी अगेन इवेंट में भाषण दिया। ट्रंप ने कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण दिन है। यह आर्थिक आजादी का दिन है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं, यानी जो देश हम पर जैसा शुल्क लगा रहा है हम भी उनके साथ वैसा ही करेंगे। अमेरिका एक लंबे समय से विदेशी राष्ट्रों द्वारा लूटा और छला गया है। हमारे पड़ोसी और दूर बैठे देश, मित्र और शत्रु दोनों ने हमारी सम्पत्ति को लूटा है। अमेरिकी स्टील वर्कर्स, ऑटो वर्कर्स, किसान और कारीगर, जिनमें से कई यहां हमारे साथ हैं, इस स्थिति का गहरा अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने विदेशी नेताओं को हमारे रोजगार चुराते, विदेशी धोखेबाजों को हमारे इंडस्ट्री का शोषण करते और विदेशी अपहरणकर्ताओं को हमारे सुंदर अमेरिकी सपने को नष्ट करते देखा है। मेरे विचार में यह दिन अमेरिका के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। यह आर्थिक स्वतंत्रता की घोषणा है। वर्षों की मेहनत करने के बावजूद अमेरिकी नागरिकों का योगदान हमारे लिए कम था, लेकिन अब हमारे समृद्ध होने का समय आ गया है। ट्रंप ने इस दिन को अमेरिकी कारोबार के लिए मुक्ति दिवस का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे। ट्रंप ने अपने पहले ही ऐलान में ऑटो सेक्टर पर 25 फीसदी टैरिफ को लागू कर दिया है।



इससे पहले व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि बुधवार को अमेरिका में मुक्ति दिवस मनाया गया, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने गर्व से कहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की नई व्यवस्था दशकों से हमारे देश को लूटने वाली अनुचित व्यापार प्रथाओं को खत्म करेगी। यह अमेरिकी कामगारों के सर्वोत्तम हित में होगा।

### यूटीएसआर का दावा गैर-टैरिफ बाधाएं अभी भी बरकरार

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में दावा किया कि भारत कृषि वस्तुओं, दवा निर्माण और मादक पेय पदार्थों जैसी कई अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च आयात शुल्क के साथ गैर-टैरिफ बाधाएं बरकरार रखी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वनस्पति तेल (45% तक), सेब, मक्का और मोटर साइकिल (50%), ऑटोमोबाइल व फूल (60%), प्राकृतिक रबर (70%), कॉफी, किशमिश और अखरोट (100%) पर काफी ऊंचा शुल्क लगाता है।

### एआई संचालित आपूर्ति श्रृंखला में करें निवेश

वैश्विक कंसल्टेंसी फर्म पीडब्ल्यूसी ने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति के लिए भारतीय व्यवसायों को दीर्घकालिक लचीलापन रणनीति विकसित करने की जरूरत है। आइडिया फ्रेमवर्क व्यापार अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए एक सटीक दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसमें निवेश फ्रेमवर्क के तहत, पीडब्ल्यूसी ने सुझाव दिया कि व्यवसायों को प्रौद्योगिकी उन्नयन और एआई-संचालित आपूर्ति श्रृंखला समाधान के लिए पैसा लगाना चाहिए।

### भारत से वसूलेंगे 26 प्रतिशत टैरिफ

*ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता है। इस बीच, थाईलैंड और अन्य देश बहुत अधिक कीमत वसूल रहे हैं, जैसे भारत 60%, वियतनाम 70%, 75% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। ट्रंप ने चीन पर 34%, यूरोपीय संघ पर 20%, जापान 24%, दक्षिण कोरिया 25%, स्विट्जरलैंड 31%, यूनाइटेड किंगडम 10%, ताइवान 32%, मलेशिया 24% और भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ वसूलने की घोषणा की है जो आज से ही लागू हो गई है।*

### टैरिफ नियमों के भीतरः भारत

*दूसरी तरफ भारत में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि भारत डब्ल्यूटीओ का सदस्य है और अमेरिकी टैरिफ का दायरा नियमों के भीतर है। उन्होंने कहा कि देश तरजीही मुक्त व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत डब्ल्यूटीओ का सदस्य है और किसी वस्तु पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।*

## गृह मंत्री शाह के दौरे से पहले

# गोली वाले बोली पर, कहा हम 'बातचीत' को तैयार



एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के बाद नक्सलवादी खौफ में आ गए हैं। नक्सलवाद का सफाया होते देख प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त सीजफायर की मांग की है। नक्सलियों की अपील ऐसे समय में आई है जब दो दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर चार अप्रैल की शाम राजधानी रायपुर आने वाले हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'कागर' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया।



### सैन्य अभियान बंद होते ही युद्ध विराम


भाकपा (माओवादी) ने कहा है कि जैसे ही सरकार सैन्य अभियान बंद करेगी, वे युद्ध विराम की घोषणा करेंगे। इस दौरान शाह राज्य के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 5 अप्रैल को शाह बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वह बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद भी करेंगे। इस बीच एक दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक भी गोली चलाना नहीं चाहती। न ही केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार इस दिशा में हिंसा को बढ़ावा देना चाहती है।

### शांति वार्ता से दबाव का आग्रह

संगठन ने सरकार पर क्रांतिकारी आंदोलनों को दबाने के लिए आदिवासी समुदायों के खिलाफ 'नरसंहार युद्ध' छेड़ने का आरोप लगाया है। साथ ही नागरिक क्षेत्रों में सैन्य बलों के उपयोग को असंवैधानिक बताया जाता है। माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

## पुतिन ने डोनाल्ड ट्रंप को दिया झटका

# रूस को यूक्रेन पर अमेरिका का मौजूदा प्रस्ताव मंजूर नहीं



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने कहा है कि वह यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर अमेरिका के मौजूदा प्रस्ताव को मंजूर नहीं कर सकता है, क्योंकि इसमें मास्को की चिंताओं का समाधान नहीं है। इससे जाहिर होता है कि युद्ध समाप्त कराने के प्रयास में अमेरिका और रूस के बीच वार्ता अटक गई है।

रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाब्कोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चिंताओं को दूर करने में अब तक मॉस्को और वाशिंगटन असमर्थ रहे। मौजूदा स्वरूप में जो प्रस्ताव है, उस पर अभी तक मॉस्को आगे नहीं बढ़ पाया है। अमेरिका-रूस संबंधों के विशेषज्ञ सर्गेई ने एक इंटरव्यू में यह बात कही। इसे मंगलवार को जारी किया गया।

### यूक्रेन नाटो में शामिल होने की मंशा छोड़े

उन्होंने कहा कि हम अमेरिका की ओर से प्रस्तावित मॉडलों और समाधानों को काफी गंभीरता से लेते हैं, लेकिन इसे मौजूदा स्वरूप में स्वीकार नहीं कर सकते। पुतिन कह चुके हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने की अपनी महत्वाकांक्षा को छोड़ दे, यूक्रेनी सेना का आकार सीमित किया जाए और रूस को उन चार यूक्रेनी क्षेत्रों पर नियंत्रण मिले, जिन पर उसने दावा किया है। जबकि यूक्रेन का कहना है कि ये मांगें उसके लिए आत्मसमर्पण के समान हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं, लेकिन पुतिन की भूमिका से खिन्न हैं। अगर रूस, यूक्रेन में युद्धविराम लागू करने के लिए आगे नहीं बढ़ता है तो वह उसके खिलाफ टैरिफ का ऐलान करेंगे।

### खनिज समझौते पर यूएस संग काम करेगा यूक्रेन

*यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने मंगलवार को कहा कि उनका देश एक ऐसे खनिज समझौते के लिए अमेरिका के साथ काम करेगा, जो पारस्परिक रूप से स्वीकार्य हो। उन्होंने कीव में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खनिज समझौते को लेकर एक नए मसौदा पर एक दौर का विचार-विमर्श हो चुका है। यह प्रक्रिया जारी रहेगी और हम अपने अमेरिकी साथियों के साथ मिलकर काम करेंगे।*

### गुजरात में फाइटर जेट क्रैश, एक ट्रेनी पायलट की मौत, एक घायल

**जामनगर।** गुजरात के जामनगर के बाहरी इलाके में बुधवार देर रात एयरफोर्स का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया। घटना कालावड रोड पर सुवरदा गांव के पास हुई। क्रैश में एक ट्रेनी पायलट की मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल है। क्रैश के बाद प्लेन कई टुकड़ों में बंट गया। उसमें आग लग गई। घायल पायलट को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्रैश वाली जगह पर एयरफोर्स, पुलिस और प्रशासन मौजूद है। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी गई। एयरफोर्स के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। खेत के बड़े इलाके में आग लग गई और प्लेन के टुकड़े फैले गए।

## चिली के राष्ट्रपति फॉन्ट बोले

# भारत प्राथमिकता वाला साझेदार देश यूएन में स्थायी सदस्यता का समर्थन




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने बुधवार को भारतीय विश्व मामलों की परिषद आईसीडब्ल्यूए में व्याख्यान देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। यही नहीं, उन्होंने भारत को प्राथमिकता वाला साझेदार बताया और दक्षिण सहयोग में उसकी भूमिका की सराहना की।

### समझौतों को समयबद्ध रूप से पूरा करेंगे


उन्होंने कहा कि भारत और चिली के सीईपीए समझौते को समयबद्ध रूप से पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। ट्रंप नीति की ओर इशारा करते हुए बोरिक ने एकतरफा टैरिफ को वैश्विक व्यापार के लिए खतरनाक और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए खतरा बताया। भारतीय संस्कृति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चिली सिर्फ योग की ही नहीं बल्कि भारत की जीवंत परम्पराओं और सभ्यता को समझाने में भी रुचि रखता है।

पाकिस्तानी सेना का दुस्साहस, एलओसी पार कर घुसपैठ की कोशिश

# भारत ने पाक फायरिंग का दिया मुंहतोड़ जवाब, दुश्मन के 5 सैनिक हुए घायल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में पाकिस्तान सेना ने घुसपैठ करने की कोशिश की। भारत की ओर से पड़ोसियों के इस दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन मंगलवार दोपहर 1.10 बजे किया गया। तत्काल ही भारतीय सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से किसी के हताहत होने का कोई जिक्र नहीं किया। इस बीच कुछ आधिकारिक सूत्रों की मानें तो विस्फोट और दोनों पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में दुश्मन के पांच सैनिक घायल हुए हैं।



### पाक ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

जम्मू स्थित रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 को एलओसी पर पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ की वजह से कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन विस्फोट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना की ओर से बिना उकसावे के गोलीबारी और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। हमारे सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित तरीके से प्रभावी ढंग से जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेनाशांति बनाए रखने के लिए 2021 के महानिदेशक सैन्य अभियान की समझ के सिद्धांतों को बनाए रखने की अहमियत को दोहराती है।

## पश्चिमी हिंद महासागर में चलाए गए अभियान में शामिल हुए नौसेना के मरीन कमांडो

# तरकश युद्धपोत ने पकड़ी 2500 किलो के नशीले पदार्थों की बड़ी खेप

- संदिग्ध जहाजों की निगरानी में अभिन्न नामक हेलिकॉप्टर भी
- नौसेना की विशेष बोर्डिंग टीम और मरीन कमांडोज ने की जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक बार फिर से समुद्री अपराधों से निपटने और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर अपनी मजबूत प्रतिबद्धता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। बल के आईएनएस तरकश युद्धपोत ने पश्चिमी हिंद महासागर में अभियान चलाकर एक संदिग्ध नौका से कुल 2 हजार 500 किलोग्राम से अधिक के मादक पदार्थ को सफलतापूर्वक जब्त किया है। अभियान की खास बात यह रही कि इसमें नौसेना के मरीन कमांडो दस्ते के अलावा एक विशेषज्ञ बोर्डिंग टीम भी शामिल हुई। नौसेना ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बल की यह जब्ती समुद्र में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों को रोकने व नियंत्रित करने में नौसेना की प्रभावशीलता और कार्य कुशलता को रेखांकित करती है। बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यासों में नौसेना के शामिल होने का उद्देश्य वैश्विक जल क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देना है।



### यूं चलाया अभियान

नौसेना ने बताया कि इस साल की शुरुआत से तरकश युद्धपोत अपनी अंतरराष्ट्रीय तैनाती के तहत हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात है। बीते 31 मार्च को गश्त के दौरान बल के लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई से इलाके में कुछ संदिग्ध जहाजों की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। तरकश ने अपनी रणनीति बदलते हुए आसपास विचरण कर रहे सभी संदिग्ध जहाजों से व्यवस्थित रूप से पूछताछ की और उसके बाद पी8आई विमान ने डाउ नौका को रोककर कार्रवाई की।

### नौका से मिली हशीश, हेरोइनी

संदिग्ध नौका की सघन तलाशी करते वक्त नौसेना के मरीन कमांडो और विशेषज्ञ दल को कई सीलबंद पैकेट बरामद हुए। इनके बारे में पूछताछ करने पर पता चला कि यह नौका में विभिन्न कार्गो होल्ड और डिब्बों में कुल 2 हजार 500 किलोग्राम से अधिक का मादक पदार्थ यानी 2 हजार 386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन रखी हुई है।




# पंत को भी राहुल जैसी फटकार, बीच मैदान लखनऊ के मालिक गोयनका भड़के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 13वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत भी बल्ले से फ्लॉप रहे और सीजन की अपनी दूसरी हार का सामना किया। इस मैच में मिली हार के बाद लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका और कप्तान ऋषभ पंत की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

तस्वीरों में देखकर ऐसा माना जा रहा है कि लखनऊ की हार के बाद गोयनका ने बीच मैदान पंत को फटकार लगाई। इन तस्वीरों को देखकर फैंस को आईपीएल के पिछले सीजन वाले दिन याद आ गए। जैसे संजीव गोयनका ने सरेआम केएल राहुल को डांट लगाई थी।




### पंत ने सिर झुकाए झेला गुस्सा

इस मैच के बाद सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत और लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है, जिसे देखकर माना जा रहा है कि वह पंत की टीम और उनके खराब प्रदर्शन की वजह से भड़ास निकाल रहे हैं। वैसे संजीव के उंगली उठाने वाली तस्वीर के पीछे की वजह खुद पंत की फ्लॉप बल्लेबाजी हो सकती है। इस दौरान पंत सिर झुकाए गोयनका का गुस्सा झेल रहे थे।




### लखनऊ को मिली हार

लखनऊ को अपने होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम में मंगलवार को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 171 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम ने 2 विकेट खोकर 16.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। पंजाब किंग्स ने सीजन की दूसरी जीत दर्ज की, जबकि लखनऊ की टीम को दूसरी हार मिली।

### राहुल को फटकार की यादें ताजा

सोशल मीडिया पर केएल राहुल और संजीव गोयनका की फोटो को देखकर फैंस खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फैंस उस पल को याद कर रहे हैं जब पिछले आईपीएल सीजन संजीव गोयनका ने बीच मैदान राहुल को फटकार लगाई थी। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने राहुल को आईपीएल 2025 में रिलीज कर दिया था।

### पंत ने तीन मैचों में बनाए सिर्फ 17 रन

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बने ऋषभ पंत, जिन्हें ऑक्शन 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। उनसे हर किसी को कुछ बड़ा करने की उम्मीद थी, लेकिन वह अब तक खेले गए दोनों मैचों में नाकाम रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 17 रन बनाए हैं।

खास खबर

## अय्यर की पारी तीसरे गियर की रॉल्स रॉयस



लखनऊ। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत में शानदार अर्धशतक जमाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना 'तीसरे गियर में रॉल्स रॉयस' से की है। अय्यर ने लगातार दूसरा नाबाद अर्धशतक जमाते हुए 52 रन बनाए जिसके दम पर पंजाब ने 172 रन का लक्ष्य दो विकेट खोकर 16.2 ओवर में हासिल कर लिया। पोटिंग कहा, 'कप्तान ने फिर इसे आसान बना दिया। रॉल्स रॉयस अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रही। इससे ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

आईपीएल : बेंगलुरु को आठ विकेट से दी करारी शिकस्त

# सिराज-किशोर और बटलर का तूफान गुजरात ने बेंगलुरु को उसके घर में रौंदा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मोहम्मद सिराज और साई किशोर की उम्दा गेंदबाजी के बाद जोस बटलर के तूफानी अर्धशतक से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उसके ही घर एम चिन्नास्वामी में आठ विकेट रौंद दी। आरसीबी के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर जीत हासिल की। सिराज ने इससे पहले 19 रन देकर तीन जबकि किशोर ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए।

जोस बटलर की 39 गेंद में छह छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 73 रन की पारी के अलावा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन के साथ उनकी दूसरे विकेट की 75 और शेरफाइन रदरफोर्ड के साथ तीसरे विकेट की 63 रन की अटूट साझेदारी की। इससे पहले आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लिविंगस्टोन ने 40 गेंद में पांच छक्कों और एक चौके से 54 रन की पारी खेलने के अलावा जितेश शर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 और टिम डेविड के साथ सातवें विकेट के लिए 46 रन जोड़कर आरसीबी का स्कोर आठ विकेट पर 169 रन तक पहुंचाया।



### सिराज ने तोड़ा जहीर खान का धांसू रिकॉर्ड

गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे सिराज ने शानदार गेंदबाजी की और तीन विकेट अपने नाम किए। इसी के साथ वह भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को पीछे छोड़ने में सफल रहे। इस मैच में सिराज ने चार ओवरों में सिर्फ 19 रन दिए और तीन विकेट लिए। इसी के साथ वह चिन्नस्वामी स्टेडियम में सबसे ज्यादा आईपीएल विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। पहले इस नंबर पर जहीर खान थे, लेकिन अब सिराज ने उन्हें पीछे कर दिया है। सिराज के अब इस मैदान पर 29 विकेट हो गए हैं। जहीर ने इस मैदान पर 28 विकेट चटकाए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो सिराज | 14 | 13 | 1 | 1 |
| कोहली का प्रसिद्ध बो अरशद | 07 | 06 | 1 | 0 |
| देवदत्त पडिक्कल बो सिराज | 04 | 03 | 1 | 0 |
| रजत पगबाधा बो इशांत | 12 | 12 | 2 | 0 |
| लियाम का बटलर बो सिराज | 54 | 40 | 1 | 5 |
| जितेश का तेवतिया बो किशोर | 33 | 21 | 5 | 1 |
| कृणाल का एवं बो किशोर | 05 | 05 | 1 | 0 |
| टिम डेविड बो प्रसिद्ध | 32 | 18 | 3 | 2 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 169/8
**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-19-3, अरशद 2-0-17-1, प्रसिद्ध 4-0-26-1, इशांत 2-0-27-1, किशोर 4-0-22-2, राशिद 4-0-54-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का जितेश बो हेजलवुड | 49 | 36 | 7 | 1 |
| गिल का लिविंगस्टोन बो भुवनेश्वर | 14 | 14 | 1 | 1 |
| जोस बटलर नाबाद | 73 | 39 | 5 | 6 |
| शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 30 | 18 | 1 | 3 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 17.5 ओवर में 170/2
**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-23-1, हेजलवुड 3.5-0-43-1, दयाल 3-0-20-0, रसिख 3-0-35-0, कृणाल 3-0-34-0, लिविंगस्टोन 1-0-12-0.

### केकेआर का सामना सनराइजर्स से आज



कोलकाता। तीन में से दो मैच हार चुकी गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और पिछले साल फाइनल खेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद गुरुवार को आईपीएल मैच में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा।द केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन तीन मैचों में दो हार के बाद अब टीम का मनोबल थोड़ा गिरा होगा। पिछले सत्र में केकेआर ने सिर्फ तीन मैच गंवाए थे। अब फोकस एक बार फिर ईडन गार्डंस की पिच पर होगा चूंकि आरसीबी से सात विकेट से मिली हार के बाद इसकी काफी आलोचना हुई है।

### महिला राष्ट्रीय शिविर के कोर ग्रुप में 40 खिलाड़ी चयनित

बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने यहां चल रहे राष्ट्रीय शिविर में पिछले दो सप्ताह के प्रदर्शन के आकलन के बाद कोर खिलाड़ियों का समूह 65 से 40 खिलाड़ियों का कर दिया। शिविर बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 23 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें 28 सीनियर खिलाड़ियों की जगह बरकरार है जबकि 12 नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर महलिा राष्ट्रीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय शिविर के पहले चरण में उनके प्रभावी प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। गोलकीपिंग में सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी और माधुरी किंडो हैं।

### प्रभाकरन की नियुक्ति पर कोर्ट ने लगाई रोक


नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगा दी। यह रोक उस याचिका के आधार पर लगाई गई है जिसमें कहा गया है कि उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। अदालत ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस बीच प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगनी चाहिए।

### सैमसन रॉयल्स की कप्तानी के लिए तैयार



बेंगलुरु। संजू सैमसन को इंडियन प्रीमियर लीग में विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से मंजूरी मिल गई है और वह राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच फरवरी में खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली पर चोट लग गई थी जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वह राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में पहले तीन मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे तथा रियान पराग ने उनकी जगह कप्तानी का दायित्व संभाला था।

## खबर संक्षेप



### महासंघों के बीच टकराव खेलों के हित में नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने खेल महासंघों में भीतरी कलह और विवादों पर चिंता जताते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा माहौल खेलों के लिए अच्छा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अपील पर यह टिप्पणी की। बीएफआई ने उसकी चुनाव प्रक्रिया को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान महासंघ के सचिव और कोषाध्यक्ष की ओर से वकील ने कहा कि अपील विधिवत दायर नहीं की गई थी, क्योंकि इसे बीएफआई अध्यक्ष ने बिना किसी अधिकार के दायर किया गया था।

### मुंबई को छोड़कर गोवा के लिए खेलेंगे यशस्वी



मुंबई। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिए खेलना चाहते हैं। एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025-26 सत्र में गोवा के लिए खेलेंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'यह हैरानी की बात है। उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उनसे हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाए और हमने उसका अनुरोध मान लिया।' जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं। तेंदुलकर और लाड 2022 . 23 सत्र में गोवा चले गए थे। लाड हालांकि पिछले सत्र में मुंबई के लिए लौटे हैं।

क्रिकेट

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 83 रन से रौंदकर जीती 3 मैचों की श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

बेन सीयर्स के पांच विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 208 रन पर आउट करके दूसरा एकदिवसीय क्रिकेट मैच 84 रन से जीत लिया और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त भी बना ली।

पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में आउट हो गई। इससे पहले न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 292 रन बनाए जिसमें मिच हे ने 99 रन का योगदान दिया। उन्होंने पारी के आखरी ओवर में दो छक्कों और दो चौकों के साथ 22 रन निकाले लेकिन शतक से एक रन से चूक गए। न्यूजीलैंड ने नेपियर में पहला मैच 73 रन से जीता था। पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ ने सर्वाधिक 73 रन बनाए और नौवे विकेट के लिए नसीम शाह के साथ 60 रन की साझेदारी भी की। नसीम ने 51 रन बनाए। दोनों का यह पहला वनडे अर्धशतक है। न्यूजीलैंड के लिए विल ओराउरकी ने पहले छह ओवर में आठ रन देकर एक विकेट लिया। उनकी गेंद पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान को दो बार लगी। इसके बाद हारिस रऊफ को भी उनका बाउंसर हेलमेट पर लगा। रऊफ कनकशन टेस्ट में नाकाम रहकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और नसीम ने उनकी जगह ली। वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सीयर्स ने पांच विकेट लिए जबकि जैकब डफी को तीन विकेट मिले।

### बीसीसीआई ने दिग्वेश पर लगाया जुर्माना



लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है जिन्होंने आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद 'पत्र लिखने की मुद्रा में ' जश्न मनाया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने राठी को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच इकाना स्टेडियम पर हुए मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता तोड़ने के लिए दंडित किया। आईपीएल ने कहा, 'दिग्वेश सिंह को धारा 2.5 के तहत लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया। उन्होंने मैच रैफरी द्वारा सुनाई गई सजा स्वीकार कर ली है।' यह विवादित जश्न उन्होंने तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर प्रियांश को आउट करने के बाद मनाया ।

### चक्रवर्ती तीसरे स्थान पर खिसके हार्दिक पंड्या नंबर-1 ऑलराउंडर



दुबई। भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि हार्दिक पंड्या बुधवार को जारी ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। चक्रवर्ती 706 रेटिंग अंक के साथ न्यूजीलैंड के जेकब डफी (723) और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707) से पीछे हैं। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (674) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) क्रमशः सातवें और 10वें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य दो भारतीय गेंदबाज हैं। अक्षर पटेल 13वें स्थान पर हैं। भारत के बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट तीसरे स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस का नंबर आता है।

# जदुमणि ने मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह मांडेंगबाम ने ब्राजील के फोज डो इगुआकू में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है लेकिन भारत के तीन अन्य खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 20 वर्षीय जदुमणि ने मंगलवार देर रात 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में पिछले साल के विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को कड़े मुकाबले में 3-2 के विभाजित निर्णय से हराया। सेमीफाइनल में जदुमणि का मुकाबला पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जालिलोव से होगा। इस बीच एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक), निखिल दुबे (75 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र ने कजाकिस्तान के सपरबे डेनियल को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पहले राउंड में सर्वसम्मति से जीत के बावजूद उन्हें आखिर में करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। निखिल स्थानीय खिलाड़ी काउ बेलिनी से 0-5 से हार गए जबकि जुगनू को फ्रांस के अब्दुलाये ट्राओरे के खिलाफ 1-4 के विभाजित फैसले में हार का मुंह देखना पड़ा।

घरेलू मैदान पर हार पर भड़के लखनऊ के मेंटोर जहीर खान

# ऐसा लगा पंजाब के क्यूरेटर ने बनाई है पिच

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

तीन मैचों में से दो हार चुकी लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के मेंटोर जहीर खान ने पंजाब किंग्स से मिली पराजय के बाद इकाना स्टेडियम की पिच की पर भड़ास निकालते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर ने इसे तैयार किया है। असमान उछाल वाली पिच पर 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह के 34 गेंद में 69 रन की मदद से आठ विकेट से जीत दर्ज की।



जहीर ने मैच के बाद कहा, 'मैं इसलिए थोड़ा निराश हूं कि यह घरेलू मैच था और आईपीएल में आपने देखा है कि टीमों को घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा मिलता है। इस लिहाज से मुझे लगता है कि क्यूरेटर ने यह नहीं सोचा कि यह घरेलू मैच है। ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर यहां थे।' लखनऊ सुपर जाइंट्स से जुड़ने से पहले मुंबई इंडियंस के क्रिकेट विकास वैश्विक प्रमुख रहे जहीर ने कहा कि इस वजह से घरेलू प्रशंसकों को अपनी टीम को जीतते देखने का मौका नहीं मिला।

उन्होंने कहा, 'इस पर बात करनी होगी। मेरे लिए यह नई टीम है लेकिन उम्मीद है कि आगे से किसी मैच में ऐसा नहीं होगा क्योंकि आप अपने प्रशंसकों को भी निराश कर रहे हैं। वे यहां पहला घरेलू मैच जीतते देखने की उम्मीद लेकर आए थे।'

### टीम का जीत पर फोकस

जहीर ने कहा, 'यह सत्र का तीसरा मैच है और हमने अक्सर बोला है कि टीम इस सत्र में कैसी है। हम प्रक्रिया पर फोकस कर रहे हैं, नतीजों पर नहीं। हमें कुछ पहलुओं पर काम करना होगा।' भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों की चोटों को लेकर वह चिंतित नहनीं है और अच्छी बात यह है कि हार के बावजूद टीम ने प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं लेकिन हमारी टीम ने इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लिए हैं। पहले दो मैचों में हमने 18 विकेट चटकाए। इस टीम ने अपनी छाप छोड़ी है। आप टीम में लीक से हटकर सोच, जुझारूपन, जीत की भूख देखना चाहते हैं और हम प्रशंसकों को यही देना चाहते हैं।'

भीख मांगने और देने वालों पर होगी कार्रवाई यातायात पुलिस का भी लिया जाएगा सहयोग

# कैमरों की मदद से भिखारियों पर रखी जाएगी स्मार्ट 'नजर'

जिपं सीईओ इला ने भिक्षावृत्ति मामलों पर आयोजित बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में अब भिखारियों की स्मार्ट निगरानी करने के साथ ही भीख लेने व देने वाले के खिलाफ पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए स्मार्ट सिटी के कैमरों की मदद और यातायात पुलिस का सहयोग लिया जाएगा। वहीं, शहर के सभी यातायात सिग्नलों पर भिक्षावृत्ति रोकने संबंधी जागरुकता अभियान चलाकर कलेक्टर व पुलिस आयुक्त के संदेश का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

यह निर्देश जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बुधवार को भिक्षावृत्ति मामलों पर प्रभावी नियंत्रण करने आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए हैं। बता दें कि भोपाल जिले में भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर बीएनएस की धारा 163 के तहत भीख देना व लेना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

## अब सख्ती बरतने की आवश्यकताः इला

जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि भिक्षावृत्ति रोकने के लिए एसडीएम की निगरानी में सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम, नगर निगम और पुलिस विभाग के संयुक्त दल बनाए गए हैं। यह दल निरीक्षण कर भिक्षुकों की पहचान करने के साथ ही भीख देने वालों पर कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन अधिक सख्ती बरतने की आवश्यकता है।



ऐसे में भोपाल स्मार्ट सिटी के यातायात सिग्नलों पर लगे कैमरों की मदद से भिक्षा देने और लेने वाले लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी सिग्नलों पर आडियो-वीडियो विजुअल्स के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कलेक्टर व पुलिस आयुक्त भोपाल का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

### कचरा संग्रहण वाहनों पर भी चलाएंगे संदेश

नगर निगम भोपाल के कचरा संग्रहण वाहन भी भिक्षावृत्ति उन्मूलन संबंधी संदेश चलाएंगे,जिससे आम नागरिकों में यह समझ बढ़े कि भिक्षावृत्ति एक सामाजिक बुराई और अपराध है, जिसकी आड़ में कई बार नशा, असामाजिक और आपराधिक गतिविधियां पनपती हैं।शांति समिति की बैठक में धर्मगुरुओं के माध्यम से भी समाज में जागरुकता का संदेश फैलाया जाएगा। सामाजिक न्याय विभाग जिले के सभी वृत्त क्षेत्रों में कार्यदल गठित करेगा जो इस अभियान को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करेंगे।

विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के भी किए जा रहे प्रयास

# सरकारी स्कूलों में मिलेगी करियर काउंसलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं। उनके पालकों को स्कूल बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की जा रही है।

ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस कार्य के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिए कहा गया है।



### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। कौशल संबंधी कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट दिए जाने का प्रावधान है। यह सर्टिफिकेट पूरे देश में मान्य होता है। इस योजना में भी प्रशिक्षण के बाद ऋण प्राप्त करने की सुविधा है। इस योजना में केन्द्र सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनियों को इस कार्य के लिये अपने साथ जोड़ रखा है। मोबाइल कंपनियां इस कार्यक्रम से जुड़े लोगों को मेसेज करके एक फ्री टोल नंबर देंगी, जिस पर कैंडिडेट को मिस्ड कॉल देना होगा।

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

*इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक को पूरी मदद दी जायेगी।*

## खबर संक्षेप



### ट्रिपल आईटी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भोपाल।** राजधानी स्थित आईआईआईटी के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने एबीवी-आईआईआईटी ग्वालियर में आयोजित 7वीं इंटर आईआईआईटी स्पोर्ट्स मीट में शानदार प्रदर्शन करने पर संस्थान की टीम को बधाई दी। यह मीट 20 से 23 मार्च, 2025 के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें कांस्य पदक हासिल करने के लिए संस्थान की क्रिकेट टीम के साथ अन्य प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने कप्तान सुयश नागर की नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रो. इंचार्ज छात्र कल्याण डॉ. जय त्रिलोक चौधरी, संकाय समन्वयक डॉ. नीरज कुमार और डॉ. अर्पिता भार्गव ने भी टीम की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बच्चों और महिलाओं का अपमान पर केस दर्ज

**भोपाल।** कटनी की रंगनाथ नगर पुलिस ने सोशल मीडिया पर बच्चों और महिलाओं की रील बनाकर अपलोड करने वाले चैनल के आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार रिजवान अहमद सिद्दीकी की शिकायत पर दर्ज किया गया। उन्होंने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि करीब 1 महीने से वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर देख रहे हैं कि कुछ लोग बच्चों बच्चों की रील बनाकर अपलोड कर रहे हैं। रियल में बच्चों से गाली गलौज अभद्र भाषा का प्रयोग करा रहे हैं। देखा जा रहा है कि सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि प्राप्त करने के लिए बच्चों का शोषण किया जा रहा है। इसमें अभद्र वीडियो के कारण बच्चों के दिमाग पर बुरा असर हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले चैनल अक्की पटेल, प्रवीण ठाकुर, सेम कॉमेडी, शिव मोहन शर्मा, डीसी टाको 09 के वीडियो प्रेषित करते हुए एफआईआर दर्ज करने की शिकायत की थी। पुलिस ने इन सभी चैनल के प्रोपराइटरों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शोधार्थी रूपल को एमपी यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड

**भोपाल।** उज्जैन में 27-29 मार्च 2025 के बीच आयोजित 40वें एमपी यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल की शोधार्थी रूपल राय को एमपी यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड (प्रथम पुरस्कार, लाइफ साइंसेज) से सम्मानित किया गया। रूपल राय बायोलॉजिकल साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के मॉलिक्यूलर सिग्नलिंग लैब में डॉ. शिवेंद्र कुमार चौरसिया के निर्देशन में पीएचडी कर रही हैं। यह पुरस्कार मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी) द्वारा उनके उत्कृष्ट शोध कार्य और जीव विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान दिया गया है।

भोपाल कलेक्टर को अपने बीच में पाकर खुश हुए विद्यार्थी, पूछे कई सवाल

# सत्रारंभ के दूसरे दिन 'भविष्य से भेंट': कलेक्टर-सीएमएचओ डीईओ समेत अधिकारी बने शिक्षक,बच्चों को दिए जरूरी टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूलों में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत स्कूल चलें हम अभियान के रूप में हो चुकी है। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन बुधवार को स्कूलों में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्ति, खिलाड़ी, साहित्यकार, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। राजधानी भोपाल में कलेक्टर, सीएमएचओ, डीईओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी स्कूलों में पहुंचे और बच्चों के साथ संवाद किया। बच्चों को पढ़ाया भी।

भोपाल में भी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार टीटी नगर स्थित सीएम राइज कमला नेहरू कन्या उमा विद्यालय पहुंचे। यहां कलेक्टर को अपने बीच में पाकर बच्चे भी खुश हुए और उन्होंने कौशलेंद्र विक्रम सिंह से कई सवाल पूछे। जिसका कलेक्टर ने बेबाकी से जवाब दिया। इस दौरान करीब ढाई घंटे कलेक्टर बच्चों के बीच मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर से अपने कैरियर से संबंधित सवाल पूछे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार को निर्देशित किया कि जो भी स्कॉलरशिप बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जा रही है, उसका एक चार्ट स्कूल में लगाया जाए. जिससे बच्चों को इसकी जानकारी मिल सके। इसके साथ ही स्कूल की प्राचार्या को प्रत्येक कक्षा में एक संवेदनशील शिक्षक को मेंटर के रुप में नियुक्त करने के निर्देश भी दिए।




### बच्ची ने पूछा, आईएएस बनने के लिए क्या करना होगा

कमला नेहरु स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा निकिता कटारिया ने कलेक्टर से पूछा कि वो आईएएस बनना चाहती है। इसके लिए उसे कब से तैयारी शुरु करनी चाहिए. वहीं एक अन्य बच्चे ने पूछा कि उसे क्लैट की तैयारी करना है। लेकिन अच्छे संस्थानों में फीस अधिक लगती है. इसका इंतजाम वह कैसे कर सकता है। ऐसे में कलेक्टर ने बताया कि सरकार की कई ऐसी योजनाएं चल रही हैं, जो बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप प्रदान करती हैं। इसके साथ ही कई निजी ऑर्गनाइजेशन भी बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप देते हैं। कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों सलाह दी कि आपका लक्ष्य है, आप उस पर केंद्रित रहिए। कोर्स की किताबों के अलावा आपको अन्य किताबें भी पढ़ना चाहिए।

## शासकीय हाई स्कूल बालमपुर

### बौद्धिक विकास के साथ स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना भी महत्वपूर्णः सीएमएचओ



राजधानी के शासकीय हाई स्कूल बालमपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने स्कूली बच्चों के साथ पाठ्यक्रम एवं स्वास्थ्य विषयों पर चर्चा की। साथ ही स्कूल प्रबंधन से साप्ताहिक आयरन सप्लीमेंटेशन प्रोग्राम, डिवर्मिंग, कार्यक्रम नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी भी ली। विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि शिक्षा मानसिक, सामाजिक और नैतिक उन्नति की सतत प्रक्रिया है। बौद्धिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शरीर माद्यं खलु धर्म साधनं पर प्रकाश डालते हुए डॉ. तिवारी ने बताया कि शरीर ही कर्तव्यों को पूरा करने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण साधन है, इसलिए स्वयं को स्वच्छ रखना, अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाना, अच्छा खानपान, नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल किया जाए। भारत वीरों और महान विभूतियों की धरती है। बच्चे इन महान आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर आज से ही अपने भविष्य की नींव गढ़ने के प्रयास करते रहें।

## शास. उमावि सीएम राइज, बरखेड़ी



### विद्यार्थियों को लक्ष्य चुनकर प्लान बनाकर आगे बढ़ाने की सलाह

*राजधानी के बरखेड़ी स्थित शास. उमावि सीएम राइज में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसअवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद, प्रोफेसर अशोक शर्मा, भोपाल डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल स्कूल पहुंचे और विद्यार्थियों का कैरियर मार्गदर्शन किया। अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद ने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य चुनकर उस दिशा में योजना बनाकर आगे बढ़ाने की सलाह दी। प्रो. अशोक शर्मा ने नियमित अध्ययन एवं समय के सदुपयोग करने संबंधी अच्छे आदतो के विकास के लिए विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया। डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल ने विद्यार्थियों को पृथ्वी पर मनुष्य की उत्पत्ति का इतिहास बताते हुए मनुष्य के रूप में जन्म को दुर्लभ बताया एवं विद्यार्थियों को मनुष्य के रूप में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।*

बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में करोड़ों की अवैध मेफाड्रोन पकड़ी थी

फरार आरोपियों की तलाश जारी

# एमडी ड्रग्स के प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ 40 पेजों का चालान पेश

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी के बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री से बरामद करोड़ों रुपए की अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) के मामले में एनसीबी नई दिल्ली के सब इंस्पेक्टर हरेन्द्र कुमार डागर ने बुधवार को आरोपी अमित चतुर्वेदी, हरि सिंह अंजना, सान्याल प्रकाश बाने और प्रेमसुख पाटीदार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश मुकेश मलिक के विशेष न्यायालय में चालीस पृष्ठ का चालान पेश किया है।

आरोपी शोएब खान पठान उर्फ शोएब लाला, ओम पाटीदार उर्फ ओमजी पाटीदार और घनश्याम मीणा एनसीबी टीम की पकड़ से दूर हैं। एनसीबी की टीम आरोपियों की सघनता से तलाश कर रही है।

**गुजरात एटीएस और एनसीबी नई दिल्ली की टीम ने कार्रवाई की थी**

उल्लेखनीय है कि 5 अक्टूबर 2024 को गुजरात एटीएस और एनसीबी नई दिल्ली की टीम ने एनसीबी के इंस्पेक्टर कपिल देव के नेतृत्व में राजधानी के बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में छापा मारकर करोड़ों रुपए कीमत की अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद की थी। गुजरात एटीएस और एनसीबी की टीम ने उक्त फैक्ट्री में प्लास्टिक के बोरों के अन्दर बेगनी एवं हल्का भूरा रंग का पावडर जैसा निर्मित पदार्थ बरामद किया था।

### बिना एग्रीमेंट किराए पर ली थी फैक्ट्री

मामले के मुताबिक शोयब लाला के कहने पर ही अमित चतुर्वेदी ने भोपाल के बगरोदा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में एसके सिंह नाम के व्यक्ति की खाली पड़ी फैक्ट्री को बिना एग्रीमेंट किराये पर लिया था। शोएब लाला के द्वारा ही इस पूरी फैक्ट्री के लिए लगने वाला पैसा लगाया गया है तथा सान्याल और अमित को जो भी पैसा मिलता था बह पूरा हवाला के माध्यम से शोएब ही उपलब्ध करवाता था।

### बोरे में 20 किलो के 20 पैकेट रखकर पैक किया जाता

सान्याल बाने द्वारा फैक्ट्री में अवैध मेफाड्रोन बनाने के बाद एक-एक किग्रा के पैकेट बनाकर एक प्लास्टिक के बोरे में 20 किग्रा के 20 पैकेट रखकर उसको पैक किया जाता था। इस नेटवर्क का मास्टर माईंड शोएब खान पठान उर्फ शोएब लाला है। हरीश बने हुए ड्रग को शोएब खान पठान के साथ ले जा कर प्रेमसुख पाटीदार, ओमजी पाटीदार, रब नवाज लाला एवं शानू लाला को सप्लाई करते थे और नगद पैसा ले कर अपना कमीशन काटकर शोएब खान पठान को देता था।

## बोलेरो पिकअप वाहन से शराब की तस्करी, दो तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने सरस्वती नगर मल्टी के पीछे से बोलेरो पिकअप से 20 पेटी शराब जब्त की है। क्राइम ब्रांच ने बोलेरो पिकअप में बैठे दोनों शराब तस्करों पर आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच के अनुसार सूचना मिली कि दो युवक सरस्वती नगर मल्टी के पीछे सफेद रंग की बोलेरो में शराब रखे हुए हैं। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच ने इलाके की घेराबंदी करते हुए पिकअप वाहन में बैठे दो लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ में ड्राइवर सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम दीपक कुचबदिया पिता थान सिंह कुचबदिया (33) अटल अय्युब नगर, गौतम नगर बताया। इसी प्रकार बगल वाली सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम छविकांत सिरोडे पिता अर्जुन सिरोडे (26) एफसीआई गोदाम के पीछे, छोलामंदिर बताया।

पिता को सताने वाले दो बेटों को देना पड़ेगा भरण पोषण

# पिता को घर से भगाने बेटे करते थे प्रताड़ित बहू ने तो सुसर की कर दी थी झूठी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सेमरा कलां में रहने वाले एक बुजुर्ग को उनके बहू-बेटों घर से भगाने के लिए लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। बुजुर्ग पिता द्वारा बनाए गए घर से बाहर निकालने के लिए बेटा और बहू रोजाना दबाव बना रहे थे। इतना ही नहीं बहू ने तो ससुर के खिलाफ थाने में झूठी शिकायत तक दर्ज करवा दी थी।



आए दिन की प्रताड़ना और किसी तरह की कोई मदद नहीं होने से बुजुर्ग मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति हो गया और एसडीएम गोविंदपुरा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनके आवेदन पर सुनवाई करते हुए एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बुधवार को भरण-पोषण अधिनियम के तहत आदेश दिए हैं कि दोनों बेटे पिता को हर महीने एक-एक हजार यानि कुल दो हजार रुपए की आर्थिक मदद उपलब्ध कराएंगे और किसी तरह का कोई दुर्व्यहार नहीं करेंगे। यदि आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो बहू और बेटों पर कार्रवाई की जाएगी।

### यह है मामला

*सेमरा कलां निवासी 62 वर्षीय जागेश्वर दयाल ओझा ने एसडीएम गोविंदपुरा कोर्ट में शिकायत की थी कि उनके बेटे नरेश व दीपक निजी कार्य करते हैं। दोनों बेटे पिता द्वारा बनाए गए मकान में पत्नी सहित रहते हैं। उनके दोनों बेटों के द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है, जबकि बड़े बेटे नरेश की पत्नी आए दिन झगड़ा करती है। बेटे द्वारा भी अपशब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया जाता है। बहू द्वारा थाने में झूठी शिकायतें दर्ज की जा चुकी है। वहीं बड़ी बहू से परेशान होकर छोटा बेटा दीपक अपने परिवार सहित घर छोडकर चला गया है। ऐसे में अब बड़े बेटे नरेश द्वारा घर खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। दोनों बेटे मुझे कोई खर्चा नहीं देते हैं। एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने शिकायत पर सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को बेटे नरेश ओझा, दीपक ओझा को आदेश दिए हैं कि वह पिता जागेश्वर दयाल ओझा को हर महीने एक से 10 तारीख के बीच एक-एक हजार रुपए देंगे।*

एम्स में शुरू हुई इंस्ट्रक्शनल कोर्स वर्कशॉप

# एसीआरएसआई में डॉक्टर्स सीखेंगे सर्जिकल स्टेपलर्स स्टोमा एप्लायंसेज और प्रोक्टोलॉजी में लेजर की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स में जनरल सर्जरी विभाग द्वारा एसोसिएशन ऑफ कोलन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया (एसीआरएसआई) का 28वां इंस्ट्रक्शनल कोर्स और फेलोशिप ऑफ द एसोसिएशन ऑफ कोलोन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया परीक्षा 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। तीन दिवसीय इस इंस्ट्रक्शनल कोर्स में कोलोरेक्टल सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों पर आधारित वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

आयोजक सचिव डॉ. भारती पंडया और भोपाल सर्जीकल सोसाइटी के मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि बुधवार को वर्कशॉप के पहले दिन सर्जिकल स्टेपलर्स पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी दी। वर्कशॉप में सीनियर सर्जन डॉ. योगीराज शर्मा ने पातः फिशर पर व्याख्यान देते हुए नई




जानकारियों से प्रतिभोगियों को रूबरू कराया। डॉ. चुघ ने बताया कि गुरुवार को दूसरे दिन स्टोमा एप्लायंसेज पर और तीसरे दिन शुक्रवार को प्रोक्टोलॉजी में लेजर के उपयोग पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। इन सत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा।

## एसीआरएसआई फैलोशिप प्राप्त करना बड़ी चुनोती

वर्कशॉप में देश और विदेश के जाने-माने कोलोरेक्टल सर्जन्स और विशेषज्ञ इस कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करेंगे। एम्स के सर्जरी विभाग की डॉ. मीना कुमारी, डॉ. अनमोल, डॉ. सवमाया ने बताया कि कोलोरेक्टल सर्जन्स वे विशेषज्ञ डॉक्टर होते हैं, जो बड़ी आंत (कोलन), मलाशय (रेक्टम) और गुदा (एनस) से जुड़ी बीमारियों का निदान और इलाज करते हैं। डॉ. उर्वशी ने बताया कि इंस्ट्रक्शनल कोर्स के बाद एसीआरएसआई फैलोशिप प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों को कड़ी परीक्षा प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### ज्ञान कौशल का मंच

*यह कार्यक्रम कोलोरेक्टल सर्जरी के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस प्रतिष्ठित कोर्स और परीक्षा की मेजबानी करना चिकित्सा शिक्षा और सर्जिकल विशेषज्ञता को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल डॉक्टरों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी देते हैं, बल्कि समाज के व्यापक हित में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में भी सहायक होते हैं।*

*डॉ. अजय सिंह, डायरेक्टर, एम्स भोपाल*

हमीदिया अस्पताल में हुई जटिल सर्जरी

# खाना खाने के बाद पेट में होता था दर्द जांच कराई तो पता चला रेयर सिंड्रोम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में शनिवार को 28 वर्षीय महिला का रेयर सिंड्रोम का ऑपरेशन किया गया। सिंड्रोम इतना रेयर है कि एक लाख में से एक व्यक्ति हो यह परेशानी होती है।

जानकारी के मुताबिक इंदौर के पास सहने वाली युवती लंबे समय से पेट दर्द से पीड़ति थी। उसे खाना खाने के बाद पेट दर्द होना लगता था। यही नहीं कुछ ही महीनों में उसका 10 किला वजन भी कम हो गया था। कई जगह इलाज कराने पर आराम नहीं मिला तो महिला हमीदिया अस्पताल पहुंची। यहां सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. समीर शुक्ला ने पेट की सीटी एंजियोग्राफी करवाई, जिसमें बीमारी पता लगा। डॉ. शुक्ला के मुताबिक पेट में रक्त की सप्लाई करने वाली मुख्य सीलिएक आर्टरी पर दबाव बढ़ रहा था। दरअसल यह आर्टरी रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से (डी12 एल1 इंटरवर्टीकल डिस्क) से होकर निकलती है। डिस्क अपने स्थान से थोड़ा सा खिसक गई थी, जिससे आर्टरी पर दबाव पड़ रहा था। ऐसे में जब भी खाना खाती तो रक्त सप्लाई कम होने से पेट दर्द होने लगता था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कर डिस्क को ठीक किया गया। महिला अब पूरी तरह ठीक है। ऑपरेशन करने वाली टीम डॉ. समीर शुक्ला, डॉ. संजय सिसोदिया, डॉ. नितिन, डॉ. रमेश, डॉ. अभिषेक, डॉ तन्मय और डॉ. मृणालिनी शामिल थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930